वर्ष- 14 अंक - 06
लखनऊ, सोमवार 14 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मिट्टी के गणपति बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश 10
कौशल किशोर ने स्कूल बंद करने का किया विरोध 03

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,54,730/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,41,850/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 1,16,090/10 ग्राम |
| चांदी | = | 3,45,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### पाक सेना पर हमला, 23 से ज्यादा जवानों की मौत

**लासबेला।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एनएच-25 पर सेना के काफिले को विस्फोट कर निशाना बनाया गया। हमले में 23 से ज्यादा जवानों के मारे जाने और कई के घायल होने की खबर है। करीब 15 वाहनों का काफिला कशारी इलाके से गुजर रहा था। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया और राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया। हमले के पीछे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का हाथ होने का संदेह है। पाकिस्तानी सेना ने अभी हताहतों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### गोवा में आप-गोवा फॉरवर्ड का गठबंधन

**पणजी।** 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और गोवा फॉरवर्ड पार्टी ने गठबंधन का एलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने इसे 'गोवा फर्स्ट' नाम देते हुए कहा कि गठबंधन कांग्रेस और भाजपा के सामने तीसरा विकल्प देगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा ने जनता को दो बार धोखा दिया। जीएफपी का नेतृत्व विजय सरदेसाई करते हैं। दोनों दल अब सीट बंटवारे और चुनावी रणनीति पर आगे बढ़ेंगे।

### बंगाल में 252 मदरसे बंद करने का आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्यभर में सर्वेक्षण के बाद 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया है। करीब 100 अन्य मदरसों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों के अनुसार सर्वे में जरूरी सरकारी मंजूरी और बुनियादी ढांचे की कमी मिली। सरकार ने कहा है कि आवश्यक मंजूरी वाले मदरसे चलते रहेंगे। जवाबों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में जबसे भारतीय जनाता पर्टी की सरकार बनी है तबसे अवैध तरीके से संचालित संगठनों और संस्थानों पर कार्रवाई का दौर जारी है। इस क्रम में नई पहल है।

# ब्रिक्स : भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत

## मोदी ने रूस-चीन समेत 12 देशों के नेताओं को एक मंच पर साधा

## दुश्मन देशों को एक मेज पर लाया चीन ने की पहलगाम की निंदा

## एकतरफा शुल्क-प्रतिबंधों का विरोध व आर्थिक सहयोग पर सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के जरिये वैश्विक कूटनीति में अपनी मजबूत मौजूदगी का अहसास कराया है। दो दिन चले सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग समेत 12 देशों के शीर्ष नेता एक मंच पर आए। भारत ने न केवल अलग-अलग ध्रुवों में खड़े देशों को एक मेज पर बैठाया, बल्कि आतंकवाद के मुद्दे पर चीन से पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भी कराई। रविवार को सम्मेलन के समापन के साथ 140 अनुच्छेद वाले दिल्ली घोषणापत्र को सभी सदस्य देशों की सहमति से स्वीकार किया गया।

**19वां ब्रिक्स सम्मेलन चीन में:** 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले ब्रिक्स सम्मेलन के मेजबान चीन को शुभकामनाएं दीं। 2027 में होने वाला 19वां ब्रिक्स सम्मेलन चीन में आयोजित होगा। हालांकि, चीन में सम्मेलन किस शहर में होगा, इसकी घोषणा अभी नहीं हुई है।

**दुनिया वादे नहीं, नतीजे चाहती है : मोदी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के समापन भाषण में वैश्विक सहयोग को परिणामों से जोड़ने पर जोर दिया। उनका संदेश साफ था कि आज की दुनिया केवल बड़े वादे और घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाले परिणाम चाहती है। वैश्विक संस्थाओं और बहुपक्षीय संगठनों की विश्वसनीयता भी इसी बात से तय होगी कि वे अपने फैसलों और घोषणाओं को कितना लागू करते हैं।

**जिनपिंग-मोदी की हाई प्रोफाइल बैठक:** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात वैश्विक कूटनीति की सबसे अहम बैठकों में रही। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध के समाधान में मदद की पेशकश कर यह संकेत दिया कि दुनिया की दो बड़ी एशियाई शक्तियां संघर्ष समाप्त कराने में भूमिका निभाने को तैयार हैं।

**ब्रिक्स का बड़ा संदेश:** 11 सदस्य देशों और 10 साझेदार देशों के शीर्ष नेताओं तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय सम्मेलन में वैश्विक चुनौतियों, सदस्य देशों के सहयोग और साझा भविष्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। सम्मेलन से निकलने वाला सबसे बड़ा संदेश यह रहा कि मतभेदों के बावजूद संवाद और सहयोग के रास्ते खुले रखे जाएं।




रविवार को नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन पर ब्रिक्स देशों के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**1 चीन ने की पहलगाम की निंदा**
भारत के लिए सबसे अहम कूटनीतिक उपलब्धि पहलगाम आतंकी हमले की घोषणापत्र में कड़ी निंदा रही। आतंकवाद के सभी रूपों और उसके वित्तपोषण के खिलाफ साझा कार्रवाई का संदेश दिया गया।

**2 रूस-चीन को एक मंच पर साधा**
भारत ने रूस और चीन जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों के साथ संवाद को आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन से इतर कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत कर भारत के हितों को मजबूती से रखा।

**3 वैश्विक दक्षिण की आवाज बुलंद**
नई दिल्ली ने विकासशील देशों के मुद्दों को ब्रिक्स के एजेंडे के केंद्र में रखा। वैश्विक दक्षिण की भूमिका और उसकी आवाज को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अधिक मजबूती देने पर जोर दिया गया।

**4 संयुक्त राष्ट्र सुधार पर जोर**
घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत को रेखांकित किया गया। विकासशील देशों को वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रतिनिधित्व देने का संदेश गया।

**5 एकतरफा शुल्क-प्रतिबंधों को चुनौती**
ब्रिक्स देशों ने एकतरफा शुल्क व प्रतिबंधों के खिलाफ रुख जाहिर किया। आर्थिक सहयोग व बहुपक्षीय व्यापार को मजबूत करने पर जोर दिया। वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली ताकत के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश की।

### मिनरल्स को हथियार बनाना गलत : मोदी

ब्रिक्स सम्मेलन के समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और विकास के सामने उभर रही चुनौतियों को लेकर स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों को हथियार की तरह इस्तेमाल करना गलत है। ऐसा करने से केवल देशों के बीच प्रतिस्पर्धा नहीं बढ़ती, बल्कि दुनिया की सामूहिक प्रगति भी प्रभावित होती है।

### मोदी-जिनपिंग रुकवाएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध!

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत ने वैश्विक संघर्षों के समाधान को लेकर बड़ी कूटनीतिक पहल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने में मदद और मध्यस्थता की पेशकश की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दोनों नेताओं के इस प्रस्ताव का स्वागत किया है।

### फैमिली फोटो

सम्मेलन की फैमिली फोटो में भी मोदी, पुतिन और जिनपिंग एक ही फ्रेम में नजर आए। तीनों नेताओं की तस्वीरें और उनका सहज अंदाज चर्चा का विषय बने रहे। अलग-अलग रणनीतिक हितों वाले देशों के शीर्ष नेताओं का एक मंच पर आना ब्रिक्स की बहुपक्षीय भूमिका को भी रेखांकित करता है।

## 21 राज्यों में लागू होगा यूसीसी : शाह

- गृहमंत्री ने कहा, 2029 से पहले लागू करने का लक्ष्य

**एजेंसी, मुंबई।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 2029 से पहले भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार वाले सभी 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में यूसीसी पहले ही लागू हो चुका है। आने वाले समय में एनडीए शासित बाकी राज्यों में भी इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा। शाह ने रविवार को कहा कि यूसीसी देश में समान नागरिक कानून की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि 21 राज्यों में इसे किस क्रम में लागू किया जाएगा।

अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक देशव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' चलाने की घोषणा भी की। इसमें भाजपा और उसके सहयोगी दलों के साथ स्वयंसेवी संगठनों तथा आम लोगों की भागीदारी होगी। अभियान को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक ले जाने की तैयारी है। इस बार अभियान को प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने से भी जोड़ा गया है। शाह ने कहा कि 7 अक्तूबर 2026 को नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 वर्ष की जनसेवा पूरी होगी।

## एक परिवार की गलती भुगतता था पूरा यूपी : योगी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक व्यक्ति की गलती की कीमत कभी पूरे संस्थान को चुकानी पड़ती है। इसी तरह एक व्यक्ति और एक परिवार की गलतियों की कीमत उत्तर प्रदेश को पहचान के संकट, अराजकता, भ्रष्टाचार और खराब कानून-व्यवस्था के रूप में चुकानी पड़ी। आज प्रदेश पारदर्शिता और शुचिता के साथ आगे बढ़ रहा है और लोग गर्व से उत्तर प्रदेश का निवासी होने की बात कह सकते हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के



छठे स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंग प्रत्यारोपण इकाई समेत कई अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्ष में प्रदेश में 9.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। नियुक्ति प्रक्रिया में भेदभाव या लेनदेन का आरोप लगाने की कोई गुंजाइश नहीं है। योगी ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों को उपचार के साथ शोध और नवाचार पर भी ध्यान देना होगा। अपने चिकित्सा आंकड़ों को सुरक्षित कर भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करनी होंगी।

### जल्द ही बोन मैरो प्रत्यारोपण होगा शुरू

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू होने से प्रतीक्षा सूची कम करने में मदद मिलेगी। जल्द ही बोन मैरो प्रत्यारोपण भी शुरू होगा। संस्थान रोबोटिक सर्जरी, गामा नाइफ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जांच, उन्नत इमेजिंग और टेलीमेडिसिन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के 10 जिलों में वर्चुअल आइसीयू संचालित हैं। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले प्रदेश में 41 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब यह संख्या 85 हो गई है। एमबीबीएस सीटें 4,690 से बढ़कर 13,600 से अधिक हो चुकी हैं। लोहिया संस्थान भी 20 बेड से बढ़कर 1,400 बेड का सुपर स्पेशियलिटी संस्थान बन चुका है। यहां 1,010 बेड का नया अस्पताल और 350 बेड का ट्रॉमा सेंटर प्रस्तावित है।

## जाकिर का प्रत्यर्पण करेगा मलेशिया!

- मलेशिया ने कानून के शासन व द्विपक्षीय संबंधों के महत्व का दिया हवाला
- भारत पहले ही कर चुका है औपचारिक प्रत्यर्पण का अनुरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत के वांछित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का मुद्दा भारत और मलेशिया के बीच हुई बातचीत में उठा है। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच निजी बातचीत में यह विषय उठता रहा है, लेकिन मलेशिया इस मामले में कानून के शासन और दोनों देशों के संबंधों के हितों का ध्यान रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ेगा।

अनवर इब्राहिम ने शनिवार सुबह पीएम मोदी से मुलाकात के बाद एक साक्षात्कार में यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या दोनों नेताओं की बैठक में जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठा था। इस पर उन्होंने कहा कि निजी चर्चाओं में निश्चित रूप से इस मुद्दे पर संवाद जारी रहता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के हितों की रक्षा के लिए इस विषय को निजी रखना जरूरी है।

### मायावती बोलीं- बीमार नहीं हूं, भ्रम फैला रहे लोग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को अपनी बीमारी को लेकर फैल रही चर्चाओं को खारिज कर दिया। लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह बिल्कुल स्वस्थ हैं और लगातार अपना काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी से निकाले गए कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि वह बीमार हैं। इसी कारण उन्हें बड़े मामलों पर भी सीधे इंटरनेट मीडिया पर जानकारी देनी पड़ रही है। मायावती ने इसका उदाहरण देते हुए कहा कि शनिवार रात 10 :04 बजे पार्टी के प्रभारी आलोक कुमार के पास उनके भतीजे आकाश आनंद का फोन आया था। आकाश ने पूछा कि बहनजी बीमार हैं या नहीं और उनका स्वास्थ्य कैसा है। आलोक कुमार ने उन्हें बताया कि मायावती बिल्कुल ठीक हैं और अपने काम में लगी हैं। इसके बाद आकाश ने उनसे कहा कि यह बात बहनजी को न बताएं।

## राम मंदिर में ज्वाइंट व डिप्टी सीईओ के लिए पैनल तैयार

- तीन-तीन नामों पर चल रहा मंथन, ट्रस्ट की मुहर का इंतजार

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने की तैयारी तेज हो गई है।

एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) जितेंद्र मिश्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब उनकी टीम के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। ज्वाइंट सीईओ और डिप्टी सीईओ के पदों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल तैयार किया गया है। दोनों पदों पर एक-एक नाम का चयन किया जाना है। अब ट्रस्ट की अंतिम मंजूरी का इंतजार है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों पदों के लिए तैयार पैनल पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव गोविंद देव गिरि की सहमति के बाद अंतिम स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा है। ट्रस्ट की बैठक में इन नामों पर मुहर लग सकती है।

### नोएडा डीएम ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

**समृद्धि न्यूज, नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें छात्रा आकृति चौधरी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में रखने की कार्रवाई को अवैध ठहराते हुए पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया गया था। हाई कोर्ट ने यह राशि डीएम और मामले के लिए जिम्मेदार अन्य अधिकारियों के वेतन से काटने को कहा था। मामला अप्रैल 2026 में नोएडा में मजदूरों के वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन से जुड़ा है। दिल्ली विश्वविद्यालय की 25 वर्षीय इतिहास स्नातक छात्रा आकृति चौधरी को प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 13 मई को उत्तर प्रदेश पुलिस ने आकृति चौधरी और सामाजिक कार्यकर्ता-पत्रकार सत्य वर्मा पर एनएसए लगाया था।

## अफगानिस्तान को 7 विकेट से भारत ने दी पटखनी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने पहले टी-20 मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 156 रन बनाए।
जवाब में भारतीय टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 13.4 ओवर में ही तीन विकेट खोकर 157 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की जीत के नायक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रहे। उन्होंने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 32 गेंदों पर 82 रन की शानदार पारी खेली। अभिषेक शर्मा की पारी में सात चौके और सात छक्के शामिल रहे। उन्होंने शुरुआत से ही अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया और भारतीय टीम को तेज शुरुआत दिलाई और जीत का मार्ग प्रशस्त किया

## महिला एशिया कप फाइनल में भारत की पारी लड़खड़ाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दुबई में भारत और श्रीलंका के बीच महिला एशिया कप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 18 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 63 रन बना लिए हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा इस समय क्रीज पर हैं और टीम को संभालने की कोशिश कर रही हैं। भारत को शुरुआती दौर में बड़ा झटका लगा। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 59 रन बनाकर रनआउट हुईं। इससे पहले शेफाली वर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 68 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने महज 24 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो महिला एशिया कप में सबसे तेज अर्धशतक है।

**श्रमिक कल्याण**

### निर्माण श्रमिकों को रोजगार व कल्याण सेवाएं मिलेंगी ऑनलाइन, उपकर संग्रह और निगरानी भी होगी डिजिटल

## दिल्ली, बिहार, बंगाल समेत 9 राज्यों में शुरू होगा डिजिटल लेबर चौक

**एजेंसी, मुंबई।**

निर्माण श्रमिकों को रोजगार के अवसर और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार श्रम सेवाओं को डिजिटल बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में महाराष्ट्र, तेलंगाना, दिल्ली, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में डिजिटल 'लेबर चौक' शुरू किए जाएंगे। 11 और 12 सितंबर को मुंबई में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इसकी पहल शुरू की।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, डिजिटल लेबर चौक का उद्देश्य भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों (बीओसीडब्ल्यू) को रोजगार से जुड़ी सेवाएं डिजिटल माध्यम से आसानी से उपलब्ध कराना है। इससे श्रमिकों और रोजगार उपलब्ध कराने वाली व्यवस्था के बीच संपर्क को आसान बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी सेवाओं तक उनकी पहुंच भी बेहतर होगी।




निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए जुटाए जाने वाले उपकर की निगरानी को भी डिजिटल किया जाएगा। मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल सम्मेलन के दौरान बीओसीडब्ल्यू उपकर जमा करने और उसकी निगरानी के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू करेंगे। निर्माण कार्यों पर लगाए जाने वाले इस उपकर से मिलने वाली राशि का उपयोग निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं में किया जाता है।

ऑनलाइन व्यवस्था से उपकर जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ उसकी निगरानी अधिक प्रभावी तरीके से की जा सकेगी। सरकार का जोर यह सुनिश्चित करने पर है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए जुटाई जाने वाली राशि का बेहतर प्रबंधन हो और उसका लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंच सके।

डिजिटल लेबर चौक के साथ बिहार और पश्चिम बंगाल में 'लेबर चौक-सह-सुविधा केंद्र' भी शुरू किए जाएंगे। ये जमीनी स्तर पर स्थापित केंद्र होंगे, जहां निर्माण श्रमिकों को रोजगार और कल्याण से जुड़ी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस तरह डिजिटल व्यवस्था के साथ उन श्रमिकों के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधा केंद्र भी उपलब्ध होंगे, जिन्हें ऑनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल करने में परेशानी हो सकती है।

डिजिटल लेबर चौक, लेबर चौक-सह-सुविधा केंद्र और ऑनलाइन बीओसीडब्ल्यू उपकर पोर्टल की पहल नवंबर 2025 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में शुरू की गई थी। मुंबई में हो रहे सम्मेलन में इन पहलों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू करने की प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन में निर्माण श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा, कल्याण और रोजगार के अवसर पहुंचाने में आ रही कमियों की पहचान की जाएगी। इन्हें दूर करने के लिए जरूरी कदम तय किए जाएंगे। राज्यों को डिजिटल पहलों को लागू करने के दौरान सामने आए अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलेगा।

इसके अलावा जिन राज्यों ने श्रमिकों के लिए बेहतर व्यवस्था या प्रभावी तरीके अपनाए हैं, उनका अध्ययन कर दूसरे राज्यों में भी उन्हें लागू करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। केंद्र का प्रयास है कि डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाई जाए।

### विनोद साहनी हत्याकांड ने पकड़ा राजनैतिक तूल

# पुलिस ने चंद्रशेखर को रोका, धरने पर बैठे

- साहनी हत्याकांड की हो सीबीआई जांच हो : सांसद
- राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सी पर लगी वाहनों की लंबी कतार



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

मृतक विनोद साहनी के परिजनों से मिलने जा रहे नगीना सांसद चन्द्रशेखर को पुलिस ने बुढ़वल मोड़ के पास रोक दिया। दूसरे पक्ष के सैकड़ों लोग और समर्थक भी पहले से तैयारी के तहत स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ आमने सामने आ गये। काफी देर तक नारेबाजी तथा बहस होती रही।

एक तरफ चंद्रशेखर आजाद के समर्थक तो दूसरी ओर अमित सिंह आजाद राघवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने चंद्रशेखर आजाद मुर्दाबाद और रोहिणी घावरी को इंसाफ दो जैसे नारे लगा रहे थे। कोतवाल अरुण प्रताप सिंह की सक्रियता के चलते यह विवाद कोई बड़ा रुप नहीं ले सका।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दोनों पक्षों के कार्य कर्ताओं को अलग किया। चंद्रशेखर आजाद को निरीक्षण भवन के पास ले जाया गया जहां वह सड़क के बीच बैठकर अपना विरोध जताते रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सी पर इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित रहा। उनका कहना था कि कोई विवाद नहीं तो यहां क्यों रोका गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की मौजूदगी में कुछ लोगों ने उनकी गाड़ियों और कार्यकर्ताओं पर पत्थर जूते फेंके है। ऐसी घटनाओं से यह महसूस होता है कि प्रदेश में दलितों और पिछड़ों को न जीते जी न्याय मिल रहा है और न मरने के बाद। आजाद ने कहा कि साहनी के हत्या सीबीआई जांच करें। परिवार की सुरक्षा एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग सरकार पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि तीन आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। छह-सात आरोपी भी अभी घूम रहे हैं। उनकी मांग है कि निष्पक्ष जांच हो जिसमें कोई निर्दोष न फंसे। उन्होंने कहा सरकार की आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है और आलोचना करने पर किसी की हत्या नहीं होनी चाहिए।

पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक आवाज उठाते रहने की बात कही। सड़क मार्ग के बीच सांसद करीब एक घंटे तक बैठे रहे उसके बाद उनको बैक फुट आना पड़ा और वह कार्यकर्ताओं के साथ राजधानी की ओर वापस चलें गये।

## लंबित मामलों का प्राथमिकता से होगा निस्तारण : राज्यमंत्री

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि जनपद न्यायालय कर्मचारियों की लंबित सेवा संबंधी मांगों को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर प्राथमिकता से निस्तारण कराने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। रविवार को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की जिला शाखा के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष कमेंद्र विक्रम के नेतृत्व में राज्यमंत्री को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने वर्षों से लंबित सेवा संबंधी मामलों में शीघ्र निर्णय की मांग की। संघ ने जिला न्यायालय सेवा नियमावली में संशोधन, संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि व नियमितीकरण, समाप्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद के पुनर्सृजन, लिपिकीय कर्मचारियों को राजपत्रित दर्जा देने तथा मकान किराया भत्ता दरों के पुनरीक्षण की मांग उठाई। अध्यक्ष ने बताया कि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं होने पर दो अक्टूबर को तिरंगा यात्रा और 25 अक्टूबर को लखनऊ में शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया जाएगा।

## गांधी के विचारों की मशाल जला रहा बाराबंकी : गोप



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और मानवीय मूल्यों की जरूरत आज पहले से अधिक महसूस की जा रही है। ऐसे समय में बाराबंकी पिछले 49 वर्षों से महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और भाईचारे के विचारों की मशाल जलाए हुए है। यह बात गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने गांधी जयंती सप्ताह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कार्यक्रम का पोस्टर जारी कर आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

गोप ने कहा कि गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा के प्रयास से वर्ष 1978 में शुरू हुई गांधी जयंती समारोह की परंपरा इस वर्ष 49वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। एक से सात अक्टूबर तक गांधी भवन, देवा रोड में गांधी जयंती सप्ताह आयोजित होगा। इस दौरान गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ शांति, एकता और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गांधी जयंती सप्ताह केवल वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और गांधीवादी मूल्यों को जीवंत बनाए रखने का अभियान है। संघर्ष, हिंसा और विभाजन के दौर में गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। ट्रस्ट के संयोजक राजनाथ शर्मा ने कहा कि वर्ष 1978 से निरंतर आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम अब सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है।

तीन पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा समाज में शांति, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत कर रही है। आयोजन का उद्देश्य गांधी को श्रद्धांजलि देने के साथ उनके विचारों को सामाजिक जीवन का हिस्सा बनाना है। कार्यक्रम अध्यक्ष मो. उमैर किदवई ने बताया कि सप्ताह के दौरान सामाजिक सद्भावना सम्मान, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा, कौमी एकता एवं सांप्रदायिक सौहार्द संगोष्ठी, गांधी भजन, बाल प्रतियोगिताएं, हॉकी टूर्नामेंट, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता अभियान होंगे। बैठक में अताउर्रहमान, रियाज, विजय, अशोक, हुमायूं नईम खान, मृत्युंजय, शिवशंकर, हाजी शमीम, अनवर महबूर्ब, सलाहउद्दीन समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### लूट के तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने लूट की घटनाओं में शामिल तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गए जेवर बेचकर प्राप्त 17,200 रुपये नगद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस टीम ने रीगल होटल के पास से फरमान उर्फ राहिल निवासी कैम्पल रोड, थाना सहादतगंज, लखनऊ, अब्दुल्ला कामरान और अब्दुल समद निवासी अपियानगर किशोरगंज, थाना सहादतगंज, लखनऊ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 28 अगस्त 2026 को सफेदाबाद क्षेत्र में एक महिला के कान का सोने का बाला लूटा था। इसके अलावा लखनऊ के तालकटोरा क्षेत्र में सीएमएस वाली गली के पास ई-रिक्शा सवार महिला के कान की बाली भी लूटी थी। आरोपियों ने बताया कि लूटे गए जेवर बेचकर मिली रकम आपस में बांट ली थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नहर किनारे कार में मिला मोबाइल दुकानदार का शव

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा क्षेत्र के खैरा कनकू गांव के पास बिशनपुर के निकट रविवार सुबह नहर किनारे खड़ी कार में मोबाइल दुकानदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने सुबह करीब नौ बजे सुनसान स्थान पर कार खड़ी देखी। ड्राइविंग सीट पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। वाहन संख्या यूपी 32 केई 5997 के विवरण से कार मुकेश वर्मा पुत्र ओमप्रकाश, निवासी देहरामऊ, थाना गोसाईगंज, लखनऊ के नाम पंजीकृत मिली। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पत्नी तरुण चौधरी ने शव की पहचान मुकेश के रूप में की। परिजनों के अनुसार, मुकेश गोसाईगंज में मोबाइल की दुकान चलाते थे। शनिवार सुबह दुकान के लिए निकले थे और शाम को बातचीत के बाद उनका मोबाइल बंद हो गया। परिजनों ने बताया कि वह कैंसर से पीड़ित थे और इलाज के लिए खेत बेच चुके थे। खेत की बिक्री की रकम नहीं मिलने तथा मांगने पर धमकी दिए जाने से भी वह परेशान थे। इस मामले में गोसाईगंज थाने में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं, जबकि कार में उल्टी के निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### कच्ची दीवार गिरने से बुजुर्ग महिला की दबकर मौत

**बेलहरा-बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के क्योटली गांव में शनिवार सुबह कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिरने से उसके मलबे में दबकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला छप्परनुमा मकान में अकेली रहती थीं। घटना की सूचना पर तहसीलदार मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद दैवीय आपदा के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी दी, लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। थाना क्षेत्र के क्योटली निवासी बउरे की पत्नी सुमरिता (80) छप्परनुमा कच्चे मकान में अकेली रहती थीं। शनिवार सुबह करीब नौ बजे मकान की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर फतेहपुर तहसीलदार वैशाली अहलावत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली और पोस्टमार्टम कराने के बाद दैवीय आपदा के तहत मिलने वाले सरकारी लाभ के बारे में बताया। हालांकि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

### नदी में स्नान करने गया अधेड़ डूबा, मौत

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के चौकी बैवाही अंतर्गत ग्राम पंचायत डल्लापुरवा के मजरा बहिरपुरवा में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अंतिम संस्कार में शामिल होने गए एक अधेड़ की नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी हरद्वारी पुत्र शंकर रविवार को एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नदी किनारे गया था। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद हरद्वारी नदी में स्नान करने लगा। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते पानी में डूब गया।अधेड़ को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक लोग उसके पास पहुंचते, तब तक वह गहरे पानी में समा चुका था। काफी प्रयास के बाद युवक को बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना इलाकाई पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## चालक को झपकी आई, डंपर में घुसी रोडवेज बस, चार गंभीर

- बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त
- डंपर से टकराते ही मची चीख-पुकार
- बस में करीब 25 यात्री थे सवार
- हादसे के कारण की जांच में जुटी पुलिस



**मामूली घायल यात्रियों को उपचार के बाद भेजा**

बस में सवार अन्य यात्रियों को भी चोटें आईं, लेकिन उनकी हालत गंभीर नहीं थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और बस चालक को झपकी आने की बात समेत दुर्घटना के अन्य कारणों की पड़ताल की जा रही है।

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

लखनऊ-बहराइच मार्ग पर रविवार सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में महिला परिचालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। बाकी यात्रियों को मामूली चोटें आईं। हादसा कोतवाली देहात क्षेत्र में टेड़वा बसंतपुर के पास सुबह करीब 6 बजे हुआ। बस कानपुर से बहराइच आ रही थी। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सभी गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

रोडवेज बस टेड़वा बसंतपुर के पास पहुंची तो सड़क किनारे गिट्टी लदे डंपर से टकरा गई। टक्कर में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया। घायल यात्री बाबूलाल प्रजापति ने बताया कि चालक को झपकी आ गई थी, जिससे बस अनियंत्रित होकर डंपर से जा टकराई। हालांकि पुलिस हादसे के वास्तविक कारण की जांच कर रही है।

हादसे में महिला परिचालक मुमताज (44), संदीप यादव (19), बाबूलाल प्रजापति (30) और तिलकराम (18) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुमताज पीलीभीत की ईदगाह कॉलोनी की रहने वाली हैं। संदीप कुट्टी बाजार तिलकपुरवा, बाबूलाल रत्तापुर और तिलकराम तिलकपुरवा, रानीपुर के निवासी हैं।

सभी गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। ड्यूटी पर तैनात ईएमओ डॉ. आशीष वर्मा ने बताया कि महिला परिचालक मुमताज की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम सभी घायलों की निगरानी कर रही है।

## उपाध्यक्ष दिनेश सिंह का हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

भाजपा अवध क्षेत्र के नवनियुक्त उपाध्यक्ष दिनेश सिंह का स्वागत

हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज़। भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के नवनियुक्त उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह के प्रथम आगमन पर ककरी स्थित मां पीताम्बरा एचपी पेट्रोल पंप एवं सीएनजी स्टेशन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह के नेतृत्व में हुआ।

इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने दिनेश सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की कामना की। स्वागत समारोह में मां पीताम्बरा की कृपा एवं प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद के प्रतीक स्वरूप उन्हें श्रीराम दरबार का चित्र भेंट किया गया।



उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि दिनेश सिंह के नेतृत्व में अवध क्षेत्र में भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रधान त्रिवेदीगंज प्रेमनारायण दीक्षित, अवधेश सिंह चंदेल, सुरेश अवस्थी, प्रधान सचिन सिंह, अजय प्रताप सिंह चौहान, रणविजय, आदित्य, अतुल, नीरज, ज्ञान सिंह, राजन, मोहित, गौरी शंकर मौर्य एवं अमरेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पृथ्वीनाथ मंदिर रवाना हुए कांवड़िये

- कजरी तीज पर होगा जलाभिषेक
- पुरैना नहर चौराहे पर पुलिस का पहरा

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



कजरी तीज की पूर्व संध्या पर रविवार को सरयू नदी से जल भरने के लिए कांवड़ियों की भीड़ उमड़ पड़ी। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के भगड़वा स्थित सरयू तट से जल लेकर शिवभक्त कांवड़ के साथ पृथ्वीनाथ मंदिर के लिए पैदल रवाना हुए।

कांवड़िये गंगवल बाजार, पयागपुर और विशेश्वरगंज होते हुए पुरैना नहर चौराहा पहुंच रहे हैं। यहां से श्रद्धालु पृथ्वीनाथ मंदिर पहुंचकर सोमवार को कजरी तीज पर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ से मार्ग पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवा वस्त्र और कांवड़ लेकर गुजरते शिवभक्तों का जत्था लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न मार्गों से आने वाले कांवड़ियों के कारण पुरैना नहर चौराहे पर शाम को श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ जुटी। भीड़ को देखते हुए पुलिस मुस्तैद रही। पुलिसकर्मी लगातार मार्ग और यातायात व्यवस्था पर नजर बनाए रहे, ताकि कांवड़ियों को आवागमन में परेशानी न हो।

## विस्थापित परिवारों के लिए विकसित किये जा रहे स्मार्ट ग्राम

- भरतपुर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण
- 136 आवासों के सापेक्ष 30 आवासों की पड़ गई है छत

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की गोद में बसे जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के विस्थापित परिवारों के लिए ग्राम सेमरहना में विकसित किये जा रहे स्मार्ट गांव भरतपुर का नवागंतुक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर प्रगति का जायज़ा लिया।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभाग अपने अपने हिस्से की आहूति डालकर भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट ग्राम का निर्माण करने में निरन्तर अग्रसर हैं।

भरतपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विस्थापित परिवारों के लिए निर्मित होने वाले 136 आवासों के सापेक्ष 30 आवासों की छत पड़ गई है। डीएम को जानकारी दी गई कि विस्थापित परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्मित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये भूमि चिन्हित कर ली गई तथा निर्माण कार्य के लिए टेण्डर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री मंशानुरूप सभी कार्यों को निर्धारित मानक एवं उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाय। निरीक्षण के दौरान विद्युत, लोक निर्माण व अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा भी स्मार्ट ग्राम में सुविधाओं के विकास कार्य प्रगति पर है।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश ग्राम की महिलाओं को रोज़गार से जोड़ने का प्रयास किया जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी चन्द्रभान सिंह, तहसीलदार व खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 53,288 मामलों का निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को सिविल न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में लंबित और वाद पूर्व मामलों का निस्तारण किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशपाल वर्मा ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय में नियत 14,432 वादों में से 7,110 का निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व न्यायालयों में नियत 46,178 वादों का शत-प्रतिशत निस्तारण हुआ। इस प्रकार कुल 53,288 मामलों का निस्तारण करते हुए करीब 11 करोड़ रुपये की धनराशि का समाधान किया गया। परिवार न्यायालय में 154 मामलों में से 79 का निस्तारण करते हुए 41.04 लाख रुपये का समाधान किया गया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में 49 में से 33 मामलों का निस्तारण कर 3.50 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का समाधान हुआ। विभिन्न न्यायालयों में फौजदारी, दीवानी, मोटर वाहन अधिनियम और अन्य प्रकृति के मामलों का भी निस्तारण किया गया तथा अर्थदंड की धनराशि वसूल की गई। लोक अदालत में आने वाले लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई और जरूरत के अनुसार दवाओं का वितरण किया गया। जिला कारागार के प्रशिक्षित बंदियों द्वारा तैयार अगरबत्ती लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। श्रम विभाग की ओर से रोजगार, स्थानीय उत्पाद और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदर्शनी भी लगाई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने और त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने का अवसर मिला। बड़ी संख्या में मामलों के निस्तारण से लोगों को लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया से भी राहत मिली।

## अस्वच्छ हाथों से फैल सकता है दस्त का संक्रमण, साबुन से हाथ धोना जरूरी

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



बच्चों को दस्त एवं संक्रमण से बचाने के लिए हाथों की स्वच्छता बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि हाथों पर मौजूद कीटाणु दिखाई नहीं देते, लेकिन भोजन या मुंह के संपर्क में आने पर संक्रमण फैला सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि भोजन से पहले, शौचालय के उपयोग के बाद और बच्चे को खाना खिलाने से पहले साबुन व साफ पानी से हाथ धोने की आदत संक्रमण से बचाव का सरल उपाय है। अभिभावक बच्चों को भी नियमित रूप से हाथ धोने के लिए प्रेरित करें। दस्त होने पर बच्चे को पर्याप्त तरल पदार्थ और ओआरएस दें तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लें। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि स्वच्छ हाथ संक्रमण से बचाव की पहली कड़ी हैं।

## कजरी तीज पर खिले वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के चेहरे, 102 वृद्धजनों को बांटे वस्त्र व फल

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



सदर ब्लॉक के आवर स्थित वृद्धाश्रम में कजरी तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज सेविका शिवांगी सिंह ने आश्रम पहुंचकर 102 बुजुर्गों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं और उन्हें अंगवस्त्र व फल वितरित किए।

इस दौरान 32 बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी तथा 70 बुजुर्ग पुरुषों को कुर्ता-पायजामा प्रदान किया गया। सभी वृद्धजनों को फल भी वितरित किए गए। त्योहार के अवसर पर नए वस्त्र पाकर बुजुर्गों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने शिवांगी सिंह को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। शिवांगी सिंह ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उनका हाल-चाल जानना चाहिए और त्योहारों की खुशियों में उन्हें शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के प्रबंधक राजित राम विश्वकर्मा, राजीव कुमार सिंह, रितेश सिंह, दूधनाथ, वेद प्रकाश, ग्राम प्रधान एमडी यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## हिंदी गौरव सम्मान से नवाजे गए दीपक कुमार चौहान



**समृद्धि नयूज, बलरामपुर।** हिंदी साहित्य के क्षेत्र में निरंतर लेखन और साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान के लिए 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के वरिष्ठ सहायक दीपक कुमार चौहान को हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वर्थी वेलनेस फाउंडेशन की ओर से प्रदान किया गया। टेढ़ी बाजार निवासी मन्नू लाल चौहान व चुन्नी देवी के पुत्र दीपक कुमार चौहान वर्ष 1999 से हिंदी साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके साहित्यिक लेख और शोध-पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकाशित एवं प्रस्तुत हो चुके हैं। लेखन के साथ वह साहित्यिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी और प्रभावी वक्ता के रूप में भी पहचान बना चुके हैं।

## मिशन-2027 : बूथ स्तर पर बसपा की नई रणनीति

- कटेहरी में सेक्टर एवं बूथ स्तरीय बैठक आयोजित
- पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**समृद्धि न्यूज, अंबेडकरनगर।**



मिशन-2027 को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने चुनावी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के सेक्टर विद्युत नगर अंतर्गत फत्तेपुर में सेक्टर एवं बूथ स्तरीय बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अयोध्या मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि वर्ष 2027 की चुनावी लड़ाई मजबूत संगठन, अनुशासित कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर की सक्रियता के दम पर लड़ी जाएगी।

उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में छात्रों का भविष्य चिंता का विषय बना हुआ है। सरकारें शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं हैं, जिसके कारण कम उम्र के छात्र भी अपने भविष्य को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं और आगामी चुनाव में बसपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटें।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अयोध्या मंडल प्रभारी अरविंद गौतम ने कहा कि चुनावी सफलता का रास्ता बूथ से होकर गुजरता है। प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभानी होगी। उन्होंने संगठन की कमजोर कड़ियों को चिन्हित कर उन्हें मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान विधानसभा कटेहरी के संगठन में आंशिक फेरबदल करते हुए श्रीकांत वर्मा को विधानसभा उपाध्यक्ष तथा कुलदीप तिवारी को विधानसभा कोषाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई। नए पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर मंडल प्रभारी सभाजीत, जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद अकरम, जिला सचिव राधेश्याम राजभर, रामबहोर राव, विशाल वर्मा, भानु प्रकाश मौर्य, आजाद राजभर प्रधान, कुलदीप तिवारी, दिलीप कुमार, जंग बहादुर, गुड्डू, आदिल बेग, सोनू विश्वकर्मा, रविंद्र गौड़, संदीप राजभर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2410544 का अंक सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**गुड़िया देवी पुत्री जगदीश प्रसाद निवासी टेण्डवा महंत इकौना श्रावस्ती।**

**सूचना**

सर्वसाधारण की सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 215872255 में मेरा नाम अरुण कुमार मिश्रा पुत्र नरेंद्र कुमार मिश्रा अंकित है तथा मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में तरुण पुत्र नरेंद्र शास्त्री अंकित है। यह दोनों नाम मेरे और मेरे पिता जी के है। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में तरुण पुत्र नरेंद्र शास्त्री अंकित किया जाए।

**अरुण कुमार मिश्रा उर्फ तरुण पुत्र नरेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ नरेंद्र शास्त्री ग्राम हेमनापुर पोस्ट जैतापुर जिला बहराइच**

**7905511341**

# सनातन की पताका से भारत अजेय : योगी

- ऊंचाहार में शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन पहुंचे मुख्यमंत्री
- बोले- शिव भक्ति सांस्कृतिक-आध्यात्मिक एकता का आधार



समृद्धि न्यूज लखनऊ/रायबरेली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ऊंचाहार में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कहा कि जब तक भारत की धरती पर पावन कथाओं की परंपरा चलती रहेगी, सनातन की ध्वजा कभी झुकने नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन की पताका ऊंची रहेगी तो भारत का कोई बाल बांका नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव की भक्ति भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का आधार है। हिमालय से रामेश्वरम तक स्थित ज्योतिर्लिंग देश की एकात्मकता का दर्शन कराते हैं।

कथा स्थल पर वेदपाठी बटुकों ने शंखनाद और डमरू की मंगल ध्वनि के बीच मुख्यमंत्री का स्वागत किया। खाद्य एवं रसद मंत्री और ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने शॉल, श्रीफल और गंगाजल से उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने व्यासपीठ को नमन कर कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म ने धर्म को केवल पूजा पद्धति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज की जीवन शक्ति, व्यक्ति के कर्तव्य और राष्ट्र की प्रेरक शक्ति माना है। भगवान शिव लोकमंगल के देवता हैं, जो लोककल्याण के लिए विष तक धारण कर लेते हैं। उन्होंने पावन कथाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई।

### ज्योतिर्लिंग सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं

सीएम योगी ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वेशभूषा, खान-पान और रहन-सहन भले अलग हों, लेकिन शिव भक्ति का भाव एक है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक ज्योतिर्लिंग सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं। तुलसीदास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रामकथा और रामलीलाओं ने कठिन कालखंड में समाज की चेतना को जीवित रखा। उन्होंने कहा कि अयोध्या मर्यादा, काशी चेतना, मथुरा-वृंदावन भक्ति और प्रयागराज समरसता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए मंत्री मनोज पांडेय और उनके परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऊंचाहार में विरासत और विकास की यात्रा साथ-साथ आगे बढ़ रही है। सीएम योगी ने श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा के संदेश जीवन में उतारने की शुभकामनाएं दीं और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ संबोधन समाप्त किया।

# छह दिन थमेगा भारी बारिश का दौर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश में मौसम के रुख में तेजी से बदलाव देखने को मिल सकता है। रविवार को आसमान साफ होने और धूप होने से कुछ दिन के लिए भारी बारिश पर ब्रेक लगने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार प्रदेश के कई इलाकों में अगले कुछ दिनों में हल्की बारिश और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है और इसका असर पडोसी राज्यों पर भी दिखाई पड़ सकता है।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 13 और 14 सितंबर को उत्तर प्रदेश के सिर्फ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है, लेकिन इसके बाद 15 से 17 सितंबर की अवधि में उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाकों में बारिश का दायरा बढ़ने के आसार हैं। 18 और 19 सितंबर को फिर से केवल एक-दो स्थानों पर बारिश की संभावना है। उन्होंने आज शाम को बताया कि उत्तरी-पश्चिमी व पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बने निम्न दबाव क्षेत्र के पिछले 48 घण्टों के दौरान पश्चिम-उत्तर-पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ते हुए आज शाम दक्षिणी-पश्चिमी मध्य प्रदेश एवं संलग्न उत्तरी विदर्भ के ऊपर संकेन्द्रित होने से मानसूनी द्रोणी के अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण में मध्य भारत की ओर खिसकने से प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। ऐसे में आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोई प्रभावी वर्षा नहीं होने से उक्त निम्न दबाव क्षेत्र के पश्चिम-उत्तर-पश्चिमी दिशा में दक्षिण राजस्थान एवं उत्तरी गुजरात की ओर आगे बढ़ेगा। अरब सागर से नमी मिलने से उत्तरवर्ती 48 घंटो के दौरान इसमें आंशिक बढ़ोत्तरी के बाद फिर उत्तरोत्तर कमी आएगी और 18 सितंबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क हो जाने की सम्भावना दिख रही है।

## खबरें एक नजर में

### नशाखोरी युवाओं के भविष्य पर संकट : तिवारी



**लखनऊ।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) अवध प्रान्त की मार्गदर्शक मण्डल की बैठक रविवार को शांति उपवन लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में विहिप के केंद्रीय मंत्री एवं प्रवक्ता अशोक तिवारी ने युवाओं में बढ़ती नशाखोरी तथा जनसंख्या संबंधी बदलते सामाजिक परिदृश्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। अशोक तिवारी ने कहा कि नशाखोरी युवाओं के भविष्य के साथ-साथ परिवार और समाज के लिए भी गंभीर चुनौती बनती जा रही है। युवाओं को नशे से दूर रखने तथा उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। विहिप की युवा शाखा बजरंग दल तथा दुर्गा वाहिनी के माध्यम से नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता से जुड़े अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें राष्ट्र एवं समाज के प्रति सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है।

### जालसाज गिरफ्तार, भेजा जेल

**लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस ने फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल तैयार कर दूसरे की जमीन को अपने नाम कराने वाले जालसाज को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया मोहनलालगंज तहसील के बिरसिंहपुर में स्थित गांटा-65 में स्थित शिवकुमार की पैतृक जमीन को फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल तैयार कर वरासत करा अपने नाम कराने वाले जालसाज लवकुश निवासी नेवलखेड़ा थाना मोहनलालगंज को रविवार को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### जयकारों से गूंजा इमलियाखेड़ा

**लखनऊ।** सिसेंडी के इमलिया खेड़ा गांव में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्थापित रामडोल का रविवार को सई नदी में विधि-विधान से विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व गांव से सई नदी तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं, महिलाओं और बच्चों समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तों के जयकारों और धार्मिक गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा गांव से शुरू होकर सई नदी पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। नदी पहुंचने के बाद पूजा-अर्चना कर रामडोल का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं को हलुआ और चने का प्रसाद भी वितरित किया गया।ग्रामीणों ने बताया कि इमलिया खेड़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रामडोल स्थापित करने और उसके विसर्जन की परंपरा वर्षों पुरानी है। हर वर्ष ग्रामीणों के सहयोग से धार्मिक आयोजन किया जाता है। इस बार भी आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से बंशी लोधी ने ग्रामीणों के सहयोग से कराया।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी ललित दीक्षित, रवी, राममिलन रावत, राकेश राजपूत, संतराम, बाबूलाल रावत, बृजेंद्र राजपूत, गजेंद्र राजपूत, कृष्ण कुमार अवस्थी, अभय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नामजद आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के थाना महानगर पुलिस को वादिनी शालिनी मिश्रा पत्नी परवीन कुमार मिश्रा पता 5902 मेट्रोसिटी पेपर मिल कॉलोनी निशातगंज थाना महानगर लखनऊ द्वारा प्रस्तुत तहरीर बावत वादिनी नौकरों द्वारा घर से 50 लाख रुपए नगद लगभग व एक करोड़ मूल्य की गहनों की चोरी करने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई, जिस पर थाना महानगर लखनऊ पर मुकदमा पंजीकृत किया, बनाम 1 जितेन्द्र पंडित लगभग 43 वर्ष पुत्र रामविलास पंडित निवासी वार्ड 2 सोहराय पंडौल मधुबनी बिहार 2 विभा देवी उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी जितेंद्र पंडित निवासिनी शीध अनावरण एवं अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे थे, पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई, जिसमें कब्जे से चोरी किये गाये रुपयों से खरीदे गए आभूषण कुल वजन 55 420 ग्राम व घ्25000 नगद बरामद हुए,थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्र लगातार अपराधियों पर शिकंजा करते हुए नजर आ रहे, आरोपी के खिलाफआवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है,

### चोरी करने वाले गैंग के सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** थाना कैसरबाग पुलिस को वादी सैय्यद आरिफहुसैन निवासी सलेमपुर हाऊस थाना कैसरबाग सफेद बारादरी के पीछे लखनऊ को तहरीर की सूचना पर मु0अ0स0 157/2026, धारा 303,2, बीएनएस पंजीकृत किया, मुकदमा उपरोक्त में चोरी गये माल व मुलजिमान की तलाश कैसरबाग कोतवाली पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी, अपराधियों की रोकथाम व धरपकड़ पर बातचीत कर रहे थे, कि परिवर्तन चौराहे की तरफसे एक चार पहिया गाड़ी नीले रंग की आई 10 हुई दिखाई दी, जैसे आई गाड़ी करीब पुलिस टीम को देखकर गाड़ी अचानक मोड़कर पीछे की तरफभागना चाहा पुलिस टीम ने आई 10 गाड़ी को मय हिकमत अमली से रोक लिया और चेक किया गया तो आई10 गाड़ी का नंबर यूपी 32 आर सी 1451 ग्रैंड नियोज मिला, जिसकी चोरी के संबंध में थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत है, वाहन चालक से उसका नाम पता पूछा गया तो अपना नाम शोएब उर्फरेहान पुत्र कलीम पता दरगाह शरीफ नूरुद्दीन चक थाना दरगाह शरीफजिला बहराइच हाल पता बहादुरपुर निकट मदरसा इस्लामिया, नदी का पुल, थाना जहीराबाद जिला बाराबंकी बताया, भारी मात्रा में चोरी का माल भी बरामद हुआ।

# कौशल किशोर ने स्कूल बंद करने का किया विरोध

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मोहनलालगंज से पूर्व सांसद कौशल किशोर ने रविवार को सरकारी प्राथमिक स्कूलों को बंद किए जाने और आउटसोर्सिंग व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने अपने संगठन पारख महासंघ के बैनर तले राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आत्मसम्मान रैली की। रैली में उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को बंद करना लोगों के आत्मसम्मान पर हमला है। आउटसोर्सिंग व्यवस्था से कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाते हुए उन्होंने इसके खिलाफ संघर्ष जारी रखने की बात कही।

कौशल किशोर ने कहा कि पूरे देश में करीब 90 हजार सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं। पारख महासंघ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों, कोटेदारों, शिक्षामित्रों, मजदूरों और शोषित वर्ग के



- भाजपा छोड़ने की चर्चा को बताया अफवाह

आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की तर्ज पर देशभर में ऐसे स्थल विकसित करने और वहां वीरांगना ऊदा देवी, शहीद भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस समेत स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग की।

उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके उद्देश्यों को पाठ्यक्रम में शामिल करने तथा नेपाल स्थित बेगम हजरत महल की समाधि के अंश लखनऊ लाकर सम्मानपूर्वक स्थापित करने की भी मांग की। कौशल किशोर ने रैली में करीब 20 राज्यों से 50 हजार लोगों के पहुंचने का दावा किया, जबकि मौके पर मौजूद लोगों ने संख्या 15 से 20 हजार के बीच बताया।

कौशल किशोर ने भाजपा छोड़ने की चर्चाओं को विरोधियों की चाल बताते हुए रैली को गैरराजनीतिक बताया। रैली से स्थानीय भाजपा नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों ने दूरी बनाए रखी। हालांकि मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत समेत कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे। कौशल किशोर ने कहा कि पारख महासंघ आत्मसम्मान और अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगा।

### रैली में 50 हजार जुटने का दावा

कौशल किशोर ने आत्मसम्मान रैली में करीब 50 हजार लोगों के शामिल होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों के अलावा करीब 20 राज्यों से लोग रैली में पहुंचे। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों की संख्या करीब 15 से 20 हजार आंकी गई। रैली का आयोजन परख महासंघ के बैनर तले किया गया था। इसमें सरकारी स्कूलों को बंद करने, आउटसोर्सिंग व्यवस्था और वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दे उठाए गए। कौशल किशोर ने इसे गैर राजनीतिक बताते हुए कहा कि परख महासंघ आगे भी आत्मसम्मान और अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगा।

# एलडीए फ्लैट खरीदने का आज आखिरी मौका, दो लाख रुपये तक की छूट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की 'पहले आओ, पहले पाओ' योजना में खाली फ्लैट खरीदने का सोमवार, 14 सितंबर को आखिरी मौका है। जन्माष्टमी के अवसर पर चार सितंबर से शुरू की गई योजना में चुनिंदा फ्लैटों की कीमत पर खरीदारों को एक से दो लाख रुपये तक की छूट दी जा रही है। इच्छुक आवेदकों को फ्लैट की ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार योजना के तहत उपलब्ध फ्लैटों में वन बीएचके, टू बीएचके और थ्री बीएचके शामिल हैं। फ्लैट की कीमत के आधार पर छूट निर्धारित की गई है। 20 लाख से 50 लाख रुपये तक कीमत वाले फ्लैट पर एक लाख रुपये, 50 लाख से 75 लाख रुपये तक के फ्लैट पर 1.5 लाख रुपये और 75 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले फ्लैट पर दो लाख रुपये की छूट मिलेगी। योजना शुरू होने के समय करीब 160 फ्लैट खाली थे। एलडीए के मुताबिक अब करीब 50 फ्लैट उपलब्ध हैं। इसलिए इच्छुक खरीदारों के लिए सोमवार को बुकिंग का अंतिम अवसर है। आवेदन एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। छूट के दायरे में कानपुर रोड योजना स्थित श्रवण अपार्टमेंट और सनराइज अपार्टमेंट (मृगशिरा), कुर्सी रोड स्थित स्मृति अपार्टमेंट तथा कानपुर रोड स्थित पूर्वा अपार्टमेंट के चुनिंदा फ्लैट शामिल हैं। खरीदारों को फ्लैट की कीमत के साथ मिलने वाली निर्धारित छूट का लाभ भी मिलेगा। सोमवार के बाद इस योजना के तहत बुकिंग बंद हो जाएगी।

# आज से गूंजेगा गणपति बप्पा मोरया 25 तक सजे रहेंगे भव्य पंडाल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

गणेश चतुर्थी के साथ सोमवार, 14 सितंबर से राजधानी में गणेशोत्सव की शुरुआत होगी। शहर के विभिन्न इलाकों में बप्पा के स्वागत के लिए भव्य पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 14 से 25 सितंबर तक चलने वाले उत्सव में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग थीम देखने को मिलेगी। कहीं मुंबई के सिद्धिविनायक की तर्ज पर 'मनौतियों के राजा' विराजेंगे तो कहीं मंदिर की शैली में पंडाल सजाया जा रहा है। निशातगंज में 'लखनऊ के महाराजा' आकर्षण का केंद्र होंगे।

हनुमान सेतु के पास झूलेलाल वाटिका में इस बार करीब 13 हजार वर्गफुट क्षेत्र में भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। इसकी ऊंचाई करीब 80 फीट होगी। कोलकाता से आए करीब 60 कारीगर पंडाल को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसकी थीम अमेरिका के न्यू जर्सी स्थित स्वामीनारायण मंदिर पर आधारित है। पंडाल को वाटरप्रूफ और वातानुकूलित रखने की भी तैयारी है। यहां मुंबई के सिद्धिविनायक से प्रेरित 'मनौतियों के राजा' की प्रतिमा विराजेगी।

गोमतीनगर के पत्रकारपुरम चौराहे पर मंदिर की शैली में पंडाल तैयार किया जा रहा है। यहां गणेश प्रतिमा और साज-सज्जा में पारंपरिक धार्मिक स्वरूप के साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखा जा रहा है। पूजा-अर्चना के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। पेपर मिल कॉलोनी,



निशातगंज में 'लखनऊ के महाराजा' की थीम पर गणेश प्रतिमा सजाई जाएगी। स्वर्ण कलशों के बीच विराजमान बप्पा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होंगे। यहां डांडिया और कथक के कार्यक्रमों के साथ बच्चों और बड़ों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी।

अमीनाबाद के गणेशगंज-रानीगंज क्षेत्र में भी गणेशोत्सव की तैयारियां तेज हैं। बाजार के बीच पंडाल और सजावट का काम चल रहा है। आलमबाग में भी फूलों, रोशनी और पारंपरिक सजावट से पंडाल आकार ले रहे हैं। स्थानीय स्तर पर छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं की मांग बनी हुई है।

इस बार गणेश प्रतिमाओं में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिखाई देगा। कई मूर्तिकार मिट्टी और पर्यावरण अनुकूल सामग्री से प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। बाल गणेश, कान्हा रूप और संगीत से जुड़े गणेश भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। कहीं बप्पा के हाथ में बांसुरी तो कहीं वीणा है। मुकुट, पगड़ी, अलग-अलग वस्त्र और वाहनों के साथ प्रतिमाओं को सजाने के विकल्प भी बाजार में उपलब्ध हैं।

# 25 की रैली से पुरानी पेंशन बहाली का मार्ग होगा प्रशस्त : बन्धु

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से 25 सितंबर को लखनऊ में प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर प्रदेश, मंडल एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक स्व. डॉ. रामाशीष स्मृति भवन, पारा में हुई। बैठक में रैली को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली, निजीकरण की समाप्ति और टीईटी की अनिवार्यता के मुद्दे को लेकर आयोजित यह रैली निर्णायक होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के




शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों के लिए सभी को एकजुट होकर आंदोलन को मजबूती देनी होगी।

प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने सभी शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों से 25 सितंबर की रैली में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की लड़ाई है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महासंघ के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन प्रत्येक शिक्षक और कर्मचारी का अधिकार है। सरकार को कर्मचारियों की मांग को स्वीकार करते हुए पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए।

प्रदेशीय उपाध्यक्ष चन्द्रहास सिंह ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण की समाप्ति और टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ लगातार संघर्ष करता रहा है। उन्होंने सभी संगठनों से रैली में शामिल होने का आह्वान किया।

प्रदेशीय सलाहकार राकेश रमन, ओमप्रकाश कन्नौजिया और जनार्दन शुक्ला ने बताया कि सभी जनपदों में रैली की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शिक्षकों और कर्मचारियों में रैली को लेकर उत्साह है।

# छैया छैया गर्ल मलाइका अरोड़ा ने रैंप पर बिखरे जलवे

- राजधानी में फैशन शो का सजा मंच

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मशहूर गीत चल छैया छैया के जरिए रातों-रात स्टार होने वाली मलाइका अरोड़ा राजधानी में रैम पर अपने जलवे बिखेरे। होटल ताज पैलेस में रैंप वॉक किया। इस दौरान उन पर चिकन की पोशाक जम रही थी। मलाइका के साथ लखनऊ के लोकल ज्वेलर और डिजाइनर ने जलवे बिखेरे।

फिक्की फ्लो लखनऊ की ओर से %गुलमोहर 2026-एक मकसद के साथ फैशन% का आयोजन किया



गया। रोशनी से सजे रैंप पर जब लखनऊ की कला, कारीगरी और फैशन का संगम सजा तो शाम यादगार बन गई। कार्यक्रम में लखनऊ के डिजाइनरों, ज्वैलर्स, कारीगरों और फिक्की फ्लो की सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रैंप पर फैशन के साथ लखनऊ की कला, कारीगरी और विरासत की झलक दिखी। इस दौरान लखनवी पहनावा भी दिखा, जिसने लोगों का दिल जीत लिया।

### दिव्यांगजनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को 25 हजार का पुरस्कार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और उनके लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार ने राज्य स्तरीय पुरस्कार-2026 की घोषणा की है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से तीन दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। कुल 12 श्रेणियां निर्धारित की गई हैं और प्रत्येक पुरस्कार के लिए 25 हजार रुपये की धनराशि तय की गई है। इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं जिलाधिकारी की संस्तुति के साथ 15 सितंबर तक निदेशालय लखनऊ में आवेदन कर सकते हैं। जानकारी विभागीय वेबसाइट और हेल्पलाइन 18001801995 से प्राप्त की जा सकती है।

**सम्मेलन** — सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारियों के सम्मान में सजा मंच

# गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

नवोदय परिवार के तत्वावधान में होटल डैमसन प्लम, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में द्वितीय नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह-2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन हुआ। समारोह में नवोदय विद्यालयों के 200 से अधिक सेवानिवृत्त उपायुक्त, सहायक उपायुक्त, प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। आयोजन नवोदय के संस्कारों, गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और देश-विदेश में फैले नवोदय परिवार की एकजुटता का प्रतीक बना।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और नवोदय के प्रेरणादायी




गीत 'हम नवयुग की नई भारती...' के सामूहिक गायन से हुआ। गणेश वंदना की प्रस्तुति ने समारोह को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। वरिष्ठ शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारी संयोजक जीपी मिश्रा, पूर्व उप-प्रधानाचार्य, जेएनवी रायबरेली ने नवोदय की गुरु-शिष्य परंपरा तथा गुरुजनों के योगदान पर विचार रखे।

पूर्व उपायुक्त उमेश चंद्र बाजपेई ने नवोदय की गौरवशाली यात्रा के संस्मरण साझा किए, जबकि पूर्व प्राचार्य जेएस चौहान ने नवोदय विद्यालयों की स्थापना के उद्देश्य और मूल भावना पर प्रकाश डाला।

पूर्व उपायुक्त एस. राम ने पूर्व विद्यार्थियों से जुड़े प्रेरक संस्मरण सुनाए। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठतम सम्मानित सदस्य एवं पूर्व पीजीटी हिंदी दिनेश राय ने की।

पूर्व छात्रों की ओर से उत्तर प्रदेश एटीएस के मुखिया एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रेम कुमार गौतम (आईपीएस) ने अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री के सचिव सूर्यपाल गंगवार (आईएएस) ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अनुकरणीय माध्यम बताया। डीआईजी/जॉइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर, लखनऊ बबलू कुमार (आईपीएस) ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके जीवन में नवोदय विद्यालय और गुरुजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग रणवीर प्रसाद ने नवोदय की शिक्षक-विद्यार्थी परंपरा को अनूठा बताया। विशेष सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग जग प्रवेश ने नवोदय से मिले संस्कार और अनुशासन को जीवन की महत्वपूर्ण पूंजी बताया।

नवोदय फैमिली वर्ल्डवाइड के अध्यक्ष सीताराम नारोलिया ने परिवार को जोड़ने के अभियान और अनुभव साझा किए।

उपस्थित न हो पाने वाले पूर्व छात्रों ने वीडियो संदेशों के माध्यम से भावनाएं व्यक्त कीं। इनमें कृष्ण कुमार यादव, पोस्ट मास्टर जनरल, अहमदाबाद, रणविजय वर्मा, महाप्रबंधक, भारतीय रेलवे, नई दिल्ली और वरिष्ठ रेलवे अधिकारी डॉ. स्वामी प्रकाश पांडेय प्रमुख रहे।

# खस्ताहाल कैथुलिया मार्ग बना मुसीबत

- ग्रामीणों ने की पुनः डामरीकरण कराए जाने की मांग
- बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भर जाने से राहगीर हो रहे चोटिल

समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद

रहीमाबाद माल मार्ग से कृषि फार्म से कैथुलिया मार्ग जर्जर होने के कारण ग्रामीणो का चलना मुश्किल हो गया है। छात्र, मजदूर समेत राहगीर इस मार्ग पर गड्ढों की वजह से गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने इस सम्पर्क मार्ग को पुनः डामरीकरण कराए जाने की मांग अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं परन्तु कोई कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी है।



ज्ञात हो कि रहीमाबाद माल सम्पर्क मार्ग से कृषि फार्म के पास से कैथुलिया तक गयी डामर स्तर की सड़क का निर्माण लगभग एक दशक पहले हुआ था परन्तु कई सालों से मरम्मत न होने के कारण लगभग पूरी सड़क गड्ढे युक्त हो गई है जिसके चलते राहगीरों समेत मजदूर, छात्र तथा इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणो के दिक्कतें उठानी पड़ती है हल्की बारिश होने पर बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भर जाने की वजह से राहगीर चोटिल हो रहे हैं। वहीं राम-लखन ने बताया कि कैथुलिया से रहीमाबाद तक पहुंचने में दस मिनट लगते थे परन्तु सड़क जर्जर होने के कारण लगभग बीस मिनट का समय लग जाता है ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग विभागीय अधिकारियों सहित तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से की थी परन्तु आज तक उक्त सम्पर्क मार्ग की मरम्मत न हो सकी

ग्रामीणों ने उपरोक्त डामर स्तर की सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारियों से की है ताकि आने जाने में गांव वालों को दिक्कतों का सामना करना न पड़े।

# पीडीए चौपाल में भाजपा सरकार पर बरसे पूर्व विधायक रोशन लाल

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

ढकिया रनवास में पीडीए चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। चौपाल में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और सरकार की नीतियों को लेकर वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले की सरकार बेहतर थी। वर्तमान सरकार में गरीबों समेत हर वर्ग के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने गंगा सफाई अभियान में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार से सवाल करना



भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण लोगों के घरों का बजट बिगड़ गया है। गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल सहित रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की लहर चलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 133 तिलहर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई और उत्पीड़न से जनता परेशान है।।ओमपाल मौर्या ने कहा कि खाद्य पदार्थों से लेकर चीनी तक महंगी हो गई है। नौकरी मांगने वाले युवाओं को रोजगार के बजाय लाठियां मिल रही हैं। युवा बेरोजगारी और महंगाई से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर हर वर्ग के सम्मान की सरकार बनाई जाए। अरुण दीक्षित ने डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, आवारा पशुओं, स्वास्थ्य सेवाओं और पेपर लीक के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं बनी हुई हैं और आवारा पशुओं से फसलों को नुकसान हो रहा है। इस दौरान सत्यपाल वर्मा, संजीव यादव, सुधीर वाल्मीकि, नरेंद्र श्रीवास्तव, अमर सिंह, दीपक शुक्ला, अमित बाजपेई, असलम, वरुण शुक्ला, जितेंद्र, जगदीश गौतम, मोहम्मद रफी, रमाकांत, सुनील कुमार सिंह, संतोष कुमार, ऋषि बाजपेई, मनोज शुक्ला, प्रियव्रत, अखिलेश कुमार तिवारी, सुरेंद्र यादव, राम प्रकाश, रामदेव शुक्ल, श्याम बिहारी, राम बहादुर, सलमान खान, रामपाल वर्मा, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

## वरुण शुक्ला सपा के जिला सचिव मनोनीत



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड सिंधौली क्षेत्र के गांव पनवाड़ी निवासी वरुण शुक्ला को समाजवादी पार्टी का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। रविवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खां और पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर नई जिम्मेदारी की घोषणा की। वरुण शुक्ला के जिला सचिव बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी जताई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि वरुण शुक्ला पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त जिला सचिव वरुण शुक्ला ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जाएगा।

## सीएमओ ने टटोली पीएचसी बनतारा की नब्ज



**शाहजहांपुर।** सीएमओ डा.विवेक कुमार मिश्रा द्वारा पीएचसी बनतारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा विजेंद्र गौतम, डा. अनन्या प्रजापति, अब्दुल रशीद फार्मासिस्ट, अशोक कुमार, राहुल कुमार, स्टाफ नर्स पुष्पारानी व ममता तथा सफाई कर्मी लारेब अहमद उपस्थित मिले। सीएमओ ने प्रसव हेतु भर्ती महिलाओं का हालचाल लिया। फार्मेसी में स्टॉक रजिस्टर चेक किया , दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक था। स्टॉक रजिस्टर को रोजाना अपडेट करने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल परिसर की साफ- सफाई का निर्देश दिया।

## खबरें एक नजर में

### बाढ़ का पानी घटा, लोधीपुर में एंटीलार्वा का छिड़काव शुरू



**शाहजहांपुर।** महानगर के वार्ड संख्या 3 लोधीपुर में बाढ़ एवं जलभराव का जलस्तर कम होते ही पार्षद रूपेश कुमार वर्मा अन्नू की पहल पर विभिन्न गलियों में एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया। बाढ़ के बाद जलभराव वाले स्थानों पर मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका को देखते हुए नगर निगम की टीम ने गलियों और नालियों के आसपास दवा का छिड़काव किया। पार्षद ने कहा कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर कोई लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जलभराव के बाद संक्रमण और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग एवं सफाई व्यवस्था लगातार जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### अमन बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विकास श्रीवास्तव 'बाबा जी' के अनुमोदन पर अमन सक्सेना को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन पर कायस्थ समाज एवं संगठन के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।नवनियुक्त प्रदेश सचिव अमन सक्सेना ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। कायस्थ समाज की एकता और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### बहन की ससुराल में घुसकर मारपीट करने में दस लोग नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एक युवती ने वहन की ससुराल जाने के दौरान घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए 10 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। नगर के मोहल्ला दिलाजाक निवासी नेहा पुत्री मकसूद अहमद ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 11 सितम्बर को वह अपनी मां के साथ बहन अमरीन की ससुराल तिलहर के मोहल्ला उम्मपुर गई थी। आरोप है कि शाम करीब पौने सात बजे उसकी ससुराल वाले मोहम्मद उमर पुत्र जफरुला, मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद उमर, मोहम्मद रेहान पुत्र मोहम्मद उमर, हसन पुत्र खुर्शीद, शाहरुख पुत्र फारुक, फन्नू पुत्र इसरार शाहीन पत्नी मोहम्मद उमर, शहनीला पुत्री मोहम्मद उमर, हुमैरा पुत्री मोहम्मद उमर व यासमीन पत्नी खुर्शीद अमरीन की ससुराल मे घुस आए और उसे , उसकी मां तथा बहन अमरीन को गन्दी गन्दी गालिया देते हुए बुरी तरह लातों घुसो व डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना का वीडियो भी उसके पास होने का रिपोर्ट में जिक्र किया है।

### सांप के काटने से दो किशोरों की हालत गंभीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सांप के काटने से दो अलग अलग जगह किशोरों की हालत गंभीर हो गई जिनको परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को पौने आठ बजे ग्राम रटा के रहने वाले 10 वर्षीय मयंक के सांप ने डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बही दूसरी ओर देर रात ग्यारह बजे ग्राम खिरिया सत्तू के रहने वाले 15 वर्षीय अनमोल के सांप ने डस जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। दोनों किशोरों को परिजन तत्काल सीएससी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में दोनों किशोरों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## शराब दुकान के ताले तोड़ 50 पेटी देशी शराब व स्क्रीनिंग मशीन चोरी

- तीसरे दिन रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**

देशी शराब की दुकान के ताले तोडकर चोरी 50 पेटी देशी शराब व अन्य सामान चोरी होने के मामले में दुकान संचालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। शाहजहांपुर के सदर क्षेत्र के मोहल्ला कटिया टोला निवासी अंकुर यादव पुत्र प्रमोद यादव ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि तिलहर क्षेत्र के गांव ग्राम राईखेडा में उसकी मां श्रीमती संतोष यादव के नाम से देशी शराब की दुकान है। देशी शराब की दुकान ग्राम राईखेडा में स्थित है जो उसकी मां श्रीमती संतोष यादव पत्नी प्रमोद यादव के नाम पर संचालित है ! बीती 9/10 सितम्बर की रात्रि मे अज्ञात चोरो ने उक्त दुकान



के ताले तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया । घटना की जानकारी होने पर मौके पर जाकर देखा गया तो ताला टूटा हुआ था और दुकान के अंदर सामान अस्त व्यस्त पडा था। दुकान से करीब 50 पेटी देशी शराब, इनवर्टर, बैटरी, सीसीटीवी कैमरो का सामान तथा आबकारी विभाग द्वारा शराब की ब्रिकी की स्कैनिंग हेतु उपलब्ध कराई गई स्कैनिंग मशीन भी चोरी गयी है। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। जांच की जा रही है।

## लखनऊ में वरिष्ठ फोटोग्राफर सम्मानित




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

उत्तर प्रदेश लखनऊ में इंडिया फोटो और वीडियो एक्सपो जोटि फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष 11 ,12, 13 सितंबर में भी आयोजित किया गया है। जिसमें फोटोग्राफर एसोसिएशन शाहजहांपुर के कोर कमेटी के मेंबर व सदस्यों भी एक्सपो जोकि गोल्डन ब्लॉसम फैजाबाद रोड पर पहुंचे। वहां पर शाहजहांपुर के वरिष्ठ फोटोग्राफर भवनेश निझावन का सम्मान भी किया गया। यह शाहजहांपुर के छायाकार बन्धुओं के लिए गर्व की बात है, जो अपनी सेवा सन 1976 से अपने जनपद वासियों को प्रदान करा रहे हैं। उनके प्रतिष्ठान के 50 वर्ष भी पूरे हो गए हैं । इसी को देखते हुए संगठन की ओर से उनको प्रदेश में सम्मानित किया गया इसके लिए हम सभी लोग प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हैं और सदैव संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहेंगे। जिलाध्यक्ष अरुणेश अग्निहोत्री, महामंत्री मोहम्मद फहीम, उपाध्यक्ष जतिन निझावन, राजीव कामरा, मनोज कुमार, जितेंद्र मेहता, मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश सक्सेना, कोषाध्यक्ष दीप कुमार सक्सेना, संगठन मंत्री चंद्रशेखर यादव, मोहम्मद सदफ सुखविंदर सिंह खालसा आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग बेटी को भगाने में युवक समेत तीन नामजद

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नाबालिग लड़की को नगदी व लाखों के जेबरात समेत भगा ले जाने की युवक व उसके भाई और पिता के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित माँ ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 11 सितंबर दोपहर करीब एक बजे वह व उसका पति

- नकदी व लाखों के जेवरात ले जाने का भी आरोप

ड्यूटी पर गए थे। उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है कि आशीष पुत्र शिव शंकर उसकी बेटी को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसमें आशीष के पिता शिव शंकर व उसके भाई शिवम का सहयोग है। बेटी अपने साथ सोने की चैन, झुमकी, सोने की अंगूठी 2,3 जोडी पायल, 2 मंगल सूत्र सोने तथा 20,000/-रुपये नकद ले गयी है।

## फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला में लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे अमित



**शाहजहांपुर।** फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला मंचन में इस वर्ष अधिवक्ता, रंगकर्मी, लेखक एवं समाजसेवी अमित श्रीवास्तव प्रभु श्रीराम के अनुज एवं अनुचर श्रीलक्ष्मण जी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। चिनौर निवासी अमित श्रीवास्तव ने मास कम्युनिकेशन, एलएलबी एवं एमए की शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में अधिवक्ता के रूप में कचहरी में प्रैक्टिस कर रहे हैं। बाल कलाकार के रूप में लगभग सात वर्ष की आयु में श्री रामलीला मंच से अभिनय की शुरुआत करने वाले अमित ने वर्ष 2017 तक करीब 10 वर्षों तक श्री रामलीला के विभिन्न किरदार निभाए। इसके बाद वर्ष 2014 से कोरोनेशन आर्ट थिएटर में श्री जरीफ मलिक आनंद के निर्देशन में रंगमंच की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने मनोज मंजुल, आरपीडी सोती, कप्तान कर्णधार, शिवा सक्सेना, योगेश पाण्डेय, सुहेल मोहम्मद, सचिन श्रीवास्तव सहित अनेक निर्देशकों के साथ अभिनेता, मंच एवं मंच-परे सहयोगी तथा सह-निर्देशक के रूप में कार्य किया। देश के विभिन्न मंचों पर आयोजित नाट्य प्रतियोगिताओं में उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता सहित कई पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं। करियर पर ध्यान देने के लिए कुछ समय श्री रामलीला मंच से दूरी के बाद वर्ष 2026 में प्रभु श्रीराम की इच्छा से उनकी पुनः रंगमंच पर वापसी हुई है।

## बेटियों को सशक्त-स्वस्थ रखने को समाजसेविका नीलम जगा रहीं अलख

- सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ सहभागिता
- उड़ान एक उम्मीद फाउंडेशन टीकाकरण को बेटियों को कर रहा जागरूक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

एक उड़ान ऐसी बेटियों- मातृशक्तियों के लिए जोकि समाज में कुछ कर सके और शिक्षित होकर आगे बढ़ सकें। बेटियों स्वस्थ रहने के साथ साथ शिक्षित बनाने के लिए समाजसेविका नीलम गुप्ता ने बीड़ा उठाया है। वो बेटियों को शिक्षा से जोड़ने के साथ साथ उनके स्वास्थ्य को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार दो वर्षों से कार्य कर रही है। नीलम कहती है कि आने वाले समय भारत की भविष्य भी यहीं बेटियां होगी। पढ़ेगी



बेटियां, तभी तो देश बढ़ेगा। जनपद में सर्वाइकल कैंसर को लेकर चलाएं जा रहे अभियान पर उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा यह निश्शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। जनपद में अब तक लगभग 400 बच्चियां का टीकाकरण किया जा चुका है। यह प्राइवेट में छह हजार रूपये में तीन चरणों में लगता है, सरकार इसको बिल्कुल फ्री व एक ही चरण में लगवा रही है। सर्वाइकल कैंसर को लेकर डर, मिथ्या बनी हुई, इसको लेकर हमारी संस्था स्कूलों जाकर जन जागरूक कर रही है। यह वैक्सीनेशन पूरी तरह सुरक्षित है।

नीलम ने बताया कि जब हम लोग टीकाकरण को लेकर स्कूल, कालेज जाते है तो हाथ तो बच्चियां उठाती है, लेकिन एक भ्रम व डर उनको बना रहता है। ऐसा नहीं है यह वैक्सीनेशन बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने को किया जा रहा है। मेरी शिक्षकों, अभिभावकों से भी अपील है कि इस वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। यह टीकाकरण से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है, यह नार्मल तरीके से होता है, जैसै अन्य टीकाकरण होते हैं। इसके लगने से बच्चियां पूरी तरह सुरक्षित हो सकेगी।

### क्षय रोगियों को हर माह पोषण पोटली वितरण

समाजसेविका नीलम गुप्ता ने बताया कि वह पिछले दो सालों से टीवी क्लीनिक के साथ मिलकर वहां से चिंहित क्षय रोगियों को हर माह पोषण पोटली का वितरण करती आ रही है। कुछ कार्य ऐसे होते हैं, समाज में जोकि दिल को सुकून देते हैं। यह तभी संभव होता है, जब हम कुछ अच्छी सोच लेकर चलते हैं। अगले माह अक्टूबर से मोहम्मदी के श्राफ हास्पिटल से मिलकर शहर क्षेत्र में आई कैंप उनकी संस्था उड़ान लगाएगी। इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उड़ान संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि उनके इस मुहिम में उनके संस्था पदाधिकारियों में डा.संगीता मोहन, रेखा मोदी, सोनिया गुप्ता, रश्मि गुप्ता, नीती गुप्ता व शैली गुप्ता का निरंतर सहयोग मिलता रहता है।

## बाढ़ पीड़ितों के दर्द में संबल बनीं ब्लॉक प्रमुख लता सिंह, कई गांवों में बांटी राहत सामग्री

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**

जलालाबाद विकासखंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक टीम ने तूफानी दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती लता सिंह की अगुवाई में टीम ने क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों शेरपुर, शाहपुर, बलदेवपुर, खजुआहार और टॉपर का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने पीड़ितों से सीधे मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और राहत सामग्री वितरित की।

भ्रमण के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा इस आपदा और कठिन



परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े रहना और उनकी हरसंभव सहायता करना हमारा नैतिक दायित्व है। सेवा, संवेदना और सहयोग ही हमारा मुख्य संकल्प है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से क्षेत्र में राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जा रहे हैं और अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि/पति अमित कुमार सिंह बड़े भाई, वरिष्ठ नेता ब्रह्म कुमार दीक्षित, शेरपुर प्रधान पवन सिंह तोमर, शाहपुर प्रधान राजवीर गुर्जर, सुरजीत सिंह, सभासद जोनू चौहान, युवा नेता राघवेंद्र सिंह छोटू, शालू पाठक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी बाढ़ पीड़ित परिवार खाद्य सामग्री व चिकित्सकीय सहायता से वंचित न रहने पाए।

## रास्ते का जीना-रैंप तोड़ा रायफल तान कर जान से मारने की धमकी

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** निकास छोड़कर जीना रैंप बनाने के बाद मुहल्ले के लोगों ने विरोध करते हुए तोड़फोड़ की, कस्बा निवासी कुलदीप बताया कि गांव के दबंगों ने उसके मकान का जीना व रैंप तोड़ दिया और रायफल-रिवाल्वर तानकर जान से मारने की धमकी दी। बताया कि उसका मकान जैतीपुर में 10 फीट चौड़े रास्ते पर है, उसने 10.2 फीट रास्ता छोड़कर मकान पर चढ़ने के लिए जीना व रैंप का निर्माण कराया था। आरोप है कि शनिवार रात करीब आठ से नौ बजे गांव के ही दो लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ एकराय होकर मकान के आगे लगे पानी के पाइप, जीना व रैंप को पूरी तरह तोड़ डाला। विरोध करने पर आरोपित रायफल व रिवाल्वर लेकर उसे मारने के लिए दौड़े और जैसे-तैसे उसने भागकर जान बचाई। आरोप है कि आरोपितों ने गाली गलौज कर मकान छीन लेने की धमकी दी।

## निश्चित मानदेय को लेकर वित्तमंत्री के आवास पर पहुंचीं आशा वर्कर

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सरकार द्वारा आंगनबाड़ी, एएनएम, शिक्षामित्र समेत अन्य कार्मिकों के मानदेय बढ़ाने की घोषणा की गई है। इसी क्रम में शनिवार को शाहजहांपुर में आशा वर्करों ने निश्चित मानदेय को लेकर वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के दीवान जोगराज स्थित आवास पर पहुंचकर मंत्री के प्रतिनिधि को मांगपत्र सौंपा। आशा वर्कर्स ने मांग की कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में घोषित किया गया था कि हम लोगों को एक निश्चित मानदेय दिया जाएगा और राज्य कर्मचारी का दर्जा प्राप्त होगा। काफी समय बीतने के बाद भी हम लोगों की



कोई सुध नहीं ली गई है, आशा वर्करों ने मांग की है कि जल्द से जल्द हम सबका निशना मानदेय किया जाए। इस दौरान सुमन श्रीवास्तव, पूनम पाण्डेय, शालिनी त्रिवेदी, पारुल, पूजा, माधवी, रेखा, मधु, शिप्रा, दिव्या, रेनू, अंगूरा देवी, शुचि आदि आशा वर्कर मौजूद रही।

## हिंदी दिवस विशेष: हिंदी का सब कीजिये, मान और सम्मान

### हिंदी से निज देश को, मिली अलग पहचान

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

हिंदी मात्र एक भाषा नहीं अपितु,हमारे विचारों,हमारी भावनाओं और हमारी विविधता में एकता की पहचान है। हिंदी दिवस के अवसर पर कवि एवं साहित्यकार विश्वनाथ विश्व ने कहा कि हिंदी का सब कीजिये, मान और सम्मान, हिंदी से निज देश को, मिली अलग पहचान। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग मे सोशल मीडिया पर हिंदी की माँग तेजी से बढ़ रही है।

इंटरनेट पर भी हिंदी भाषा को प्राथमिकता दी जा रही है।अधिकांश भारतीय लोग सोशल मीडिया पर हिंदी



भाषा का ही प्रयोग करते हैं। हिंदी के बढ़ते दायरे को देखकर विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी स्थानीय बाजार तक पहुँचने के लिये हिंदी का सहारा ले रही हैं।

इस प्रकार हिंदी भाषा वैश्विक बाजार और अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान रखती है।अब दुनियाभर में विदेशी नागरिकों द्वारा हिंदी भाषा सीखी जा रही है।इस प्रकार हिंदी दिनप्रति विदेशों में तक जन-जन तक अपनी अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाती जा रही है। हिंदी हमारी विरासत, संस्कृति और संस्कारों से जुड़ी है यह देश के विभिन्न राज्यों को जोड़ने का काम भी करती है। आइये, हम सब मिलकर अपनी भाषा हिंदी के सम्मान व संवर्धन में इसका अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लें।

## हार्टफुलनेस के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएंगे ब्रांड एंबेसडर

- मिश्रीपुर आश्रम में ब्रांड एंबेसडरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

श्री रामचन्द्र मिशन और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट ने अपने आध्यात्मिक, ध्यान साधना, योग, शिक्षा, युवा विकास, स्वास्थ्य, पर्यावरण, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नई पहल शुरू की है। इसके तहत ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए गए हैं, जो युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, उद्यमियों, बच्चों और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर मिशन की गतिविधियों की जानकारी देंगे।

मिश्रीपुर स्थित श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त ब्रांड एंबेसडरों का




तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

लखनऊ से आए प्रशिक्षक आरएसएल श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन और हार्टफुलनेस की गतिविधियां केवल ध्यान साधना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, युवा सशक्तीकरण और मानवीय मूल्यों के विकास के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षक रश्मि अवस्थी ने सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस ध्यान की जानकारी देते हुए रिलैक्सेशन, ध्यान, आंतरिक शुद्धि एवं प्रार्थना की प्रक्रियाओं को समझाया।

देहरादून से आये राकेश सक्सेना ने 34 वर्षों से संचालित निबंध लेखन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से युवाओं को आत्म-विकास, मानवीय मूल्यों, शांति और पर्यावरण जैसे विषयों पर चिंतन के लिए प्रेरित किया जाता है। प्रशिक्षक बीना पाठक और प्रदीप श्रीवास्तव ने हार्टफुलनेस योगा, किड्स योगा, योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण, जीवन-कौशल, तनाव एवं समय प्रबंधन, सकारात्मक संबंध, मानवीय मूल्य, ध्यान, ब्राइटर माइंड्स तथा शिक्षकों के क्षमता-विकास से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में यूथ इन सर्विस, वीकेंड रिट्रीट, कौशलम सहित पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, गीता और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इन पहलों का उद्देश्य युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों में शांति, सामाजिक सद्भाव, सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा आत्म-विकास की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, श्रीगोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, आलोक श्रीवास्तव, अजीत कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भारत एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड से राजीव सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आयोजित एक समारोह में शाहजहांपुर में सीबीएसई बोर्ड के सिटी कोर्डिनेटर राजीव मोहन पाण्डेय को भारत एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड सम्मान प्रदान किया गया। ग्रेटर नोएडा स्थित आईआईएलएम विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित भारत एजुकेशन एक्सीलेंस अवाड्र्स समारोह में कौशल शिक्षा को नई दिशा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उत्कृष्ट प्रयासों को सराहा गया। समारोह के दौरान अतिथियों और शिक्षाविदों की उपस्थिति में यह प्रतिष्ठित सम्मान सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक युग में पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक एवं हुनर-आधारित शिक्षा समय की सबसे बड़ी मांग है। इस दिशा में किया गया यह कार्य न केवल युवाओं के भविष्य को संवारने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सिटी कोर्डिनेटर सीबीएसई बोर्ड राजीव मोहन पाण्डेय ने सम्मान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरी टीम, मार्गदर्शकों और विद्यार्थियों के साझा प्रयासों का परिणाम बताया। उनकी इस उपलब्धि पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों और शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




## ई-रिक्शा पलटने से वृद्धा गंभीर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** ई-रिक्शा पलटने से एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह मरिया धाम रोड पर सेंट मेरी स्कूल के पास एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार ग्राम मिरजापुर निवासी 60 वर्षीय नन्ही पत्नी देवदत्त गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# पर्यावरण संरक्षण को दिलाई शपथ

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

लायन क्लब शाहजहांपुर शक्ति के द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही फल और सब्जियां बेचने वालों को कपड़े के थैले देकर पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। शिक्षिका लायन ललिता यादव ने बताया कि ऑफीसर कॉलोनी में एडीएम वित्त अरविंद कुमार की पत्नी सौम्या, अनुपमा दुबे के सहयोग से ऑफीसर कॉलोनी तथा कैंट एरिया में बने पार्कों में कई जगह पर पौधारोपण किया गया। जिसमें लगभग सौ पौधों लगाए गए। इसके साथ ही फल सब्जियों के ठेले लगाने वाले लोगों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कस्टमर से 1 रुपये ज्यादा लें और कपड़े या कागज की थैली में सामान दे । लायन ललिता यादव यादव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित स्वस्थ और संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। तथा पॉलिथीन का बहिष्कार करें। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता, लायन कमल नारंग, सौम्या, अनुपमा दुबे, लायन खुशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## अंतर्राज्यीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सीतापुर की टीम ने हासिल किया तीसरा स्थान

- 8 स्वर्ण, 7 रजत व 5 कांस्य पदक जीत खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का गौरव

**सीतापुर।** सुल्तानपुर में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राज्यीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सीतापुर ताइक्वांडो एसोसिएशन और आरजे जे एजुकेशन प्वाइंट की संयुक्त टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। कोच हर्षवर्धन गुप्ता एवं टीम मैनेजर गौरव कुमार के संरक्षण में प्रतियोगिता में उतरी सीतापुर की टीम ने कुल 8 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य पदक अपने नाम किए। इनमें आरजे जे एजुकेशन प्वाइंट के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सीतापुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश राज मिश्रा भी मौजूद रहे।



उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक कुलदीप जायसवाल एवं प्रधानाचार्या पूनम जायसवाल ने विजेता टीम और सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले और विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकें। टीम की सफलता पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा।

# डॉ. तारा पाठक की पुण्यस्मृति में हुआ भंडारा- सुंदरकांड का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज की संस्थापिका एवं जनपद की पहली महिला पीएचडी धारक डॉक्टर तारा पाठक की पुण्य स्मृति के अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री एवं कॉलेज नियुक्ति प्राधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शुक्ला के द्वारा विद्यालय परिसर में स्थित डॉक्टर तारा पाठक की प्रतिमा पर माल्यार्पण व चित्र पर पुष्प अर्पित किये तथा कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन कराया गया। साथ ही पुण्य स्मृति के अवसर पर सामूहिक सुंदरकांड प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनमानस अधिवक्ता, शिक्षिकाए एवं संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया ।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन हवन से हुई, इसके बाद सुंदरकांड का सामूहिक पाठ प्रारंभ हुआ। दलेलगंज एवं विद्यालय परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोचार की गूंज सुनाई दी सुंदरकांड के उपरांत सभी ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इससे परिसर का वातावरण शुद्ध एवं आध्यात्मिक रहा। कॉलेज नियुक्ति प्राधिकारी संजीव शुक्ला ने बताया कि पहली योग्य महिला पीएचडी धारक ने इस विद्यालय की निर्धन छात्रों हेतु नींव रखी यह काबिले तारीफ एवं इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय में लगभग 1600 से अधिक छात्राएं संस्थागत अध्यनरत हैं। श्रद्धापूर्वक पाठ की सहभागिता में कॉलेज प्रधानाचार्य ब्यूटी एवं प्रवक्ता-नाईमा शकील कॉलेज स्टाफ मीना अंजू दीपशिखा पल्लवी आकाश सिद्धार्थ मनोज राहुल आदि रहे।



## गजानन के स्वागत को तैयार शहर इको फ्रेंडली गणेश मूर्तियों पर जोर

**शाहजहांपुर।** जनपद में गणेश उत्सव को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल बना हुआ है। शहर में गजानन के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं, कई जगह बप्पा की पूजा अर्चना को पंडाल लगने शुरू हो गये है। बाजारों में गणेश उत्सव को लेकर भीड़भाड़ देखने को मिल रही है। रेती रोड स्थित रोड किनारे गणेशजी की मूर्तियों की दुकानों पर भीड़ आ रही है। जिसमें पर्यावरण की रक्षा के लिए इको–फेंडली (पर्यावरण अनुकूल) गणेश मूर्तियों और सामग्री पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हर साल की भांति इस बार भी सिटी पार्क में अमृता पाण्डेय द्वारा घर पर ही बप्पा की इको फेंडली मूर्ति बनाई जा रही है, जोकि एक सप्ताह से वो तैयार कर रही है। उनका कहना है कि वह पिछले आठ सालों से गणेशजी की स्थापना घर पर करती आ रही है। इको फेंडली मूर्ति बनाने के पीछे पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखना है।



## दहेज उत्पीड़न का आरोप तीन साल से मायके में रह रही विवाहिता

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**

एक पिता ने अपनी बेटी के ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, मिर्जापुर निवासी मुकेश कुमार ने अपनी पुत्री रूचि देवी का विवाह 5 जुलाई 2013 को फर्रुखाबाद के मोहल्ला पंचाल घाट (पुरानी घटिया) निवासी राहुल गुप्ता पुत्र रमेशचंद्र गुप्ता के साथ हिंदू रीति-रिवाज से किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति राहुल गुप्ता, भाई अमित गुप्ता, काजल पत्नी अमित गुप्ता और ससुर रमेशचंद्र दहेज की मांग को लेकर रूचि को प्रताड़ित करने लगे।

पीड़ित पिता का आरोप है कि करीब तीन वर्ष पूर्व ससुराल वालों ने उनकी पुत्री के साथ मारपीट की, जिससे उसका हाथ टूट गया और सिर में भी चोटें आईं। इसके बाद से उसकी मानसिक स्थिति भी प्रभावित हुई। पिता के मुताबिक, करीब तीन वर्षों से रूचि उनके साथ रह रही है और उसका इलाज भी वह स्वयं करा रहे हैं। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि ससुराल पक्ष द्वारा न तो रूचि को अपने साथ रखा जा रहा है और न ही उसके इलाज की जिम्मेदारी उठाई जा रही है। आरोप है कि आए दिन जान से मारने की धमकी दी जाती है और पीड़ित पिता के साथ भी गाली-गलौज की जाती है। मुकेश कुमार ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## खबरें एक नजर में

### धौरहरा में मगरमच्छ ने महिला को निगला, नाले किनारे मिले कपड़े

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा क्षेत्र में शनिवार शाम करीब 6 बजे दिल दहला देने वाली घटना हुई। कफारा बाजार से घर लौट रही 55 वर्षीय गंगा देवी पर खेतों में भरे पानी में घात लगाए मगरमच्छ ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार मगरमच्छ महिला को जबड़ों में दबोचकर बुढ़िया नाले में खींच ले गया। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला ।रविवार सुबह बुढ़िया नाले के पास खेत में महिला के कपड़े, सब्जियों से भरा झोला और कुछ दूरी पर मांस का टुकड़ा पड़ा मिला। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि नाले में लंबे समय से कई मगरमच्छ हैं, जो पहले भी कुत्ते, बंदर और बकरियों को अपना निवाला बना चुके हैं। खेतों में पानी भरने से खतरा और बढ़ गया है। सूचना पर सीओ शमशेर बहादुर सिंह और प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला के कपड़े और मांस के टुकड़े को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। वन विभाग को भी सूचना दे दी गई है।

### तेंदुए का आतंक, बछड़ा और बकरी को बनाया निशाना



**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर निघासन वन रेंज के नौरंगाबाद फार्म में शनिवार रात तेंदुए ने घर के बाहर बंधे बछड़े को अपना शिकार बना लिया। नौरंगाबाद फार्म निवासी सुखदेव सिंह उर्फ लाडी के घर के बाहर बंधे बछड़े पर रात करीब 9 बजे तेंदुए ने हमला कर उसे खींचकर मार डाला। इससे पहले भी तेंदुआ गांव के पास एक और बछड़े को मार चुका है ।इसी रात किशन नगर में भी तेंदुआ घर में घुस आया। रात 2 बजे गणेश की पत्नी बुधनी की बकरियां अचानक आवाज करने लगीं। बाहर आकर देखा तो तेंदुआ एक बकरी को उठाकर ले जा रहा था। शोर सुनकर परिवार के लोग जाग गए, लेकिन तब तक तेंदुआ भाग चुका था। लगातार हुई दो घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है और ग्रामीणों ने रात जागकर बिताई ।सूचना पर रविवार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नौरंगाबाद फार्म में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाया। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बछड़े और बकरी को तेंदुए ने निवाला बनाया है। वन विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है, वहीं ग्रामीणों ने जल्द तेंदुए को पकड़ने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### बाढ़ राहत में कथित अनियमितता के आरोपों से उठे सवाल

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा तहसील क्षेत्र में बाढ़ और कटान राहत के नाम पर कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर शिकायतकर्ताओं ने कई ऐसे मामलों का हवाला दिया है, जिनमें संबंधित गाटे सार्वजनिक, बंजर या चक मार्ग के रूप में दर्ज बताए जा रहे हैं, लेकिन उन पर भी व्यक्तियों को लाभान्वित किए जाने का आरोप है। शिकायतकर्ताओं ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 1729 हरद्वारी पुत्र द्वारिका निवासी ओझा पुरवा के खाते में दर्ज बताया गया है। आरोप है कि इस गाटे पर विनोद कुमार पुत्र रामनरेश को लाभ दिया गया। इसी तरह गाटा संख्या 1707 अन्य बंजर भूमि के रूप में दर्ज बताई गई है, जिस पर विजेंद्र कुमार पुत्र सियाराम को लाभान्वित किए जाने का आरोप है। गाटा संख्या 2479 चक मार्ग में दर्ज बताया गया है, जिस पर भी एक व्यक्ति को लाभ दिए जाने की बात सामने आई है। ग्राम ओझा पुरवा स्थित गाटा संख्या 1060 ग भी अन्य बंजर भूमि के रूप में दर्ज बताया गया है। आरोप है कि इस गाटे पर कमला देवी पत्नी दिलीप कुमार को लाभ दिया गया। इसी गाटा संख्या पर दिग्विजय यादव पुत्र विशेश्वर को भी लाभान्वित किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ये मामले केवल उदाहरण हैं। आरोप है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से करीब 50 से 60 किलोमीटर दूर स्थित गांवों के कई लोगों के नाम भी राहत सूची में शामिल कर उनके खातों में 15 हजार से 25 हजार रुपये तक भेजे गए।

# कांग्रेस कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत: अब्दुल हन्नान

- कार्यकर्ता संवाद में 2027 के विस चुनाव को लेकर एकजुटता का आह्वान

**सीतापुर।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को हिंदी सभा, लालबाग पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एआईसीसी सह-प्रभारी अब्दुल हन्नान ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ी जा रही है। अब्दुल हन्नान ने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुटना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी एकजुटता और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा पार्टी नेतृत्व के निर्देशन में संगठन को मजबूत करने की बात कही।

# घुमंतू-विमुक्त जाति परिषद ने छात्रों को बांटे झोले व भारत माता के चित्र

**समृद्धि न्यूज, एलिया, सीतापुर।**

क्षेत्र पंचायत एलिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत जार टिकरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में घुमंतू-विमुक्त जाति परिषद की ओर से छात्र-छात्राओं को झोले एवं भारत माता के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रभावना को बढ़ावा देना रहा।

इस अवसर पर परिषद के विभाग संयोजक अजय जी ने घुमंतू एवं विमुक्त जातियों के इतिहास और उनके सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश में कई ऐसी जातियां हैं, जो स्थायी रूप से एक स्थान पर नहीं रहतीं और घूम-घूमकर अपना जीवनयापन करती हैं। इन्हें मुख्य रूप से विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जातियों के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1871 में अंग्रेजी शासन के दौरान कुछ समुदायों पर क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू कर उन्हें जन्मजात अपराधी घोषित किया गया था। स्वतंत्रता के बाद इस कानून से मुक्ति मिली और इसी की स्मृति में 31 अगस्त को विमुक्त जाति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नट, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा-जोगी, गाड़िया लोहार, बहेलिया, बाजीगर और ओढ़ समेत अनेक जातियां घुमंतू एवं विमुक्त समुदायों में शामिल हैं।

विभाग संयोजक ने कहा कि इन समुदायों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकारों द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी घुमंतू एवं विमुक्त जातियों के लिए विशेष कल्याण बोर्ड बनाए जाने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य गांव-गांव कैंप लगाकर आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं मतदाता पहचान पत्र सहित जरूरी दस्तावेज बनवाने में सहयोग करना है। साथ ही पात्र परिवारों को आवास, भूमि पट्टा एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक करना भी परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने समाज के लोगों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही इन समुदायों के बच्चों को बेहतर भविष्य और समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है।

# महिला थाने पर सुलह समझौते से निपटारा करा कर 10 जोड़ों की गई विदाई

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में थानाध्यक्ष महिला थाना बबिता पटेल द्वारा काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, सुश्री कुसुम गुप्ता,कय्यूम ज़रवानी के द्वारा पारिवारिक विवादों के 17 मामलों में सुलह कराके 10 जोड़े पति पत्नी की विदाई कराके सराहनीय कार्य किया गया है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के दिशा निर्देशन में महिला थाने के परिवार परामर्श केन्द्र पर थानाध्यक्ष श्रीमती बबिता पटेल व काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 17 मामलों में सुलह समझौता का प्रयास किया गया, जिसमें से 10 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 5 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है, 2 मामलों में जिसमें सुलह प्रयास सार्थक नही हुआ। इस अवसर पर महिला थाने की उपनिरीक्षक दिनेश मणि पाण्डेय, महिला आरक्षी सुमन लता, बबली पवार, सारिका सिंह चौहान , रेखा गौड़ द्वारा काफी सहयोग किया गया है, सुलह समझौता के समय पक्षकारों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे है।



# आपका आशीर्वाद मेरी कामयाबी राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित सैयदा का हुआ सम्मान

- इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में समारोह आयोजित

**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित सैयदा के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने बुके, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सैयदा को सम्मानित किया। तजीन जहां ने कैप एवं बैच लगाकर उनका स्वागत किया। समारोह में बेसिक शिक्षक वसीम, मोहम्मद तारिक और मोहम्मद अकरम ने भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सैयदा का सम्मान किया। राज्य स्तर पर अध्यापक पुरस्कार प्राप्त करने पर उपस्थित शिक्षकों एवं लोगों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए इसे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहम्मद तारिक खान ने कहा कि विद्यालय के अन्य शिक्षक भी भविष्य में अध्यापक पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए अपने दायित्वों के प्रति पूरी निष्ठा के साथ लगन, निरंतर मेहनत और समर्पण की भावना जरूरी है। शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन कर विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मान से अभिभूत सैयदा ने कहा, आपका आशीर्वाद ही मेरी कामयाबी है। भविष्य में भी आपकी दुआओं की तलबगार रहूंगी। उनके इस भावपूर्ण संबोधन पर मौजूद लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने मिले सम्मान को अपने लिए प्रेरणा बताते हुए भविष्य में भी पूरी निष्ठा से शिक्षण कार्य जारी रखने की भावना व्यक्त की।



# सुनगढ़ी पुलिस-एसओजी ने खोला बाइक चोरी का बड़ा राज, 17 मोटरसाइकिलों के साथ दो गिरफ्तार

- निशानदेही पर 15 और बाइक बरामद

**पीलीभीत।** मोटरसाइकिल चोरी की लगातार सामने आ रही घटनाओं के बीच सुनगढ़ी पुलिस और एसओजी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त टीम ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कुल 17 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी चोरी के वाहनों की नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर प्लेट लगाते थे और बाद में उन्हें बेचने का काम करते थे। बरामद बाइकों को उत्तराखंड ले जाकर बेचने की तैयारी थी। 13 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर सुनगढ़ी पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने माधोटांडा बाईपास रोड पर घेराबंदी की। टीम ने मौके से सुखविंदर सिंह पुत्र हरबेल, उम्र 28 वर्ष, निवासी तोता बैरिया, थाना कैनाल खेड़ा, जनपद ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड तथा सिकंदर सिंह पुत्र गुरुदीप सिंह, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम बेरखेड़ा, थाना बिलासपुर, जनपद रामपुर को दो चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार चोरी के बाद वाहनों की असली नंबर प्लेट निकालकर फर्जी नंबर प्लेट लगाई जाती थी, ताकि पहचान छिपाकर उन्हें आसानी से बेचा जा सके। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 15 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद कर लीं। मामला थाना सुनगढ़ी में दर्ज मुअसं 405/2026, 324/2026 एवं 407/2026, धारा 303(2) बीएनएस से जुड़ी चोरी की घटनाओं के अनावरण से संबंधित है।



# पिपरामंडन-दियोराजपुर के बीच विकास की नई राह, 5.16 करोड़ से बने लघु सेतु का लोकार्पण

- रपटा की जगह 3×18 मीटर स्पान के सेतु से आवागमन होगा सुगम
- बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने जनता को समर्पित की बड़ी सौगात

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आवागमन की सुविधा को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पिपरामंडन से दियोराजपुर के मध्य माला नदी पर रपटा के स्थान पर निर्मित 3×18 मीटर स्पान के लघु सेतु, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का लोकार्पण महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने किया। करीब 516.15 लाख रुपये यानी 5.16 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना को क्षेत्रीय लोगों के लिए बड़ी विकास सौगात माना जा रहा है। माला नदी पर रपटा होने के कारण बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। नदी का जलस्तर बढ़ने पर रास्ता प्रभावित होने की स्थिति में आसपास के गांवों के लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। अब लघु सेतु के निर्माण से पिपरामंडन, दियोराजपुर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संपर्क व्यवस्था पहले के मुकाबले अधिक सुगम और सुरक्षित होने की उम्मीद है।

**5.16 करोड़ की परियोजना से मजबूत हुआ ग्रामीण संपर्क:** लोकार्पित परियोजना में केवल सेतु का निर्माण ही नहीं, बल्कि उसके साथ पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य भी कराए गए हैं। इससे पुल तक पहुंचने वाले मार्ग को बेहतर बनाने के साथ नदी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। विकास कार्य पूरा होने से स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिलने की बात कही गई।? लोकार्पण के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र के विकास को अपनी प्राथमिकताओं में बताते हुए कहा कि बरखेड़ा विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सड़क, पुल और संपर्क मार्ग किसी भी क्षेत्र की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण आधार होते हैं। ऐसे विकास कार्यों से गांवों की मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी बेहतर होती है और ग्रामीणों की आवाजाही आसान बनती है। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने इस विकास कार्य के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया।





## सहयोग का घोषणापत्र

ब्रिक्स के नई दिल्ली घोषणापत्र पर सदस्य देशों की सहमति भारत की कूटनीतिक क्षमता और बढ़ते वैश्विक प्रभाव का महत्वपूर्ण प्रमाण है। यह उपलब्धि इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि ब्रिक्स में शामिल देशों के बीच अनेक मुद्दों पर मतभेद हैं। विशेष रूप से ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच पश्चिम एशिया के संकट को लेकर अलग-अलग परिस्थितियां और हित हैं। ऐसे वातावरण में सभी सदस्य देशों को एक साझा घोषणापत्र पर सहमत कराना आसान नहीं था। भारत ने यह चुनौती स्वीकार की और सभी को साथ लाने में सफलता हासिल की।

भारत की इस कूटनीतिक सफलता को उसके पिछले अनुभव के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोपीय देशों तथा रूस के बीच गहरे मतभेद थे। पश्चिमी देश रूस के प्रति तीखे तेवर अपनाए हुए थे, फिर भी भारत ने ऐसी भाषा और सहमति का रास्ता निकाला, जिस पर सभी देश एकमत हो सके। नई दिल्ली में ब्रिक्स के दौरान भी भारत ने इसी तरह की संतुलित कूटनीति का परिचय दिया है। नई दिल्ली घोषणापत्र में पश्चिम एशिया के संकट को लेकर भले ही किसी देश का नाम लेकर सीधी टिप्पणी न की गई हो, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में इस विषय पर साझा सहमति बनना अपने आप में महत्वपूर्ण है। ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच क्षेत्रीय तनाव और बदलते समीकरण किसी से छिपे नहीं हैं। ऐसे समय में इन देशों का एक साझा बयान पर सहमत होना भारत की मध्यस्थता और संवाद की क्षमता को रेखांकित करता है। इससे भी आगे बढ़कर ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत होना इस बात का संकेत है कि बहुपक्षीय मंच केवल घोषणाएं करने का माध्यम नहीं, बल्कि संवाद के नए रास्ते खोलने का अवसर भी बन सकता है। भारत की विशिष्टता यही है कि वह परस्पर विरोधी हितों वाले देशों के साथ भी संवाद बनाए रखने में सक्षम है। वह क्वाड का सदस्य है तो ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन का भी हिस्सा है। इन संगठनों के सदस्य देशों के रणनीतिक हित और दृष्टिकोण कई बार एक-दूसरे से भिन्न होते हैं, लेकिन भारत ने अपनी विदेश नीति में किसी एक खेमे तक सीमित रहने के बजाय राष्ट्रीय हितों के अनुरूप सभी प्रमुख शक्तियों के साथ संबंध बनाए रखने की क्षमता दिखाई है। यही संतुलन आज भारत को वैश्विक कूटनीति में विशिष्ट स्थान दिलाता है।

ब्रिक्स की नई दिल्ली बैठक से एक और महत्वपूर्ण संदेश निकलता है। यदि इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र के कमजोर होते प्रभाव और वर्तमान वैश्विक व्यवस्था की चुनौतियों के बीच अधिक प्रभावी बनाना है तो सदस्य देशों को अपने मतभेदों से ऊपर उठकर सहयोग का रास्ता अपनाना होगा। केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, बल्कि आतंकवाद, संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक संस्थाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर भी साझा दृष्टिकोण विकसित करना होगा। हालांकि घोषणापत्र पर सहमति बन जाना अपने आप में अंतिम उपलब्धि नहीं है। असली चुनौती उसके शब्दों को व्यवहार में उतारने की है। यह जिम्मेदारी केवल ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की नहीं है। चीन और रूस समेत प्रत्येक सदस्य देश को घोषणापत्र में व्यक्त सिद्धांतों के प्रति समान रूप से प्रतिबद्धता दिखानी होगी। घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए आतंकवाद के प्रति दोहरे मानदंड की प्रवृत्ति को रेखांकित किया गया है। यह संदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आतंकवाद के मामले में चयनात्मक दृष्टिकोण वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। चीन को विशेष रूप से इस पहलू पर आत्ममंथन करना होगा, क्योंकि उस पर आतंकवाद के सवाल पर दोहरे मानदंड अपनाने के आरोप लगते रहे हैं।

इसी प्रकार हर देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान का सिद्धांत भी केवल घोषणापत्र की भाषा तक सीमित नहीं रहना चाहिए। रूस समेत सभी सदस्य देशों को इस सिद्धांत की वास्तविक भावना का सम्मान करना होगा। यदि ब्रिक्स अपने ही घोषित सिद्धांतों के अनुरूप आचरण नहीं करता तो वह दूसरे देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से नियमों के पालन की अपेक्षा कैसे कर सकता है? ब्रिक्स की विश्वसनीयता इस बात से तय होगी कि उसके सदस्य घोषणापत्र में व्यक्त सहमति को अपने व्यवहार में कितना उतारते हैं। भारत ने कठिन परिस्थितियों के बीच सहमति बनाकर अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाई है। अब संगठन के दूसरे सदस्यों की परीक्षा है। उन्हें समझना होगा कि साझा घोषणापत्र केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि साझा जिम्मेदारी का दस्तावेज है। यदि ब्रिक्स देश आतंकवाद के विरुद्ध बिना भेदभाव के खड़े होते हैं, संप्रभुता का सम्मान करते हैं, आपसी मतभेदों के बावजूद संवाद जारी रखते हैं और वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए मिलकर काम करते हैं, तभी यह संगठन वास्तव में प्रभावशाली विकल्प बन सकेगा। नई दिल्ली घोषणापत्र इसलिए केवल भारत की कूटनीतिक सफलता का दस्तावेज नहीं है, बल्कि ब्रिक्स के भविष्य की दिशा भी तय करता है। सहमति बनाना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उस सहमति को ईमानदारी से लागू करना है। घोषणापत्र की सफलता उसके शब्दों में नहीं, बल्कि सदस्य देशों के आचरण में दिखाई देनी चाहिए। यही ब्रिक्स को मजबूत करेगा और वैश्विक व्यवस्था में उसे एक प्रभावी, विश्वसनीय और संतुलित शक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

### दो टूक




# ब्रिक्स में मोदी का शक्ति प्रदर्शन, पाकिस्तान में खलबली


नीरज कुमार दुबे

नई दिल्ली में आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की गूंज वैसे तो पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है लेकिन पाकिस्तान के सत्ता और रक्षा प्रतिष्ठान में इसे लेकर जबरदस्त सन्नाटा छाया हुआ है। सन्नाटा इसलिए है क्योंकि शहबाज शरीफ से लेकर असीम मुनीर तक, आसिफ अली जरदारी से लेकर ख्वाजा आसिफ तक और इशाक डार से लेकर पाकिस्तान के अन्य बड़बोले नेताओं तक की नजरें टीवी चैनलों पर लगी हुई हैं और जैसे जैसे वैश्विक नेता एक एक कर दिल्ली की धरती पर उतर रहे हैं वैसे वैसे पाकिस्तान हुक्मरानों का गला सूखता जा रहा है।

हम आपको बता दें कि इस्लामाबाद के लिए दिल्ली का यह सम्मेलन इसलिए असहज करने वाला है क्योंकि यहां चीन, ईरान और सऊदी अरब जैसे उसके अपने रणनीतिक साझेदार भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि इस्लामाबाद की कुटिल नजर भारत-चीन संबंधों के संभावित सुधार पर टिकी हुई हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से भी बाकायदा चीन-भारत बढ़ती नजदीकी पर सवाल पूछा गया, जिस पर उसने कहा कि चीन के साथ उसकी सर्व-मौसम साझेदारी किसी तीसरे देश के साथ चीन के संबंधों से प्रभावित नहीं होगी। लेकिन यही स्पष्टीकरण बताता है कि सवाल कितना महत्वपूर्ण हो चुका है।

पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका मोदी-शी जिनपिंग की मुलाकात होने वाली है। सात साल बाद शी जिनपिंग का भारत आना अपने आप में बड़ा संकेत है। सीमा विवाद के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे संवाद बहाल किया है और अब व्यापार, निवेश, सीमा प्रबंधन तथा रणनीतिक संवाद पर आगे बढ़ने की कोशिश हो रही है। पाकिस्तान के लिए समस्या यह है कि उसकी सुरक्षा रणनीति लंबे समय से इस धारणा पर टिकी रही है कि भारत को दो मोर्चों पर एक साथ दबाव में रखा जा सकता है। लेकिन अगर बीजिंग और नई दिल्ली टकराव से प्रतिस्पर्धी सह-अस्तित्व की ओर बढ़ते हैं, तो इस्लामाबाद का वह रणनीतिक गणित कमजोर पड़ सकता है। साथ ही पाकिस्तान इसलिए भी परेशान है कि यदि भारत और चीन के संबंध सुधरे तो भविष्य के भारत-पाक संघर्ष में बिना बीजिंग के सहयोग के इस्लामाबाद के लिए मैदान में कुछ घंटे टिक पाना भी मुश्किल हो जायेगा।




**भारत और सऊदी अरब के संबंध और मजबूत होते हैं तो मक्का पैक्ट के पैकेट की हवा पूरी तरह निकल जायेगी। साथ ही ईरानी राष्ट्रपति से मोदी की बातचीत के बाद यदि पश्चिम एशिया के हालात में सुधार होता है तो पाकिस्तान की उस पूरी कूटनीतिक कवायद पर पानी फिर जायेगा जिसके तहत कभी अमेरिका और ईरान को इस्लामाबाद बुलाकर वार्ता कराई गयी तो कभी शहबाज शरीफ और असीम मुनीर भागे भागे तेहरान और वाशिंगटन के चक्कर लगाते रहे। साथ ही पाकिस्तान को एक और कारण से बेचैनी हो रही है। दरअसल जिस ब्रिक्स में पाकिस्तान सदस्यता चाहता है, उसी मंच की मेजबानी भारत कर रहा है और विस्तार के लिए सर्वसम्मति जरूरी होने के कारण पाकिस्तान की सदस्यता की राह में भारत की आपत्ति निर्णायक बाधा है। हम आपको यह भी बता दें कि इस समय पाकिस्तान के टीवी चैनलों और सोशल मीडिया मंचों पर चल रही डिबेटस में मोदी की सफल कूटनीति का विश्लेषण करने के साथ-साथ शहबाज और मुनीर की जोड़ी की कूटनीतिक विफलताओं पर भी खुलकर चर्चा की जा रही है।**

दूसरा मोर्चा मोदी-पुतिन समीकरण है। दोनों नेताओं की बैठक में एस-400 की अंतिम यूनिट की डिलीवरी और अगली पीढ़ी के ब्रह्मोस पर चर्चा हो रही है। भारत को चार एस-400 रेजिमेंट मिल चुकी हैं और पांचवीं की डिलीवरी पर रूस ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पाकिस्तान के लिए यह इसलिए चिंता का विषय है क्योंकि भारत की वायु-रक्षा और लंबी दूरी की मारक क्षमता में रूसी सहयोग उसकी सैन्य गणना को और कठिन बनाता है। आने वाले समय में ब्रह्मोस के उन्नत संस्करण और संयुक्त उत्पादन पर बातचीत इस तस्वीर को और गंभीर बना सकती है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल हुए भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान रूस की एस-400 ने पाकिस्तान के लगभग सभी हमलों को निष्क्रिय कर दिया था। उस समय पाकिस्तान ने चीन और तुर्की से रक्षा उपकरण लेकर भारत पर निशाने साधे थे लेकिन एस-400 के आगे कोई नहीं टिक पाया था। ऐसे में पाकिस्तान की नजरें इस बात पर बनी हुई हैं कि भारत और रूस के बीच क्या नये रक्षा समझौते होने जा रहे हैं।

पाकिस्तान की तीसरी चिंता सऊदी अरब और चौथी ईरान को लेकर है। ब्रिक्स की मेज पर सऊदी अरब और ईरान दोनों हैं, जबकि पश्चिम एशिया अब भी संघर्ष की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान के लिए यह बेहद असहज परिस्थिति है क्योंकि एक तरफ वह सऊदी अरब के साथ अपने सुरक्षा संबंधों को महत्वपूर्ण मानता है, दूसरी तरफ भारत के खाड़ी देशों के साथ रिश्ते लगातार गहरे हो रहे हैं। इसी बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भारत पहुंचे हैं और मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता भी हो रही है। पाकिस्तान की चिंता यहां यह है कि सऊदी अरब के साथ वह हाल ही में मक्का पैक्ट में शामिल हुआ है। ऐसे में यदि भारत और सऊदी अरब के संबंध और मजबूत होते हैं तो मक्का पैक्ट के पैकेट की हवा पूरी तरह निकल जायेगी। साथ ही ईरानी राष्ट्रपति से मोदी की बातचीत के बाद यदि पश्चिम एशिया के हालात में सुधार होता है तो पाकिस्तान की उस पूरी कूटनीतिक कवायद पर पानी फिर जायेगा जिसके तहत कभी अमेरिका और ईरान को इस्लामाबाद बुलाकर वार्ता कराई गयी तो कभी शहबाज शरीफ और असीम मुनीर भागे भागे तेहरान और वाशिंगटन के चक्कर लगाते रहे।

साथ ही पाकिस्तान को एक और कारण से बेचैनी हो रही है। दरअसल जिस ब्रिक्स में पाकिस्तान सदस्यता चाहता है, उसी मंच की मेजबानी भारत कर रहा है और विस्तार के लिए सर्वसम्मति जरूरी होने के कारण पाकिस्तान की सदस्यता की राह में भारत की आपत्ति निर्णायक बाधा है। हम आपको यह भी बता दें कि इस समय पाकिस्तान के टीवी चैनलों और सोशल मीडिया मंचों पर चल रही डिबेटस में मोदी की सफल कूटनीति का विश्लेषण करने के साथ-साथ शहबाज और मुनीर की जोड़ी की कूटनीतिक विफलताओं पर भी खुलकर चर्चा की जा रही है।

बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो दिल्ली का ब्रिक्स सम्मेलन इस्लामाबाद को इसलिए भी बहुत ज्यादा असहज कर रहा है क्योंकि यह बदलते दक्षिण एशियाई शक्ति-संतुलन का आईना बनकर उभर रहा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है हिन्दी

रमेश सर्राफ धमोरा

हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिन्दी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। विश्व की प्राचीन, समृद्ध और सरल भाषा होने के साथ-साथ हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा भी है। वह दुनियाभर में हमें सम्मान भी दिलाती है। यह भाषा है हमारे सम्मान, स्वाभिमान और गर्व की। हम आपको बता दें कि हिन्दी भाषा विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है।

हिन्दी भारत सरकार की आधिकारिक भाषा है और हिंदी बोलने वालों की संख्या भारत में सर्वाधिक है। इसका इतिहास प्राचीन संस्कृत और प्राकृत भाषाओं से जुड़ा है। हिन्दी भाषा का जन्म भारत में ही हुआ था। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बांग्ला और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

हिन्दी एक भारतीय इंडो-यूरोपीय भाषा है जो संस्कृत से विकसित हुई और देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। देवनागरी लिपि में ही संस्कृत, मराठी, नेपाली और कई अन्य भारतीय भाषाएँ भी लिखी जाती है। देवनागरी का अर्थ है देवताओं की लिपि या शहर की लिपि। यह संस्कृत के दो शब्दों देव (ईश्वर/देवता) और नागरी (नगर/शहर से लिया गया विशेषण) से मिलकर बना है। देवनागरी एक ब्राह्मी-आधारित वर्णमाला है जिसका उपयोग भारत की कई भाषाएँ जैसे हिंदी, मराठी और संस्कृत को लिखने के लिए किया जाता है। इसीलिए हिंदी भाषा को संस्कृत भाषा की प्रत्यक्ष वंशज कहा जाता है। हिंदी भाषा एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है।



**हिन्दी दिवस पर विशेष**

भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है।

आदिकाल से अबतक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो। बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संदीप ठाकुर

## दो दिलों में तनातनी क्यों है

दो दिलों में तनातनी क्यों है
प्यार के बीच दुश्मनी क्यों है

बंद है बातचीत तक सोचो
सूरते हाल ये बनी क्यों है

मेरा हर दिन उदास सा क्यों है
तेरी हर रात अनमनी क्यों है

मुंतज़िर मंज़िलों ने पूछ लिया
पांव की राह से ठनी क्यों है

गर इसे सांवला नहीं होना
धूप बदली से फिर छनी क्यों है

रात भर गूंजता है सन्नाटा
हर तरफ एक सनसनी क्यों है

गिर गई सारी पत्तियां फिर भी
छांव इस पेड़ की घनी क्यों है

ढल गया चांद रात बीत गई
पर मेरी छत पे चांदनी क्यों है



# गणेशोत्सव : प्रथम पूज्य गणपति में समाहित है बुद्धि, विवेक और मंगल का संदेश

उदय कुमार सिंह

देशभर में गणेशोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 14 सितंबर से शुरू होने वाले इस महोत्सव की धूम 25 सितंबर तक रहेगी। लोग श्रद्धा-भक्ति के साथ भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर संपूर्ण मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। वास्तव में विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति, गणनायक, एकदंत, लंबोदर और गजानन जैसे अनेक नामों से पूजे जाने वाले भगवान गणेश भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में विशिष्ट स्थान रखते हैं। किसी भी शुभ कार्य के आरंभ में प्रथम पूज्य के रूप में गणपति का स्मरण करने की परंपरा रही है। धार्मिक मान्यताओं में उन्हें बुद्धि, विवेक, विद्या और शुभारंभ का देवता माना गया है। यही कारण है कि विवाह, गृहप्रवेश, यज्ञ, पूजा, व्यापार और शिक्षा जैसे मांगलिक कार्यों में सबसे पहले गणेश पूजन किया जाता है।

इस वर्ष गणेश चतुर्थी 14 सितंबर को मनाई जाएगी। इसी दिन घरों और सार्वजनिक पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन होगा। हालांकि परंपरा के अनुसार कई परिवार डेढ़, तीन, पांच या सात दिन बाद भी अपनी सुविधा और कुलाचार के अनुसार गणपति विसर्जन करते हैं।



**गणेश चतुर्थी पर विशेष**

गणेशोत्सव अब केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। यह कला, लोकसंस्कृति, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक चेतना से जुड़ा व्यापक पर्व बन चुका है। महाराष्ट्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव ने सामाजिक एकता और स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में जनजागरण का माध्यम बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समय के साथ यह पर्व देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों में बसे भारतीय समुदायों तक पहुंच गया।

**गणेश** : बुद्धि और मंगल के प्रतीकसनातन परंपरा में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि-विवेक का अधिष्ठाता माना जाता है। धार्मिक विश्वास है कि किसी भी शुभ कार्य से पहले गणेश पूजन करने से कार्य निर्विघ्न संपन्न होता है। गणेश शब्द की व्याख्या 'गणों के ईश' के रूप में की जाती है। वे भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र तथा शिवगणों के अधिपति माने जाते हैं। धार्मिक परंपराओं में गणेश को विद्या, बुद्धि, सिद्धि, समृद्धि और आनंद से भी जोड़ा गया है। बुधवार को भी गणेश आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं में बुध ग्रह को बुद्धि, वाणी, गणना और व्यापार से जोड़ा जाता है। हालांकि इससे जुड़े फल धार्मिक और ज्योतिषीय विश्वासों का हिस्सा हैं। गणेश चतुर्थी का धार्मिक महत्वभाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी तिथि को भगवान गणेश का प्राकट्य हुआ था। श्रद्धालु इस दिन विधि-विधान से गणपति की स्थापना कर दूर्वा, मोदक, लड्डू और पुष्प अर्पित करते हैं। घरों और पंडालों में पूजा, आरती, भजन-कीर्तन तथा अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अंतिम चरण में गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। धार्मिक भाव में इसे भगवान गणेश के अपने धाम लौटने और अगले वर्ष फिर आने के निमंत्रण से जोड़ा जाता है।

वर्ष 2026 में गणेश चतुर्थी 14 सितंबर को और अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को होगी। चतुर्थी तिथि 14 सितंबर से 15 सितंबर की सुबह तक रहने के बावजूद पर्व का पालन उदयातिथि के अनुसार 14 सितंबर को किया जाएगा।

महाराष्ट्र से देशव्यापी जनोत्सव तकगणेश पूजा की परंपरा प्राचीन है लेकिन महाराष्ट्र में इसे सार्वजनिक और व्यापक सामाजिक उत्सव का स्वरूप अपेक्षाकृत आधुनिक दौर में मिला। मराठा शासन और पेशवा काल में गणेश आराधना को विशेष महत्व प्राप्त था। बाद में सार्वजनिक गणेशोत्सव को व्यापक स्वरूप देने का श्रेय लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक से जुड़ा। 1893 में पुणे में तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप देने का प्रयास किया। उनका उद्देश्य धार्मिक आयोजन को सामाजिक एकता, जनजागरण और राष्ट्रीय चेतना के मंच के रूप में विकसित करना था। ब्रिटिश शासन के दौर में बड़े राजनीतिक जमावड़ों पर कई तरह की पाबंदियां थीं। ऐसे समय में धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने का माध्यम बने। सार्वजनिक गणेशोत्सव ने महाराष्ट्र में सामूहिक भागीदारी और राष्ट्रवादी चेतना को मजबूत किया। बाद के वर्षों में इसकी लोकप्रियता महाराष्ट्र से बाहर भी फैलती गई। आज मुंबई, पुणे, नागपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई सहित देश के अनेक शहरों में बड़े सार्वजनिक आयोजन होते हैं।

विदेशों में भी गूंजता है 'गणपति बप्पा मोरया'भारतीय प्रवासी समुदाय के विस्तार के साथ गणेशोत्सव दुनिया के कई देशों तक पहुंच चुका है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया और मॉरीशस सहित अनेक देशों में भारतीय समुदाय गणेश चतुर्थी पर पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता है। विदेशों में यह पर्व भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी बन रहा है। दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई हिस्सों में गणेश की प्राचीन प्रतिमाएं और उनसे जुड़े सांस्कृतिक प्रतीक मिलते हैं। इंडोनेशिया सहित कई देशों में गणेश की ऐतिहासिक प्रतिमाएं भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव के पुराने प्रसार की ओर संकेत करती हैं। हालांकि इन क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी भारत जैसी एकरूप परंपरा में मनाई जाती रही हो, ऐसा कहना उचित नहीं होगा।

**क्यों हैं गणपति प्रथम पूज्य?** : भगवान गणेश के प्रथम पूज्य होने को लेकर पुराणों और लोकपरंपराओं में अनेक कथाएं प्रचलित हैं। इनमें गणेश और उनके बड़े भाई कार्तिकेय से जुड़ी कथा सबसे प्रसिद्ध है। कथानुसार एक बार दोनों भाइयों के बीच श्रेष्ठता को लेकर प्रश्न उठा। भगवान शिव ने कहा कि जो पूरे संसार की परिक्रमा करके पहले लौटेगा, वही श्रेष्ठ माना जाएगा। कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर सवार होकर निकल पड़े। गणेश का वाहन मूषक था। उन्होंने अपनी बुद्धि का प्रयोग करते हुए माता-पिता की परिक्रमा की और कहा कि उनके लिए माता-पिता ही संपूर्ण संसार हैं। गणेश की बुद्धिमत्ता से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें प्रथम पूज्य होने का वर दिया। धार्मिक परंपरा में यह कथा शक्ति और गति के मुकाबले बुद्धि और विवेक की महत्ता का प्रतीक मानी जाती है। इसका संदेश है कि हर चुनौती का समाधान केवल शारीरिक सामर्थ्य या गति से नहीं बल्कि सूझबूझ से भी संभव है। गणेश के स्वरूप में छिपे जीवन-संदेशभगवान गणेश का स्वरूप प्रतीकों से समृद्ध माना जाता है। उनका विशाल मस्तक व्यापक चिंतन, छोटी आंखें एकाग्रता और बड़े कान अधिक सुनने की क्षमता का प्रतीक माने जाते हैं। उनकी सूंड सक्रियता और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता का संकेत देती है। विशाल उदर को जीवन में मिलने वाली अच्छी-बुरी परिस्थितियों को धैर्यपूर्वक स्वीकार करने और उन्हें पचाने की क्षमता से जोड़ा जाता है। इसी कारण उन्हें 'लंबोदर' कहा जाता है। उनका एक टूटा हुआ दांत उन्हें 'एकदंत' नाम देता है। धार्मिक व्याख्याओं में इसे त्याग, ज्ञान और उद्देश्य के प्रति समर्पण का प्रतीक माना गया है। गणेश का वाहन मूषक भी अपने भीतर प्रतीकात्मक अर्थ समेटे है। धार्मिक व्याख्या में मूषक को चंचल मन, इच्छाओं और भटकती प्रवृत्तियों से जोड़ा जाता है। विशाल गणेश के साथ छोटे मूषक की कल्पना इस संदेश को व्यक्त करती है कि बुद्धि और विवेक से मन की चंचलता पर नियंत्रण पाया जा सकता है। चार भुजाओं में जीवन-दर्शनभगवान गणेश के चार हाथों में विभिन्न वस्तुओं का चित्रण मिलता है। इनमें पाश, अंकुश, मोदक और वरद अथवा अभय मुद्रा प्रमुख हैं। धार्मिक व्याख्याओं में पाश को आसक्ति पर नियंत्रण, अंकुश को मन को सही दिशा देने, मोदक को ज्ञान से मिलने वाले आनंद और वरदहस्त को कृपा एवं संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। हालांकि गणेश के स्वरूप और हाथों में धारण की जाने वाली वस्तुओं की व्याख्या विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में अलग-अलग मिलती है। यह विविधता भारतीय धार्मिक प्रतीक परंपरा की विशेषता है। गणेश जन्म और महाभारत से जुड़ी कथाएंभगवान गणेश के जन्म को लेकर विभिन्न पुराणों में अलग-अलग कथाएं मिलती हैं। सबसे लोकप्रिय कथा के अनुसार माता पार्वती ने अपने शरीर के उबटन से एक बालक का निर्माण किया और उसे द्वारपाल बनाया। जब भगवान शिव वहां पहुंचे तो बालक ने उन्हें भीतर जाने से रोक दिया। विवाद बढ़ने पर शिव ने उसका मस्तक अलग कर दिया। बाद में माता पार्वती के आग्रह पर भगवान शिव ने हाथी का मस्तक लगाकर उसे पुनर्जीवन दिया। इसी कारण गणेश 'गजानन' कहलाए। गणेश का संबंध महाभारत की रचना की प्रसिद्ध कथा से भी जुड़ा है। धार्मिक परंपरा के अनुसार महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना की और भगवान गणेश ने उसे लिपिबद्ध किया। कथा के अनुसार गणेश ने लगातार लिखने की शर्त रखी, जबकि व्यास ने प्रत्येक श्लोक का अर्थ समझने के बाद ही उसे लिखने की शर्त रखी। इस कथा ने गणेश को लेखन, ज्ञान और बुद्धि के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठित किया। श्रद्धा से सामाजिक सहभागिता तक आधुनिक समय में गणेशोत्सव का स्वरूप धार्मिक अनुष्ठान से आगे बढ़कर सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन का रूप ले चुका है। सार्वजनिक पंडालों में पूजा के साथ संगीत, नाटक, कला प्रदर्शनियां, सामाजिक जागरूकता अभियान और सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं। पर्व का एक नया पक्ष पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा है। कई स्थानों पर मिट्टी की प्रतिमाओं, प्राकृतिक रंगों, कृत्रिम विसर्जन कुंडों और प्लास्टिक के सीमित इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश भी जुड़ रहा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

**कुरारा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा**

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के रमेडी डांडा और सिकरोड़ी निवासी दो वारंटियों को कुरारा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार भोला का डेरा, थाना कोतवाली हमीरपुर निवासी राजकुमार पुत्र स्व. बिंदन तथा सिकरोड़ी निवासी रघुनाथ केवट पुत्र स्व. मइयादीन केवट के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी हुए थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिवमदत, उपनिरीक्षक चंद्रभान, हेड कांस्टेबल इंद्रजीत और कांस्टेबल विशाल सेजेवाल शामिल रहे। पुलिस की कार्रवाई से वारंटियों में हड़कंप की स्थिति रही।

**आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर युवा खेल कुंभ आयोजित**



**राठ (हमीरपुर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को राठ नगर में शारीरिक प्रधान कार्यक्रम के तहत युवा खेल कुंभ का आयोजन किया गया। इसमें नगर की सभी 16 शाखाओं के स्वयंसेवकों समेत नगर, जिला और विभाग कार्यकारिणी के दायित्वधारी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में 150 से अधिक युवा स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता सह संचालक हरिनारायण नगायच ने शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्रहित, देशहित और संगठन हित में समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान सह जिला प्रचारक अमित, सह जिला व्यवस्था प्रमुख संजय, सह जिला सेवा प्रमुख विष्णु, जिला बाल कार्य प्रमुख अनुज, विभाग सेवा प्रमुख मातादीन, नगर कार्यवाह प्रदीप, मनोज, सोमेंद्र परिहार और श्याम सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

**किन्नरों ने भरथरी नृत्य के साथ किया तीजा महोत्सव का आगाज**

**सुमेरपुर।** परंपरानुसार रविवार शाम मुन्ना सिंह जमींदार के दरवाजे पर किन्नरों ने भरथरी नृत्य प्रस्तुत कर तीजा महोत्सव का आगाज किया। इसके बाद किन्नर नाचते-गाते चांदघोंक, ऊंचा थोक समेत विभिन्न मोहल्लों में पहुंचे और नेग लेकर कस्बावासियों को तीजा शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान महोत्सव को लेकर कस्बे में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में शनि सिंह, ईशु सिंह, छुट्टन सिंह, शालू सिंह, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

**विभिन्न वार्डों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव**

**समथर (झांसी)।** कस्बे में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने विभिन्न वार्डों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराया। पालिकाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना के निर्देश पर वार्ड नंबर 1, 6, 9, 14 और 24 की गलियों, नालियों एवं चिन्हित स्थानों पर दवा का छिड़काव किया गया। पालिका प्रशासन ने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष ने सभी वार्डों में आवश्यकता के अनुसार नियमित छिड़काव कराने के निर्देश दिए। साथ ही नगरवासियों से आसपास साफ-सफाई रखने और पानी जमा न होने देने की अपील की।

**मुख्यमंत्री राज्य पुरस्कार से प्रधानाचार्या डा. कल्पना सिंह सम्मानित**

**झांसी।** हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब ऑफ झांसी की ओर से दतिया गेट स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरु वंदना-छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्या डा. कल्पना सिंह सहित शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षक की भूमिका और हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या कल्पना सिंह के नेतृत्व और शैक्षणिक योगदान की सराहना की गई। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने जैन-जी की भूमिका विषय पर विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न दिए गए इस अवसर पर कविता चौरसिया, रिया सोनी, निकिता कुशवाहा, दीक्षा पटेरिया, कल्पना गुप्ता, आदेश चतुर्वेदी, विनीत खरे, वैष्णवी रायकवार, जीनत प्रवीन, मीना कुशवाहा, राकेश कुमार मिश्रा, संजीव कुमार दुबे, गिरजा शंकर राजपूत और देवेंद्र पाल सहित अन्य शिक्षक सम्मानित हुए।

**संगीत गोष्ठी में राग-रागिनियों की प्रस्तुति**

**गुरसराय (झांसी)।** ग्राम खड़ौरा में बाबू दोज पर संगीत गुरु पं. परशुराम पाठक की अध्यक्षता में संगीत गोष्ठी आयोजित हुई। कलाकारों ने राग-रागिनियों और भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ संगीतकार पं. अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी रहे। ब्रजेश त्रिपाठी शास्त्री ने राग गोरख कल्याण, मालकोश और रागेश्री में बंदिशें व तराने प्रस्तुत किए। सितार पर पं. सरजू शरण पाठक और तबले पर पं. अखिलेश त्रिपाठी ने संगत की। बीरेंद्र सिंह परिहार, राघवेंद्र तिवारी, मानसी तिवारी, राम नरेश पाठक और राधारमण तिवारी ने भी गायन-वादन प्रस्तुत किया।

**करंट की चपेट में आकर कबाड़ी बेहोश**

**बरुआसागर (झांसी)।** कस्बे के मिलान मोहल्ले में रविवार सुबह बिजली विभाग के कार्यालय परिसर में कबाड़ बीनते समय 40 वर्षीय जगदीश उर्फ चड्डी कबाड़ी करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने बिजली सप्लाई बंद कराने के बाद उसे परिसर से बाहर निकाला और उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा।बताया गया कि अंबेडकर नगर निवासी जगदीश कबाड़ बीनने का काम करता है। रविवार सुबह करीब 10 बजे वह बिजली विभाग के परिसर में पहुंचा था, जहां कई ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। बताया गया कि वह ट्रांसफार्मरों के बीच बिजली के तार उठाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान चालू बिजली लाइन के संपर्क में आने से उसे तेज करंट लग गया।हादसे के बाद लोगों ने 33/11 उपकेंद्र बरुआसागर को सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर बिजली विभाग के कर्मचारी और पुलिस पहुंचे।
छ8 ( फाइल फोटो मृतक )

**नपा के आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी ने घर में फांसी लगायी**

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहर के मोहल्ला जेल चौराहा में रहने वाले नगर पालिका के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। हालांकि उसके परिजनों ने फंदे से उतार कर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आए जहां डॉक्टरी परीक्षण के दौरान उसे मृतक घोषित कर दिया। इसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मुहल्ला जेल चौराहा निवासी 26 वर्षीय प्रशांत शनिवार की शाम घर पर अकेला था। जबकि उसकी मां अपनी पुत्री के यहां गई थी। जब देर शाम को परिजन घर पहुंचे, तो यहां कमरे के अंदर छत के कुंदे से रस्सी के फंदे पर प्रशांत लटकता दिखाई दिया। परिजनों ने फंदे की रस्सी को काटा और प्रशांत को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसके शरीर का परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

**सागर हाइवे किनारे अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से मचा हड़कंप**

**ललितपुर।** शहर से सटे सागर नेशनल हाईवे पर गोविंद सागर बांध के पुछ़ा के समीप किसी अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में हड़कंप जैसी स्थित रही। आनंद खनन में स्थानीय मोहल्ले वासियों द्वारा घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची पर मृतक के शव को कब्जे में लेकर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से कोई ऐसी सामग्री बरामद नहीं हुई, जिससे उसकी पहचान हो सके। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसके बारे में कोई कुछ नहीं बता सका। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और उसकी पहचान करने में जुट गई है। स्थानीय लोगों की माने तो उक्त व्यक्ति उसे इलाके में पिछले करीब 5/ 6 दिनों से घूम रहा था और इधर-उधर से मांग-मांग क़र खाना खा रहा था।

# तीजा मेला एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, दिए कड़े दिशा-निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



तीजा मेला के सफल एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर रविवार को पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रवेश-निकास द्वारों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी, फायर ब्रिगेड, चिकित्सा टीम और आपातकालीन मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती और सहायता केंद्र बनाए जाएंगे। यातायात सुचारु रखने के लिए बैरिकेडिंग, पार्किंग तथा श्रद्धालुओं के लिए अलग पैदल मार्ग की व्यवस्था होगी। एडीएम, एएसपी, एसडीएम सदर, सीओ सदर, सीओ मौदहा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय और कंट्रोल रूम की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

## गाली-गलौज व मारपीट का आरोप, होमगार्ड पर धमकी देने की शिकायत

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के जगनपुर गांव निवासी शिवलखन पुत्र हरेंद्र ने गाली-गलौज, मारपीट और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। शिवलखन के अनुसार वह घर के दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव निवासी पंकज पुत्र राजा सिंह शराब के नशे में वहां से निकला और गाली देने लगा। विरोध करने पर पंकज मारपीट पर आमादा हो गया। आवाज सुनकर उसके चाचा राजाभैया और पिता राजा सिंह लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि राजाभैया होमगार्ड में तैनात है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# मां की हत्या का आरोपी सब्बल समेत गिरफ्तार, अदालत ने भेजा जेल



**सुमेरपुर।** चंदपुरवा बुजुर्ग गांव में वृद्ध मां की सब्बल से हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र आनंदी यादव उर्फ जुल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सब्बल बरामद कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। शनिवार देर शाम आनंदी ने घर के बाहर बैठी अपनी मां रामश्री को पीटते हुए कमरे के अंदर ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया था। आरोप है कि अंदर उसने सिर पर सब्बल से वार कर मां की हत्या कर दी। हत्या के बाद वह करीब चार घंटे तक शव के पास बैठा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर आरोपी को हिरासत में लिया था। मृतका की पुत्री सखीरानी ने भाई के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मां के जमीन बेचने से इनकार करने से नाराज था। आरोपी पूर्व में अपने भाई चुक्खी की हत्या भी कर चुका है। उसके खिलाफ थाने में सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# एमएलसी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बूथ स्तर पर संपर्क मजबूत करने पर जोर



**राठ (हमीरपुर)।** भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य जीतेंद्र सिंह सेंगर ने रविवार को नगर के भटियाना में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियां और सरकार की विकास योजनाएं पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनावी जीत के लिए जनसंपर्क के साथ बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे घर-घर पहुंचकर पात्र लोगों को लाभ दिला सकें। बैठक से पहले सेंगर ने भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र गांधी की अस्वस्थ मां और पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र शर्मा के घर पहुंचकर हालचाल जाना। बैठक में महेंद्र शर्मा, विकास साहू, राजदीप पंडित, मुकेश यादव, अतुल सोनी, करन राजपूत समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आपसी सहमति से खत्म हुई मुकदमेबाजी, खिले पक्षकारों के चेहरे

- राष्ट्रीय लोक अदालत में 20,036 वाद निस्तारित करीब 15 करोड़ का समझौता

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



जनपद न्यायालय परिसर में 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के जरिए 20,036 वादों का निस्तारण किया गया। लंबे समय से चल रहे विवादों के समाधान के बाद पक्षकारों के चेहरों पर राहत और खुशी नजर आई। न्यायालय, राजस्व और बैंक से जुड़े मामलों का समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अरुण कुमार मल्ल, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम अफशां, लोक अदालत के नोडल अधिकारी राजीव कुमार द्वितीय तथा सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वंदना अग्रवाल मौजूद रहीं। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को त्वरित, सुलभ और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों और संबंधित विभागों से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण कराने की अपील की। लोक अदालत में न्यायालयों के 6,050 वाद तथा राजस्व विभाग के 13,772 वाद निस्तारित किए गए। विभिन्न बैंकों के प्रीलिटिगेशन मामलों का भी समझौते से समाधान हुआ। न्यायालयों द्वारा निस्तारित मामलों में करीब 6.46 करोड़ रुपये तथा न्यायालय, राजस्व और बैंक से संबंधित मामलों में कुल करीब 8.60 करोड़ रुपये की धनराशि के मामलों का समझौता कराया गया। इस तरह लोक अदालत में लगभग 15 करोड़ रुपये के मामलों का निपटारा हुआ। जिला एवं सत्र न्यायालय में लंबित एक एनआई एक्ट और एक सिविल वाद का भी आपसी सहमति से निस्तारण हुआ। परिवार न्यायालय में कई वैवाहिक विवाद सुलझे और दंपतियों ने मतभेद भुलाकर साथ रहने का निर्णय लिया। लोक अदालत में निःशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ ओडीओपी और एक जिला-एक व्यंजन के स्टॉल लगाए गए। अंत में नोडल अधिकारी राजीव कुमार द्वितीय ने न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और सहयोगी विभागों का आभार जताया।

## साकिन में धूमधाम से मनाई गई गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जयंती

**समथर ( झांसी)।** ग्राम साकिन में बुंदेलखंड गुर्जर महासभा युवा मोर्चा के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कन्हैया प्रधान के नेतृत्व में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने मिहिर भोज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।वक्ताओं ने उनके जीवन, वीरता, पराक्रम और समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान कपिल सिंह गुर्जर, दुर्गा पाल सिंह, अमरपाल पहलवान, नीरज गुर्जर, सेवी गुर्जर, हेमंत सिंह, अनुरूप गुर्जर, राघव गुर्जर, रोहितेंद्र गुर्जर, सुमित और संदीप गुर्जर सिरसा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सुभाष गंज में नाले का गंदा पानी सड़क पर, हजारों लोग परेशान, उठाई स्थायी समाधान की मांग

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



महानगर के प्रमुख बाजार में बरसात के दिनों में नाले के ओवरफ्लो होने से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो रही है। रानी महल से गंज की ओर जाने वाले मार्ग पर नाले का गंदा पानी सड़क पर भर जाने के कारण लोगों को उसी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।यह मार्ग महानगर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, खरीददार, छात्र-छात्राएं और मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालु आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दौरान नाले के ओवरफ्लो होने की समस्या लगातार बनी रहती है, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ गंदगी और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। इस जनसमस्या को लेकर डॉ. संदीप सरावगी ने भी चिंता जताते हुए प्रशासन से तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। श्री सरावगी ने कहा कि÷यह झांसी के प्रमुख बाजार और हजारों लोगों से जुड़ी जनसमस्या है। बरसात के दिनों में लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। प्रशासन को मौके का निरीक्षण कर नाले की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था और इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।स्थानीय लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग मानिक चौक पहुंचकर नाले की स्थिति का तत्काल निरीक्षण करें और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराए। लोगों का कहना है कि समस्या का केवल अस्थायी समाधान करने के बजाय नाले की क्षमता, सफाई और जल निकासी व्यवस्था की तकनीकी जांच कर स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर जनसमस्या पर कब तक प्रभावी कार्रवाई करता है।

# मिशन जागृति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

- चौपाल लगाकर सुरक्षा, सम्मान व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**समथर (झांसी)।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन जागृति, नारी सुरक्षा एवं नारी सम्मान अभियान के तहत रविवार को थाना समथर की बहू-बेटी/एंटी रोमियो टीम ने ग्राम बागरी में चौपाल लगाई। क्षेत्राधिकारी मोठ सुशील कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में आयोजित चौपाल में थाना अध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत, उपनिरीक्षक रामचंद, महिला कांस्टेबल ममता देवी, प्रियंका पटेल सहित मिशन जागृति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।



टीम ने 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 विमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 181 महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी। पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं से परेशानी होने पर बिना संकोच पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करने की अपील की।

# ऑनलाइन शॉपिंग और जिओ टैगिंग व्यवस्था से दस करोड़ व्यापारी प्रभावित: ज्ञानेश मिश्रा

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



ऑनलाइन खरीदी के कारण दस करोड़ छोटे व स्थानीय व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए ताकि वर्षों से व्यापार कर रहे छोटे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित न हो यह बात रविवार को राठ रोड, इंदिरा नगर, रेलवे फ्लाईओवर के नीचे भारतीय उद्योग प्रतिनिधिमंडल के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने कही। उन्होंने मंडियों में सरकार द्वारा लागू की गई जियो टैगिंग व्यवस्था को लेकर भी व्यापारियों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। यदि सरकार द्वारा व्यापारियों की इन समस्याओं पर शीघ्र गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया तो, व्यापारी संगठन अपनी आवाज बुलंद करते हुए सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण तिवारी ने कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो उनका संगठन व्यापारी के साथ समस्या के निराकरण तक खड़ा है, 24 घंटे व्यापारियों की सेवा में सक्रिय है कहा कि जिले में पहली बार किसी व्यापारी संगठन का कार्यालय खोला जा रहा है। इस कार्यालय पर दोपहर 12 से 3 बजे तक प्रदेश का या जिले का कोई पदाधिकारी बैठकर व्यापारियों की समस्याओं को सुनेगा और उसका निराकरण करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष प्रभात तिवारी ने किया। इसके पहले मुख्य अतिथि ने फीता काटकर जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ शुभारंभ किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री हरीकिशोर गुप्ता रिपु, प्रदेश संगठन मंत्री विजय बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष राजेश दिवोलिया जिलामंत्री दिलीप गुप्ता, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में इलाज के दौरान चार बीमारों की मौत

**महोबा।** जिले में संक्रामक बीमारी का प्रकोप बढ़ गया है संक्रमक बीमारी के प्रकोप से जिला अस्पताल में भर्ती कर बुजुर्ग बीमार की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है इनके परिजनों ने अच्छा इलाज न मिलने का आरोप लगाया है वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस समय मौसम के बदलते मिजाज से संक्रामक बीमारी बुखार उल्टी दस्त आदि का प्रकोप बढ़ा हुआ है इसलिए खान-पान पर जरूर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला चिकित्सालय महोबा में संक्रामक बीमारी के प्रकोप से इलाज दौरान चार लोगों की मौत हो जाने से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा श्रीनगर के मनोहरगंज निवासी सुरेश चन्द्र सोनी पुत्र स्व. रामस्वरूप सोनी उम्र 58 साल की सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर पुत्र आशीष सोनी इलाज के लिए जिला अस्पताल महोबा लिवा ले गए। जहां पर रात्रि इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर एहतेशाम खान ने परीक्षण उपरान्त मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार परशुराम पुत्र विजय बहादुर उम्र 83 साल निवासी गहरौली मुस्करा हमीरपुर को गम्भीर हालत में उपचार के लिए भाई हरगोविन्द जिला अस्पताल महोबा लिवा ले गए। जहां पर उनकी सांसे थम गई। इसी तरह धर्मदास पुत्र गयादीन उम्र 55 साल निवासी कौहनिया पनवाड़ी महोबा एवं भानकुमारी उम्र 80 साल निवासी यशोदा नगर महोबा की इलाज दौरान जिला अस्पताल महोबा में मृत्यु हो गई।

## भारतीय किसान संघ ने शक्ति प्रदर्शन के लिए किया हवन-पूजन



**उरई(जालौन)।** भारतीय किसान संघ की ओर से 16 सितंबर बुधवार को प्रस्तावित किसान शक्ति प्रदर्शन व धरना को सफल बनाने के लिए शनिवार को गल्ला मंडी राठ रोड उरई में भूमि पूजन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष साहब सिंह चौहान ने भूमि पूजन किया, जबकि पंडित शिव संपत्ति द्विवेदी ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया।

सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री, किसान बंधु और ग्राम प्रधानों ने भी भूमि पूजन में भाग लिया। मंच संचालन जिला मंत्री आनंद द्विवेदी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना करते हुए किसान और व्यापारियों से 16 सितंबर को होने वाले शक्ति प्रदर्शन व धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सक्सेना, जिला मंत्री आनंद द्विवेदी, अशोक सोनी, वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह चौहान, अरविंद्र यादव, जिला युवा प्रमुख राम आसरे, सरमन प्रजापति, कार्यालय मंत्री चंद्रशेखर उदैनिया, गरिमा पाठक, राजकुमार पटेल, विष्णु चौहान बोहदपुरा, राघवेंद्र सिंह परिहार कहटा, रविंद्र, मंडी अध्यक्ष संजू गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों की योजनाओं में तेजी लाने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश

- फर्जी रजिस्ट्री रोकथाम को जिले भर में शुरू होगा जागरूकता अभियान

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार व कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जिले के प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए किसान संबंधी योजनाओं में तेजी लाने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति बढ़ाते हुए किसानों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही फर्जी रजिस्ट्री रोकथाम के लिए जिले भर में विशेष जागरूकता अभियान शुरू कराने के निर्देश दिए।

सर्किट हाउस में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार व कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रविवार को बैठक करते हुए कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, निर्माण कार्य, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं व प्रगति की समीक्षा की। राज्यमंत्री ने पीएम-कुसुम योजना के तहत स्थापित सोलर पंपों की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाते हुए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रमाण-पत्र वितरण कराने को कहा। एकीकृत बागवानी विकास मिशन की समीक्षा करते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नई व उपयोगी बागवानी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कहा कि जिले की जलवायु राजस्थान के कुछ क्षेत्रों से मिलती-जुलती है। यहां की जलवायु के अनुरूप नवीन फसलों एवं बागवानी की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान एवं जनप्रतिनिधि तक पहुंचाई जाए। एक सप्ताह के अंदर जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर योजनाओं की जानकारी देने और उसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य कैंप लगाने के निर्देश दिए। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने बाढ़ एवं जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सीएचसी, पीएचसी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों से विशेष स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर त्वरित उपचार व दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# मुख्यमंत्री फसल बीमा में सर्व को लेकर वसूली से डीएम नाराज

- जांच के लिए टीमों का किया गठन 30 दिन में खातों में भेजने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



जिले के चरखारी तहसील क्षेत्र में फसल बीमा सर्वे के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतों के बाद जिला प्रशासन सख्त हो गया है। विधायक ब्रजभूषण राजपूत की शिकायत और ग्रामीणों के विरोध के बाद डीएम गजल भारद्वाज ने मामले को गंभीरता से लिया है।अब राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम ही फसलों के नुकसान का सर्वे करेगी। डीएम ने 15 दिन में सर्वे पूरा करने और 30 दिन के भीतर पात्र किसानों के खातों में मुआवजा भेजने के निर्देश दिए हैं। जिले में भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। खासकर मूंग, तिल और उड़द जैसी दलहनी फसलों में 70 से 80 फीसदी तक बर्बादी हुई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत नुकसान का आकलन कराने के लिए जिले के करीब 55,758 किसानों ने बीमा कंपनी के पास दावे और शिकायतें दर्ज कराई हैं। इनमें अभी तक 13,485 दावों का ही सर्वे पूरा हो पाया है। आपदा के बीच सर्वे के नाम पर किसानों से वसूली का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। चरखारी कोतवाली क्षेत्र के नर्रा गांव में बीमा कंपनी से जुड़े कर्मचारियों पर किसानों से अवैध वसूली के आरोप लगे। नाराज ग्रामीणों ने कथित तौर पर अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को पकड़कर घाघरा चोली पहनाकर गांव में घुमाया। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत की। विधायक की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# सड़क दुर्घटना में प्रधान के चाचा की मौत

- कुड़वार थाना के पावर हाउस के सामने हुआ हादसा

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।**



रोते बिलखते परिजन — इनसेट फाइल फोटो मृतक प्रेम कृष्ण यादव

पावर हाउस के सामने बाइक से घर जाते समय अनियंत्रित बाइक की टक्कर से प्रधान कुड़वार के चाचा घायल हो गए।गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर शव मर्चरी में रखवा दिया।

रविवार को सुबह स्थानीय कस्बे के पावर हाउस के सामने से बाइक लेकर घर की तरफ जा रहे कुड़वार प्रधान राजकुमार यादव के चाचा प्रेम कृष्ण यादव(60)पुत्र स्व भगौती प्रसाद यादव को हलियापुर की तरफ से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार अरबाज निवासी चक तेंदुआ थाना बल्दीराय ने जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में प्रधान के चाचा व बाइक सवार युवक घायल हो गए।घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी ले जाया गया।जहां से हालत गंभीर देखते हुए ग्राम प्रधान के चाचा को चिकित्सक ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।तथा दूसरी बाइक सवार अरबाज को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया।गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने प्रेम कृष्ण यादव को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की सूचना मिलते ही घर से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक प्रधान व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि के समर्थकों का तांता लग गया।मृतक के एक पुत्र शैलेन्द्र प्रताप यादव है। पत्नी यशोमती का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक के छह बेटियां थी जिनमें से एक अविवाहित है।अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# विश्वकर्मा जयंती पर होगा वृहद सदस्यता अभियान

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

अवध स्वाभिमान मंच की आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रस्तावित वृहद सदस्यता अभियान की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को मंच से जोड़ने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। प्रदेश संयोजक कमलेश वर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सोनकर, राकेश शर्मा, प्रदेश महासचिव शक्ति प्रसाद तिवारी एडवोकेट, सूचना एवं प्रचार मंत्री प्रदीप कौशल, प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद हामिद राइन, जिला संगठन मंत्री शुभम रावत आदि मौजूद रहे।



अवध स्वाभिमान मंच की बैठक में शामिल पदाधिकारी

## जर्जर सड़क पर बढ़े गड्ढे, आवागमन में परेशानी

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुल्तानपुर।** कोइरीपुर शिवालय से शिवपुर, बनहरा और मल्हीपुर गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग जर्जर होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे और गिट्टियां उखड़ने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क की स्थिति लगातार खराब हो रही है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क से प्रतिदिन ग्रामीणों के साथ स्कूली वाहन भी गुजरते हैं।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बोखारीपुर गांव स्थित तालाब में रविवार डूबकर 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विसानी नरायनपुर गांव निवासी रामबाबू पुत्र रामगोपाल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रामबाबू तालाब में काम करते थे। रविवार को वह किसी काम से तालाब पर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गए और डूब गए। घटना देख ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से युवक को तालाब से बाहर निकाला गया। परिजन उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नहर में मिले महिला के शव मामले में दो गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

9 सितम्बर को बल्दीराय थाना क्षेत्र में मिली था महिला व नवजात का शव

बल्दीराय थाना क्षेत्र के महुली गांव में शारदा सहायक नहर में 09 सितम्बर को मिले महिला के शव मामले में पुलिस ने ससुर व पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बता दे कि 09 सितम्बर को नहर में मिले महिला के शव की पहचान मनीषा (24) पत्नी अखिलेश निवासी बीही निदुरा के रूप में हुई थी।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया।11 सितम्बर को मृतका के पिता जगजीवन पासी पुत्र राम प्रसाद पासी निवासी बीही निदुरा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप खाया कि 25 जनवरी को उसकी बेटी मनीषा से अखिलेश उर्फ किशुन पुत्र देवराज ने कोर्ट मैरिज की थी।

जिसमे पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।रविवार को पुलिस ने मृतका के पति अखिलेश व ससुर देवराज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह,उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर खान, राजदेव यादव,आरक्षी शोभाराम केवट शामिल रहे।

# 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगा सेवा संकल्प अभियान

- प्रभारी मंत्री ने तैयारियों को लेकर की समीक्षा

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

प्रभारी मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, राकेश सचान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के सफल एवं प्रभावी आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान की तैयारियों, कार्ययोजना, विभागीय समन्वय तथा जनसामान्य तक अभियान का व्यापक लाभ पहुंचाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों





बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी मंत्री राकेश सचान

को निर्देशित किया कि सेवा संकल्प अभियान को शासन की मंशा के अनुरूप पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जाए। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए तथा प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2027 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने तथा अभियान की गतिविधियों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, परियोजना निदेशक, डीआरडीए मुनेश चन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,98,228 वाद किये गये निस्तारित

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय रायबरेली में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल 1,98,228 वाद निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों के मध्य सुलह-समझौते के आधार पर लंबित मामलों को निपटाने व आमजन को सुलभ व सुगम न्याय उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### गणेश चतुर्थी के साथ दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज

**सुल्तानपुर।** आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को देखते हुए श्री सीताकुण्ड धाम में गोमती मित्र मंडल की ओर से रविवार को साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता श्रमदान किया गया। सुबह छह से नौ बजे तक चले अभियान में धाम परिसर और श्रद्धालुओं के आवागमन वाले स्थानों की सफाई की गई। इस दौरान सीता उपवन की विशेष रूप से सफाई कर गंदगी हटाई गई। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए स्वच्छता के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि पर्व और महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचते हैं। ऐसे में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है।श्रमदान में प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, संतकुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, अजय प्रताप सिंह, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, आलोक कुमार तिवारी, अभय सोनी, अभय मिश्रा समेत स्थानीय लोग शामिल रहे।

### प्राथमिक विद्यालय की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**कुड़वार सुल्तानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरकौड़ा में बीते 08 अगस्त को हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बीते 02 सितम्बर को प्राथमिक विद्यालय सरकौड़ा के प्रधानाध्यापक काशी नाथ पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते 08 अगस्त को विद्यालय का रोशनदान तोड़कर बैटरी इनवर्टर सहित अन्य सामान की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी की गई थी।पुलिस के मुकदमा दर्ज करने के बाद विवेचना में प्रकाश में आये ऋषभ सिंह उर्फ अभय सिंह पुत्र यादवेंद्र सिंह निवासी मंगापुर व एक 16 वर्षीय बाल अपचारी को रविवार को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 02 बैटरी व इनवर्टर बरामद किया।गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह,दीवान अशोक कुमार,आरक्षी प्रशांत देवल व सौरभ गिरि शामिल रहे।

### दिव्यांग आरक्षण: उच्च न्यायालय ने अभ्यर्थी को दी बड़ी राहत

**प्रतापगढ़।** यूजीसी नेट 2026 में दिव्यांग श्रेणी के तहत सीट के दावे को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ा निर्णय दिया है। अदालत ने माना कि यदि अभ्यर्थी के पास विधिपूर्वक जारी 55 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता का मूल प्रमाणपत्र मौजूद है, तो चिकित्सा मंडल उसे घटाकर 20 प्रतिशत नहीं कर सकता।

न्यायालय ने कहा कि 'दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016' के तहत जारी मूल प्रमाणपत्रों को जब तक कानूनी चुनौती न दी जाए, तब तक वे पूरी तरह वैध हैं। किसी अन्य निकाय को मूल प्रमाणपत्र की वैधता पर सवाल उठाने या नया प्रमाणपत्र थोपने का अधिकार नहीं है।

अदालत ने कहा कि मूल्यांकन करने वाले मंडल का अधिकार क्षेत्र केवल यह देखना है कि छात्र संबंधित पाठ्यक्रम के लिए सक्षम है या नहीं। दो सरकारी निकायों के मूल्यांकन में इतना बड़ा अंतर पूरी व्यवस्था की त्रुटि को दर्शाता है। उच्च न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को वेबसाइट पर उपलब्ध आधिकारिक आदेश के आधार पर तत्काल अभ्यर्थी को प्रवेश प्रक्रिया में आरक्षण का लाभ देने का निर्देश देकर याचिका का निस्तारण कर दिया।

# तीन बिछड़े बच्चों को मां से मिलाया

**मुख्य टिकट निरीक्षक की सतर्कता व रेलकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से मिली सफलता**

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**



रेल यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा के प्रति प्रयागराज मंडल के रेलकर्मियों की सजगता का एक और उदाहरण सामने आया है। शनिवार को रेलकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से अपने माता-पिता से बिछड़े तीन बच्चों को सुरक्षित उनकी मां के सुपुर्द किया गया। एक परिवार अपने तीन बच्चों के साथ मुंबई मेल की डीडीयू से मुंबई की यात्रा करने के लिए स्टेशन पहुंचा था। इसी दौरान डीडीयू स्टेशन पर बच्चे गलती से अपने माता-पिता से बिछड़ गए और भुवनेश्वर-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार हो गए। भुवनेश्वर-आनंद विहार के एस-6 कोच में ड्यूटी पर तैनात मुख्य टिकट निरीक्षक देव प्रकाश वर्मा ने बच्चों को रोते-बिलखते देखा। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्चों से जानकारी प्राप्त की तथा तत्काल मंडल कार्यालय के कमर्शियल कंट्रोल में ड्यूटी पर तैनात मिथिलेश कुमार को इसकी सूचना दी। मिथिलेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं प्रयागराज छिवकी के कर्मचारियों को सूचित किया। इसके पश्चात आवश्यक समन्वय स्थापित कर भुवनेश्वर-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस को प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर रुकवाने की व्यवस्था कराई गई, ताकि बच्चों को उनके परिवार से मिलाया जा सके। इस गाड़ी का प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ठहराव नहीं है । उक्त परिवार आंध्र प्रदेश का निवासी था एवं काशी दर्शन के लिए आया था । परिवार ने रेलवे प्रशासन एवं कर्मचारियों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## स्कार्पियो बाइक से टक्कर दो घायल

**समृद्धि न्यूज, संडवा चंद्रिका प्रतापगढ़।** मां चण्डिका धाम से खैरा गौरबारी जाने वाली सड़क पर सड़क किनारे पेड़ और झाड़ियां काफी समय से सड़क की ओर लटक रही हैं। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से पीडब्ल्यूडी विभाग प्रतापगढ़ के अधिकारियों को कई बार सचेत कर सड़क की ओर झुकी झाड़ियों को हटाने की मांग की, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को कही यही लापरवाही हादसे का कारण बन गई।

अंतू थाना क्षेत्र के ग्राम कोल बजरडीह में सुधीर तिवारी मैरिज हॉल के सामने लटक रही झाड़ियों के बीच बाइक सवार दिलीप सिंह और अनिल सिंह, निवासी कटका मानापुर, बैसन का पुरवा, थाना अंतू, दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही अंतू पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडवा चण्डिका भेजा गया। एसआई मतगंजन मिश्रा ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने घायलों को मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।

वहीं, हादसे के बाद एक स्कॉर्पियो के अधारपुर में गड्ढे में फंसने की सूचना पर ग्रामीणों ने वाहन को रोक लिया। जानकारी मिलते ही एसआई मतगंजन मिश्रा अधारपुर पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पीडब्ल्यूडी विभाग ने समय रहते सड़क पर लटक रही झाड़ियों और पेड़ों की कटाई करा दी होती तो हादसे को टाला जा सकता था।

लोगों ने विभाग से तत्काल सड़क की सफाई कराने और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## दुधमुंही बच्ची के साथ सो रही युवती पर चाकू से हमला

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के सोमनाभार गांव में रविवार भोर करीब चार बजे दुधमुंही बच्ची के साथ सो रही 25 वर्षीय युवती पर अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया। हमलावर युवती के गले पर वार कर उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। चीख-पुकार सुनकर घर में सो रही सास कंचना और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल मुस्कान पत्नी आकाश को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर डॉ. आंबेडकर जन सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष पप्पू कोरी सहयोगियों के साथ पीड़िता के घर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक विपिंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक घायल

**समृद्धि न्यूज, सलोन-रायबरेली।**

सलोन कोतवाली क्षेत्र में जनपद अमेठी के जगदीशपुर महोना निवासी विकास सोनी पुत्र राजकरण (24) शनिवार को जनपद प्रयागराज के लालगोपालगंज से अपनी बाइक पर सवार होकर अकेले घर लौट रहे थे। क्षेत्र के घरई गांव स्थित हरवंशपुर मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि इसी दौरान मोड़ते समय ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रैक्टर की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। सड़क पर घायल युवक को देखकर लोगों ने तत्काल मदद की और घटना की सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घायल विकास सोनी को उपचार के लिए सीएचसी सलोन पहुंचाया। सीएचसी सलोन में चिकित्सकों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया। लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। वहीं, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोतवाल सन्दीप कुमार राय ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर अभियोग दर्ज किया जाएगा।

## सीएचसी से नोजल व साइकिल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुल्तानपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा परिसर से फायर ब्रिगेड पाइप का नोजल काटकर ले जाने और अस्पताल कर्मचारी की साइकिल चोरी के मामले में चांदा पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चाकू, दो स्टील के गोलाकार नोजल और 350 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार रजवाड़े रामपुर निवासी रीशू यादव के खिलाफ सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरसी यादव की तहरीर पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि एक्स-रे कराने अस्पताल पहुंचे रीशू ने फायर ब्रिगेड बॉक्स में लगी पाइप की नोजल फिटिंग काट ली और अस्पताल कर्मचारी की साइकिल भी ले गया था।

# भाजपा आसपुर देवसरा मंडल कार्यशाला संपन्न

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**



विधानसभा क्षेत्र 249 पट्टी के अंतर्गत आसपुर देवसरा मंडल में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत एक दिवसीय मंडल कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं जिला कार्यसमिति सदस्य/मंडल प्रभारी आत्म प्रकाश मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रशांत चौहान ने की। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि आत्म प्रकाश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, जन-सेवा और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। कार्यकर्ताओं का यही उत्साह और समर्पण 'सेवा संकल्प अभियान' को एक नई गति और मजबूती प्रदान करेगा। कार्यक्रम में रानीगंज व शिवगढ़ क्षेत्र के भाजपा संगठन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंडल के सम्मानित पदाधिकारीगण, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा साथी तथा मातृशक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रही। सभी उपस्थित जनों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# दूरदर्शन पर छाए दीनबंधु सिंह, 'लोक रंग सुरों के संग' में दी लोक गायकी की प्रस्तुति

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**



दूरदर्शन पर प्रस्तुति देते दीन बंधु सिंह

सुल्तानपुर के लोक गायक दीनबंधु सिंह ने दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम 'लोक रंग सुरों के संग' सीजन-2 में लोक गायकी की प्रस्तुति दी। उन्होंने गांव के परिवेश, ग्रामीण जीवन और मिट्टी की खुशबू से जुड़े लोकगीत प्रस्तुत कर लोक संस्कृति और ग्रामीण जीवन की झलक पेश की। दीनबंधु सिंह की प्रस्तुति में गांव, रिश्तों और लोक जीवन से जुड़ी संवेदनाएं दिखाई दीं।

कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक बुधवार रात नौ बजे दूरदर्शन उत्तर प्रदेश पर किया जाता है। कार्यक्रम की शूटिंग में निदेशक ध्रुव चंद्र, उनके सहयोगी संजय दुबे एवं सागर सेन तथा दूरदर्शन की टीम का योगदान रहा।

## सरसतपुर-नेवादा सलाहपुर मार्ग पर पानी भरा, ग्रामीण और बच्चे परेशान

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के रसतपुर-नेवादा सलाहपुर मार्ग की हालत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रही है। पानी से भरे गड्ढों के कारण उन्हें सड़क से गुजरने में परेशानी होती है और हादसे का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली के लिए केवल विभाग को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। मार्ग के आसपास रहने वाले लोगों की लापरवाही भी सड़क की स्थिति खराब होने का एक कारण है।

# सियार की दहशत में ग्रामीण, फॉरेस्टर ने संभाला मोर्चा

- घायल करने वाले सियार को जंगलों में तलाश
- घंटों कांबिंग के बाद भी नहीं मिला सुराग

**समृद्धि न्यूज, सतांव-रायबरेली।**

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में शनिवार रात आधा दर्जन ग्रामीणों को हमला कर घायल करने वाले सियार ने इलाके में दहशत फैला दी है। खगिया खेड़ा, कोन्सा मोड़ और बींझ गांव में एक ही रात में छह लोगों को निशाना बनाए जाने के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। सियार की तलाश में रविवार को वन विभाग की टीम ने फॉरेस्टर महेन्द्र कुमार की अगुवाई में जंगलों,झाड़ियों और संभावित ठिकानों पर सघन कांबिंग की,लेकिन घंटों की खोजबीन के बाद भी सियार का कोई सुराग नहीं मिल सका। शनिवार रात खगिया खेड़ा मजरे कोन्सा निवासी धर्मेंद्र शर्मा पर सियार ने हमला कर पैर में काट लिया।

इसके बाद कृष्ण कुमार की पत्नी सोनी को कमर में काटकर घायल कर दिया।

बींझ मजरे गोझरी निवासी सुखलाल की दाई बांह तथा शीतल प्रसाद के सिर पर सियार ने हमला किया। वहीं कोन्सा मोड़ निवासी कमला देवी पत्नी स्व.राम पियारे और दीपा पत्नी रवींद्र पाल के पैर में काटने की जानकारी सामने आई है। एक ही रात में छह लोगों पर हमले की घटना से ग्रामीणों में खौफ है। घायलों ने अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर उपचार कराया और एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग सक्रिय हो गया। फॉरेस्टर महेन्द्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर सभी पीड़ितों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। रविवार को वह टीम के साथ क्षेत्र में पहुंचे और आसपास के जंगलों,घनी झाड़ियों तथा सियार के संभावित ठिकानों को खंगाला।

वन विभाग की टीम ने काफी देर तक कांबिंग की,लेकिन सियार के होने के कोई संकेत नहीं मिले।

लगातार हमलों से सहमे ग्रामीणों ने वन विभाग से सियार को जल्द पकड़ने की मांग की है।

विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और सियार दिखाई देने पर उसके पास न जाने की अपील की है।

**सियार दिखे तो तुरंत बताएं**

फॉरेस्टर महेन्द्र कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर सभी पीड़ितों से घटना की जानकारी ली गई। टीम के साथ आसपास के जंगलों और झाड़ियों में सियार की तलाश की गई,लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका है।

उन्होंने बताया कि सभी पीड़ितों को अपना मोबाइल नंबर दिया गया है। सियार रात हो या दिन, किसी भी समय दिखाई दे तो तत्काल सूचना दें।सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अपने बच्चों को सनातनी संस्कृति से जोड़ें : अनिल दीक्षित

▸ विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**




लोक भारती गेस्ट हाउस में विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की जन्म शताब्दी और संगठन के 62 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्र विशेष संपर्क प्रमुख अनिल दीक्षित ने हिंदू समाज को संयुक्त परिवार में रहने एवं बच्चों को सनातनी संस्कृति से जोड़े रहने का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष संजय भदौरिया ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के विषय में लोगों को जानकारी दी। संस्कार प्रमुख विजय चौहान ने संगठन के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विख्यात कवि ओम प्रकाश शुक्ल अज्ञात जी ने नई पीढ़ी को धर्म से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत प्रेम गिरि जी महाराज ने सभी को पूजा पद्धति से जुड़े रहने का आवाहन किया, विभाग संगठन मंत्री ऋषभ जी ने सभी हिंदुओं को एकता के सूत्र में बने रहने का संदेश दिया। जिला सहमंत्री दीपक जी एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी योगेश कटियार जी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। जिला मंत्री मिलन शुक्ला के संचालन में हुए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह व नेहरू पीजी कालेज की सचिव इंदिरा दुबे सहित नगर अध्यक्ष अजय चौहान, नगर संयोजक अंकित जी, कुबेर जी एवं अन्य कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 10 दिन में सुधरी सफाई, गांव को मिली विकास की सौगात

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।** शिकायत के 10 दिन बाद इमलियापुरवा की सफाई व्यवस्था सुधरी तो समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रविवार को दोबारा गांव पहुंचकर हकीकत परखी। ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। मंत्री ने निर्देश दिए कि मेले में तैनात सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी दूसरी जगह न लगाई जाए।

जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उन्होंने जीरो पॉवर्टी योजना की लाभार्थी सूची जल्द प्रकाशित कराने को कहा। गांव में बाबा साहब डॉ. आंबेडकर पार्क के निर्माण की घोषणा की गई। वीबी-जी राम-जी योजना के तहत ग्राम आंटी से इमलियापुरवा तथा श्रीरामशरण के घर से उदैतापुर तक सड़क का नवनिर्माण कराया जाएगा। प्रशासनिक कार्यों के लिए नया पंचायत घर भी बनेगा।

# गणेश महोत्सव की तैयारियां पूर्ण

▸ आज विराजमान होंगे श्री गणेशजी

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



जय बालाजी सेवा समिति, इंदिरा आवास कॉलोनी, फर्रुखाबाद रोड के सौजन्य से आयोजित होने वाले 12वें श्री गणेश महोत्सव की तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई हैं। समिति की ओर से इस बार भी महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक रूप देने की तैयारी की गई है।समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने बताया कि सोमवार, 14 सितंबर को बैंड-बाजे और कलश यात्रा के साथ भगवान श्री गणेशजी की प्रतिमा को विधि-विधान से विराजमान कराया जाएगा। इसके बाद हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। महोत्सव को लेकर समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

# एक बीघा में ड्रैगन फ्रूट की खेती कर किसान ने बढ़ाई आमदनी की उम्मीद



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

सौरिख थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत परौर निवासी किसान पंकज कुमार शाक्य पुत्र बाके लाल ने पारंपरिक खेती से अलग हटकर ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की है। एक बीघा खेत में ड्रैगन फ्रूट के पौधे लगाए हैं। जहां क्षेत्र में किसान धान, मक्का और मूंगफली जैसी फसलों की खेती करते हैं, वहीं पंकज ने नई सोच के साथ ड्रैगन फ्रूट की खेती का प्रयोग किया है। पंकज शाक्य ने बताया कि वह तीन वर्षों से ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहे हैं। पौधा एक वर्ष में तैयार हो जाता है। मई माह से पौधों में फल आना शुरू हो जाते हैं और दिसंबर तक फल लगते हैं। एक पौधे से करीब 20 से 25 किलो तक फल प्राप्त हो जाता है। एक फल का वजन 300 से 700 ग्राम रहता है। पंकज के अनुसार ड्रैगन फ्रूट की खेती से पारंपरिक फसलों की तुलना में अच्छी आमदनी की संभावना है।

## आलू किसानों के मुद्दे पर सपा का धरना आज

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।** आलू किसानों को उपज का उचित भाव न मिलने और लागत तक वसूल नहीं होने के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी सोमवार को कलेक्ट्रेट में धरना देगी। पार्टी ने किसानों को डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध न होने को भी प्रमुख मुद्दा बनाया है। सपा पदाधिकारियों ने धरने में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और किसानों से पहुंचने की अपील की है। पार्टी की ओर से जारी सूचना के मुताबिक धरना सोमवार 14 सितंबर को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होगा। प्रदर्शन के बाद किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सपा नेताओं का कहना है कि आलू की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि बाजार में किसानों को अपेक्षित भाव नहीं मिल रहा है। खाद की उपलब्धता को लेकर भी किसान परेशान हैं।

# गुरसहायगंज में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

▸ फरियादियों की सुनी गईं समस्याएं

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



कोतवाली परिसर में प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में अधिकांश शिकायतें राजस्व से संबंधित रहीं। कोतवाली प्रभारी ने मौजूद लेखपालों और राजस्व कर्मियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोतवाली पुलिस सदैव आपके साथ है, जब भी जरूरत हो अवगत कराएं, मौके पर फोर्स पहुंच जाएगी। लेकिन सभी लोग कानून के दायरे में रहकर ही कार्य करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्षता के साथ निस्तारण किया जाए ताकि फरियादियों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। इस मौके पर कानूनगो संत प्रसाद दीक्षित, कस्बा इंचार्ज विकल्प चतुर्वेदी, जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, लेखपाल कौशल पांडेय, अविशाक कटियार, विवेक सोनी, अजय गौतम, राजेश अग्निहोत्री, अजय अवस्थी, आमिर खान, आफताब अहमद सहित तमाम राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# सगे भाइयों ने तेईस साल बाद वापस आकर की मारपीट

▸ जमीन और मकान पर कब्जे का आरोप, कोतवाली में तहरीर

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनियानी ऊंचा निवासी अजीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने ही सगे भाइयों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित अजीत सिंह ने बताया कि उसके तीन भाइयों ने तेईस वर्ष पूर्व अपने हिस्से की खेती और मकान की बिक्री शमशाबाद निवासी एक युवक के नाम कर दी थी। जिसके बाद अजीत ने उस युवक से जमीन वापस अपने नाम करा ली थी। आरोप है कि जून दो हजार छब्बीस में उक्त तीनों भाई तेईस साल बाद गांव वापस आए और बेची हुई जमीन और मकान को फिर से मांगने लगे। जब अजीत ने मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखे करीब एक लाख रुपये और जेवरात लूट लिए और उसके तथा उसकी पत्नी व बच्चों के विरुद्ध मारपीट और फर्जी मुकदमे लिखवा दिए। पीड़ित का कहना है कि जमीन और मकान पर उसका शांतिपूर्ण और वैधानिक कब्जा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम बनियानी निवासी अजीत सिंह की तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू करा दी गई है।

जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### एक साल बाद थाने पहुंची गुमशुदा युवती

**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के नगला दुर्गा गांव निवासी शिल्पी पुत्री छोटेलाल की गुमशुदगी एक नवंबर 2025 को थाना विशुनगढ़ में दर्ज कराई गई थी। करीब एक साल बाद रविवार को युवती स्वयं थाना विशुनगढ़ पहुंच गई। युवती के थाने पहुंचने की जानकारी पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की। इसके बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। लंबे समय बाद बेटी के सकुशल वापस मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने मामले में नियमानुसार कार्रवाई की। युवती के मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ।** थाना विशुनगढ़ पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शेखपुर गांव निवासी शिवप्रताप पुत्र जगराम (57) के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। पुलिस टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और वारंटियों की गिरफ्तारी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### आरोग्य मेले में 1660 मरीजों का इलाज



**कन्नौज।** मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में रविवार को जिले के 32 ग्रामीण और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 1660 मरीजों को निशुल्क उपचार मिला। इनमें 728 पुरुष, 643 महिलाएं और 289 बच्चे शामिल रहे। वहीं, आयुष्मान योजना के तहत 34 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा के निर्देश पर अधिकारियों ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में मरीजों की जांच और उपचार के साथ बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस-बी व सी की जांच, टीबी स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रही। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि बीमारी के लक्षण नजर आने पर लापरवाही न बरतें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श लें।

# प्रेमपुर में सफाई व्यवस्था बदहाल ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



प्रेमपुर गांव में खराब सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से गांव में सफाई कर्मचारी नहीं आया है। इससे नालियां गंदगी से भरी हैं और मुख्य सड़क समेत कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण राजू सक्सेना ने बताया कि नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी जमा रहता है। ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। चंदन सक्सेना ने बताया कि मुख्य सड़क पर प्राथमिक विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्र हैं। इसी रास्ते से बच्चे और ग्रामीण निकलते हैं, लेकिन सड़क किनारे कूड़ा पड़ा रहता है। वहीं ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों से सफाई कर्मचारी भेजने की कई बार मांग की है। दूसरी ग्राम पंचायत से रोस्टर के अनुसार कर्मचारी भेजने का आश्वासन मिला था, लेकिन अभी तक कोई नहीं आया। डीपीआरओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि एडीओ पंचायत से वार्ता कर टीम बनाकर सफाई कर्मचारी भेजा जाएगा।

# प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत

▸ बाजार में बांटे सरकार की योजनाओं के पत्रक
▸ व्यापारियों से मांगा समर्थन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ।**






रविवार को नगर में भाजपा की ओर से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत पूर्व सहकारिता मंत्री श्रद्धेय पं.रामप्रकाश त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नगर के बाजार में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक वितरित किए। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनाने की अपील की। कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों से सरकार की नीतियों और विकास कार्यों के समर्थन में सहयोग मांगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में जनहित और विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर सुशांत शुक्ला, पीयूष गुप्ता मीडिया प्रभारी भाजपा, ओम जाटव, श्याम तिवारी, लखन, सचिन, राजकरण ठाकुर, आशुतोष दुबे, विक्रांत, पुनीत भदौरिया, संतोष, विमल, राजेंद्र कठेरिया, दीपू सविता, रोहित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ।**



विशुनगढ़ थाना पुलिस की ओर से रविवार को ग्राम बहादुरपुर निगोह में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, एएनएम और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं सहित अन्य महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति जागरूक किया। गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सक से जांच कराने तथा खानपान पर ध्यान देने की सलाह दी गई। परिवार नियोजन और माहवारी के दौरान सेनेटरी पैड के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के लिए किसी को भी ओटीपी नहीं बताने की सलाह दी गई। साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करने को कहा गया। 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों को किसी के साथ घर छोड़कर न जाने और पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। सम्मेलन में महिला कांस्टेबल सुचेता, मधु, बीना, अंजू और रमा मौजूद रहीं।

# राज्यपाल ने श्रेयस द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**




जनहित के मुद्दों और जनता के हितों को सदैव सर्वोपरि रखने वाले एसएमडी डिग्री कॉलेज, इंपीरियल डिग्री कॉलेज एवं एवरेस्ट कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रबंधक श्रेयस द्विवेदी (एडवोकेट) को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सम्मानित किया। छात्रों के हित में किए जा रहे कार्यों और कॉलेज के बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्यपाल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्रेयस द्विवेदी नौजवानों के साथ-साथ वृद्धों के बीच भी 'गुड्डा भैया' के नाम से लोकप्रिय हैं। राज्यपाल के हाथों सम्मान मिलने पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। सम्मान को लेकर उन्होंने आभार जताया। यह उपलब्धि न केवल श्रेयस द्विवेदी के लिए, बल्कि छिबरामऊ नगर के लिए भी गौरव का विषय है।

# कार्य के प्रति निष्ठा व ईमानदारी व्यापार में सफलता की कुंजी

▸ किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया शोरूम का उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।**



नगर में मोहम्मद इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का उद्घाटन रविवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर आयोजक शराफत खान और दानिश खान ने मुख्य अतिथि शमीम सिद्दीकी सहित महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कुसुम चौहान और जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में विपिन कौशल, सुरेश यादव, प्रमोद तिवारी, सत्यम प्रजापति, पवन माथुर, डब्लू ठाकुर, आदिल परवेज, राहुल गौतम, हाफिज फुरकान, बृजेंद्र शुक्ला, सरमन अवस्थी, इजरायल, अनवर खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

शोरूम के उद्घाटन के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि व्यापारी को अपनी पूरी निष्ठा के साथ ईमानदारी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए क्योंकि व्यापार में निष्ठा और ईमानदारी ही सफलता का मुख्य स्रोत है। उन्होंने कहा कि व्यापारी को मृदुभाषी और निष्ठावान होना चाहिए। हानि लाभ किसी भी व्यापार के दो पहलू हैं। नुकसान होने से व्यापारी को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हार के बाद जीत के दरवाजे स्वत ही उस व्यक्ति के लिए खुल जाते हैं जो घबराने की बजाय बुरे वक्त का सामना डटकर करता है।

## पैरामेडिकल छात्रावास में पहुंचे प्रिंसिपल, छात्राओं से जानी समस्याएं

**समृद्धि न्यूज, तिर्वा/कन्नौज।** बाबा भीमराव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज, तिर्वा में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की कवायद तेज हो गई है। प्रिंसिपल डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने पैरामेडिकल छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याएं जानीं और संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में साफ-सफाई कराई गई। छात्राओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था को बेहतर करते हुए वाटर कूलर भी लगवाया गया।

प्रिंसिपल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी संभाले उन्हें करीब 41 दिन हुए हैं।

# समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव का मलिकपुर में जोरदार स्वागत



**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।**

समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव मोहम्मद इरफान हुसैन सिद्दीकी का छिबरामऊ विधानसभा के ग्राम पंचायत मलिकपुर में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर हाजी पप्पू मैनेजर, जावेद उर्फ गुड्डू सभासद सहित तमाम समाजवादी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर प्रदेश सचिव का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के बाद प्रदेश सचिव मोहम्मद इरफान हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है।

जनहित के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती से जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ दो हजार सत्ताईस में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान पीडीए की एकजुटता और समाजवाद की बुलंद आवाज के नारे भी लगे।

# मिट्टी के गणपति बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- प्राकृतिक रंगों से किया प्रतिमा का श्रृंगार

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

गणेश चतुर्थी के पर्व को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का सराहनीय प्रयास विजाधरपुर निवासी दो बहनों ने किया है। सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा निष्ठा शुक्ला और शिव्याशी शुक्ला ने इस बार भी घर पर मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार की। दोनों बहनों ने प्रतिमा का श्रृंगार भी प्राकृतिक रंगों से किया। उनके इस प्रयास के माध्यम से गंगा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का


मिट्टी के गणेश बनाते बच्चे

संदेश लोगों तक पहुंच रहा है।

निष्ठा और शिव्याशी का गणेश उत्सव मनाने का तरीका सामान्य आयोजनों से अलग है। दोनों बहनें पिछले कई वर्षों से बाजार से प्लास्टर ऑफपेरिस अथवा रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमा खरीदने के बजाय स्वयं मिट्टी से गणपति की प्रतिमा तैयार करती हैं। प्रतिमा तैयार करने से लेकर उसके रंग-रोगन और श्रृंगार तक का कार्य वह स्वयं करती हैं। इसके बाद विधि-विधान से घर में भगवान गणेश की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाती है। खास बात यह है कि गणेश उत्सव के बाद प्रतिमा का विसर्जन भी दोनों बहनें किसी नदी, तालाब अथवा गंगा में नहीं करतीं। घर में ही गमले में प्रतिमा का विसर्जन कर मिट्टी को पौधों के लिए उपयोगी बनाती हैं। इससे धार्मिक परंपरा भी निभती है और जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने का संदेश भी मिलता है। दोनों बहनों के इस प्रयास का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि धार्मिक आस्था के साथ प्रकृति की रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। गंगा सहित अन्य जलस्रोतों में प्रतिमाओं के विसर्जन से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए मिट्टी की प्रतिमाओं का प्रयोग और घर पर ही विसर्जन एक बेहतर विकल्प हो सकता है। छोटी उम्र में दोनों बहनों की यह पहल न केवल उनकी रचनात्मकता को दर्शाती है, बल्कि पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता को भी सामने लाती है। परिजनों के अनुसार दोनों बहनों को बचपन से ही मिट्टी से कलाकृतियां और गणपति प्रतिमा तैयार करने में रुचि रही है। अब हर वर्ष गणेश उत्सव के दौरान वह स्वयं प्रतिमा तैयार करती हैं और घर पर ही उसका विसर्जन करती हैं। निष्ठा और शिव्याशी का कहना है कि गणपति बप्पा की भक्ति के साथ गंगा और प्रकृति की स्वच्छता का ध्यान रखना भी हमारा कर्तव्य है।

यदि लोग मिट्टी की प्रतिमाओं का प्रयोग करें और उनका विसर्जन घर में ही करें तो जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने में काफी मदद मिल सकती है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार किसान को रौंदा, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली हाईवे पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध किसान की जान चली गई। राजेपुर थाना क्षेत्र के जैनापुर और डबरी के बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल किसान को लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

राजेपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले 63 वर्षीय शिव सिंह रविवार को साइकिल से शाहजहांपुर जिले के हुल्लापुर किसी काम से गए थे। दोपहर करीब ढाई बजे


अस्पताल में मौजूद परिजन

काम निपटाकर जब वह घर लौट रहे थे, तभी जैनापुर और डबरी के बीच पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शिव सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की मदद से घायल शिव सिंह को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद शिव सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल पहुंचाने पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर दीपक तिवारी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर संबंधित थाना पुलिस को घटना की सूचना दे दी है। शिव सिंह खेती-बाड़ी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे।

# 20 सितंबर को 6 परीक्षा केंद्रों पर होंगी सर सैय्यद अहमद स्कॉलरशिप परीक्षा

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी फतेहगढ़ की इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में आयोजित बैठक में 20 सितंबर को होने वाली सैय्यद अहमद स्कॉलरशिप प्रतियोगिता की तैयारियों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। सचिव सैयद रिजवान अली ने बताया कि सोसायटी के द्वारा हर साल सर सैयद अहमद स्कालरशिप की प्रतियोगिता परीक्षा कराई जाती है। जिसमें करीब 50 से अधिक मुस्लिम छात्र छात्राओं छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल शील्ड व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया जाता है। अब तक 500 से


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

अधिक बच्चों ने परीक्षा के फॉर्म भरे है। इस साल भी सोसायटी के द्वारा सर सैयद अहमद स्कालरशिप की प्रतियोगिता परीक्षा 20 सितम्बर दिन रविवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक फतेहगढ़ के इस्लामिया जुनियर हाईस्कूल हाथीखाना, हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जफरुल इस्लाम पब्लिक स्कूल जरारी कमालगंज, रफीकुल उलूम स्कूल मोहम्मदाबाद, सुल्तान आलम खान मेमोरियल पब्लिक स्कूल कायमगंज के इन पांच परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि पहले ये परीक्षा 26 सितंबर को प्रस्तावित थी, लेकिन किसी कारणवश परीक्षा की तारीख को कम करके अब 20 सितम्बर किया गया। परीक्षा में जूनियर, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मुस्लिम छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

# बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने कटरी धर्मपुर पहुंचे नदीम फारूकी

- ग्रामीणों को वितरित किया भोजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

194 सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटरी धर्मपुर में बाढ़ के भीषण संकट से जूझ रहे ग्रामीणों की मदद के लिए समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल धरातल पर उतरा। बाढ़ के पानी से घिरे गांवों तक पहुँचने के लिए समाजवादी नेता नदीम अहमद फारूकी खुद नाव पर सवार होकर कटरी धर्मपुर गांव पहुंचे और दर्जनों बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान प्रभावित लोगों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित की गई। नदीम अहमद फारूकी ने शासन एवं प्रशासन से अपील की कि बाढ़ प्रभावितों को


लंच पैकेट वितरित करते नदीम अहमद फारुखी

तत्काल आर्थिक व चिकित्सीय सहायता मुहैया कराई जाए। उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटरी निवासियों को इस वार्षिक त्रासदी से निजात दिलाने के लिए एक ठोस और स्थायी समाधान निकालने की पुरजोर मांग उठाई। नदीम अहमद फारूकी ने कहा इस कठिन घड़ी में पूरी समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती और हर प्रभावित व्यक्ति तक उचित मदद नहीं पहुँच जाती, तब तक राहत और सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद आगे भी की जाएगी। राहत सामग्री वितरण के दौरान सपा नेताओं ने नावों के माध्यम से गांव-गांव जाकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द क्षेत्र में राहत शिविर व चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने का आग्रह किया। इस दौरान मनदीप यादव, शशांक सक्सेना, सौरभ कटियार, गौरव सिंह आजाद, यूसुफ अंसारी, नागेंद्र यादव, राजपाल यादव, आनंद यादव, हर्ष गंगवार, तस्लीम खान, अंशुल यादव मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शराब के नशे में धुत दबंगों ने ई-रिक्शा चालक को पीटा

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के जसमई रोड स्थित एक शराब के ठेके के पास सवारी लेकर जा रहे एक ई-रिक्शा चालक के साथ शराब के नशे में धुत तीन दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों व डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने थाना प्रभारी को लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम करनपुर बांसमई निवासी बृजेश सिंह पुत्र फूल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 सितंबर की शाम करीब 5 बजे उनका छोटा भाई आकाश कुमार ई-रिक्शा में सवारियां बैठाकर जसमई रोड भट्ठा की तरफजा रहा था। आरोप है कि रास्ते में शराब ठेके के पास पहले से मौजूद गांव बहलोलपुर निवासी श्याम लाल, पन्ना लाल और अजय शराब के नशे में धुत्त ने ई-रिक्शा को जबरन रुकवा लिया। ई-रिक्शा रुकते ही तीनों आरोपी आकाश के साथ बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। जब आकाश ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए और उन्होंने जान-बूझकर आकाश पर लात-घूंसों और डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान पीड़ित चालक को गंभीर चोटें आईं और उसका मोबाइल फोन भी कहीं गिर गया। इसके अलावा दबंगों ने ई-रिक्शा को भी पलटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। रविवार को पीड़ित के भाई बृजेश कुमार ने नवाबगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जमीन विवाद में महिला व परिजनों को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर कामराज में जमीन और खूंटा गाड़ने के पुराने विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दबंगों ने महिला और उसे बचाने आए परिजनों की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने थाना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफकानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम महमदपुर कामराज निवासी पीड़ित रामरहीम पुत्र मुंशीलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका अपने चाचा रामचन्द के बेटों से वर्षों पहले जमीन का बंटवारा हो चुका है। आरोप है कि इसके बावजूद चाचा के बेटे उमेश चन्द और प्रमोद कुमार जबरन उनके हिस्से की जमीन पर अपने जानवरों के खूंटे गाड़कर कब्जे का प्रयास करते रहते थे। तहरीर के अनुसार 13 सितंबर की दोपहर करीब 11:30 बजे आरोपी उमेश चन्द, प्रमोद कुमार, सुधांश पुत्र उमेश चन्द और आशीष पुत्र राकेश कुमार पीड़ित के हिस्से की जमीन पर गड़े खूंटों को जबरन उखाड़ने लगे। जब रामरहीम की बहू बबली पत्नी सुभाष ने खूंटे उखाड़ने से मना किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने बबली को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब पीड़ित का भतीजा सुनील सिंह पुत्र पंचम और बहू सुनीता पत्नी बाबू, बबली को बचाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित रामरहीम ने थाना नवाबगंज पुलिस को चारों नामजद आरोपियों के खिलाफलिखित प्रार्थना पत्र देकर मामला दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### 1 साल की मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कायमगंज।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा में मोहल्ला निवासी ईश्वर प्रसाद की 1 वर्षीय मासूम पुत्री तुलसी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गर्मी से बचाने के लिए परिजनों ने बच्ची को कूलर के पास लिटा दिया था, जिसके कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचे। जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# श्रीकृष्ण महारास महोत्सव के आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग और संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में श्रीकृष्ण महारास महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह, दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास, प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद दुबे, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, सुरेन्द्र पाण्डेय एवं आकांक्षा सक्सेना ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर




किया। आभा मिश्रा ने गणेश वंदना पर भावात्मक नृत्य प्रस्तुत किया। अनिल प्रताप सिंह राठौर ने नवागत अतिथियों का स्वागत किया। लोकगीत एवं नृत्य में मानवी शर्मा, अनिमेष दुबे, अरिंदम मित्तल, गौरी मिश्रा, वैष्णवी रस्तोगी, आरती मिश्रा, मानसी मिश्रा, आध्या त्रिवेदी, अबीर अवस्थी और आराध्या ने बांस की बांसुरी कान्हा कहां से लो रे लोकगीत का सुंदर गायन किया। वहीं राधिका, आराध्या, तनीषा, पूर्वी और रुचिता ने आयो माखन चोर गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। गीता लोक व नाट्य मंचन में कृष्णा रस्तोगी, कुंज रस्तोगी, वरद रस्तोगी, प्रभांश दुबे, कृष्णा मिश्रा, प्रिंस बाजपेई, सुलभ मिश्रा और अंश बाजपेई ने गीता के लोकों का गायन और भावपूर्ण मंचन किया। आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति का लिया गया संकल्प




**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

भारतीय महाविद्यालय में रविवार को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश, समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। डॉ0 विजय कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे। समाज में व्यापक जन-जागरूकता उत्पन्न करते हुए नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया। प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

## बाइक चालक के खिलाफ पीड़ित ने दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर सिरौली निवासी गौरव पाठक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता श्याम कुमार पाठक 31 अगस्त को साइकिल से ग्राम सिरौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने जा रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे जैसे ही वे सिरौली चौराहे के पास पहुंचे, तभी नवाबगंज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल नंबर यूपी-76एबी/9586 के अज्ञात चालक ने उनकी साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में श्याम कुमार पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पहले फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# ग्यारहवीं शरीफ को ऐतिहासिक बनाने का लिया गया संकल्प

- गौस-ए-आजम के चाहने वालों की हुंकार

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।**

नगर के वजरिया वेगराज स्थित सराय वाली मस्जिद में अंजुमन खुद्दामे गौस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की सदारत कमेटी के सदर कद्दावर और हरदिल अजीज शख्सियत जनाब हाजी मोहम्मद अरशद कादरी उर्फ इरशाद कादरी ने की। ग्यारहवीं शरीफ की तैयारियों को लेकर ऐसा जोश देखने को मिला कि हर सदस्य ने इस बार के जुलूस को कायमगंज के इतिहास में सबसे बड़ा, सबसे शानदार और यादगार बनाने का संकल्प लिया। कमेटी ने साफकर दिया कि इस बार


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

ग्यारहवीं शरीफ का जुलूस सिर्फएक जुलूस नहीं, बल्कि अकीदत अमन और भाईचारे का सैलाब होगा। जुलूस के पूरे रूट को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। जलसे में बाहर से नामी उलेमा-ए-किराम तशरीफ लाएंगे और तकरीर करेंगे। साफ-सफाई और लंगर की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर कमेटी के स्तंभ हाजी जावेद हुसैन, खालिद, यासीन गौस खाँ, शकील सिद्दीकी, मोहम्मद आसिफ कादरी, सभासद असलम मंसूरी सहित जुनैद खाँ, सऊद खाँ, गुड्डू, इजहार, सलमान, आशू, नजम खाँ मौजूद रहे।

## मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में त्रिदिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ आज

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 14 सितम्बर सोमवार से त्रिदिवसीय गणेशोत्सव का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण शुभारंभ होने जा रहा है। तीन दिवसीय धार्मिक उत्सव को लेकर संस्थान परिसर में उत्साह एवं भक्ति का माहौल है। महोत्सव के प्रथम दिवस 14 सितम्बर को संस्थान परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि के बीच विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिमा स्थापना, वैदिक पूजन एवं महाआरती के साथ होगा। इस पावन अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ0 जितेन्द्र सिंह एवं डायरेक्टर डॉ0 अनीता रंजन ने सभी को शुभकामनायें दी है। प्रथम दिवस की आरती के उपरांत सभी के बीच विशेष मोदक एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**तीन दिनों तक गूंजेंगे भक्ति गीत, 16 को विसर्जन यात्रा**

संस्थान के मीडिया प्रभारी ने बताया कि 14 सितम्बर से 16 सितम्बर तक प्रतिदिन सुबह और शाम भगवान गणेश की विशेष आरती, भजन संध्या एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में कॉलेज के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, प्रशासनिक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे।

# गणपति बप्पा के स्वागत की तैयारियां पूरी, आज विराजेगे

- ढोल-नगाड़ों के साथ घर पधारे गजानन
- कमालगंज में दिखेगा सबसे भव्य उत्सव
- फतेहगढ़ मार्ग पर सजा मूर्तियों का विशाल बाजार
- 100 से लेकर 16,000 रुपये तक की प्रतिमाओं की भारी मांग
- दस दिनों तक भक्तिमय माहौल में डूबेगा जनपद

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**


गणेश प्रतिमा देखते भक्तगण

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर सोमवार को मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी पर्व के लिए जिले भर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दस दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान घरों और सार्वजनिक पंडालों में विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। रविवार को जिले में उत्सव का माहौल चरम पर रहा, जहां श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ बप्पा की प्रतिमाएं अपने घर और पंडालों में ले जाते नजर आए।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने गणेश सेवा समिति संग की बैठक

आगामी गणेश महोत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गईं। अपर पुलिस अधीक्षक एवं सीओ अमृतपुर की उपस्थिति में थाना कमालगंज क्षेत्रान्तर्गत गणेश सेवा समिति के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महोत्सव के भव्य आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। पूजा पंडालों और शोभायात्राओं के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए।

गणेश सेवा समिति के पदाधिकारियों से अपील की गई कि वे पुलिस प्रशासन के साथ निरंतर संवाद और समन्वय बनाए रखें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें। शोभायात्रा एवं विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए पूर्व निर्धारित मार्गों और नियमों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। महोत्सव को पारंपरिक उत्साह, शांति और भाईचारे के साथ मनाने पर विशेष बल दिया गया।

फतेहगढ़ मार्ग पर क्रिश्चियन कंपाउंड के पास गणेश मूर्तियों का विशाल बाजार सजा हुआ है। यहां राजस्थान, आगरा और फिरोजाबाद से आए मूर्तिकार कई दिन पहले ही डेरा डाल चुके थे। रविवार को बाजार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दुकानदारों के अनुसार बाजार में 1 फीट से लेकर 12 फीट तक की रंग-बिरंगी प्रतिमाएं उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 100 रुपये से लेकर 16,000 रुपये तक है। बड़ी मूर्तियों को आयोजकों ने एडवांस ऑर्डर देकर तैयार कराया है। रविवार शाम 4 बजे तक ढोल-नगाड़ों के साथ ई-रिक्शा, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइकों पर बप्पा की मूर्तियां ले जाने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

यूं तो फर्रुखाबाद जिले में सैकड़ों स्थानों पर गणेश जी की स्थापना की जाती है, लेकिन कमालगंज का गणेश उत्सव पूरे जनपद में विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। यहां जिले का सबसे विशाल कार्यक्रम आयोजित होता है।

शनिवार की शाम जब कमालगंज में भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा पहुंची, तो भक्तों का उत्साह देखने लायक था। 500 से अधिक श्रद्धालुओं की मौजूदगी में आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों के साथ प्रतिमा का भव्य स्वागत किया गया। भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत फलदायी माना जाता है।

# संगीत महासंग्राम के दूसरे ऑडिशन में प्रतिभाओं ने मचाया धमाल

- शौर्य डांस स्टूडियो में लगा हुनर का जमावड़ा
- कल्पना रावत ने टीवी शो में मौका देने का किया ऐलान

समृद्धि न्यूज, उन्नाव।



जिले के सबसे पुराने और बड़े टैलेंट हंट शो संगीत महासंग्राम के नौवें सीजन के दूसरे ऑडिशन का आयोजन शौर्य डांस एंड फिटनेस स्टूडियो में हुआ। मुख्य संरक्षिका निम्मी अरोड़ा, फाउंडर डॉ मनीष सेंगर, डायरेक्टर राहुल कश्यप, कोरियोग्राफर शौर्य शर्मा और निर्णायकों फिल्म व टीवी एक्ट्रेस डॉ कल्पना रावत व सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट दीपांजलि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन के साथ शुरुआत करायी। अनिका ने शिव स्तुति पर शिव जी के वेश में बड़ा सुंदर प्रदर्शन किया। हर गर्मी गीत पर बड़ी चुलबुली प्रस्तुति दिलप्रीत कौर की रही। शिवा नाथ ने रोबोटिक्स और बॉलीवुड स्टाइल में मिक्स डांस किया। क्रिष्टि वर्मा ने राम चाहे लीला पर धमाकेदार प्रस्तुति में खूब तालियां बजवाई। श्रीनिका तनेजा ने गोरे गोरे गालों पर, धानवी ने मईया यशोदा, संस्कार ने सेमी क्लासिकल, कोरस ने बॉलीवुड, श्रिया ने वेस्टर्न, अस्मिता गुप्ता ने वेस्टर्न, अध्यानवी गुप्ता ने सेमी क्लासिकल डांस प्रस्तुत देकर सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं गायन की प्रतिभागी ज्योती ने आप की नजरों ने समझा गाकर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। किड्स मॉडलिंग में 10 में से शाश्वत तनेजा, अध्यानवी, क्रिष्टि, अस्मिता और संस्कार ने अगले राउंड के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। क्वालीफाई करने वाले प्रतिभागियों को आयोजकों और निर्णायकों ने पास कार्ड देकर प्रोत्साहित किया। फिल्म व टी वी एक्ट्रेस डॉ कल्पना रावत ने फिनाले में होने वाले विजेताओं को अपने टी वी और फिल्म्स के प्रोजेक्ट मौका दिलाने की घोषणा की। दोनों निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों का सकारात्मक कमेंट्स देते हुए उत्साहवर्धन किया। दोनों निर्णायकों और ऑडिशन कन्वेनर शौर्य शर्मा को आयोजक संस्था इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स की ओर से सम्मानित किया गया।

## क्षेत्र में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

समृद्धि न्यूज, पुरवा। क्षेत्र में बिजली कटौती का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार देर शाम से रविवार देर शाम तक रोस्टिंग के नाम पर करीब 11 घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही। कस्बे के साथ ही मंगतखेड़ा, बाजीखेड़ा, चमियानी और बेहटा ग्रामीण फीडरों के उपभोक्ताओं को भी कटौती झेलनी पड़ी। इससे करीब दो लाख की आबादी प्रभावित हुई। ग्रामीण फीडरों में शनिवार शाम 7:35 से 8:35 बजे, रात 10:45 से 11:45 बजे और 11:20 से 12:20 बजे तक आपूर्ति बंद रही। रविवार सुबह पांच से आठ बजे और दोपहर एक से तीन बजे के बीच भी बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं पुरवा कस्बे में सुबह 6:30 से 8 बजे और दोपहर 12:15 से 1:15 बजे तक आपूर्ति बंद रही।

# बाढ़ प्रभावित 120 परिवारों को वितरित की राहत सामग्री

समृद्धि न्यूज, उन्नाव।



परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित बाढ़ राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर बाबा बलखंडेश्वर के दर्शन एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं कुशलता की कामना की।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने माला पहनाकर विधायक का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

> मेडिकल कैंप लगाकर कराया स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में वह बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। गंगा कटरी क्षेत्र के बाबू बंगला, चंडी बंगला एवं पनपथा के कुल 120 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। राहत सामग्री प्राप्त होने पर प्रभावित परिवारों ने आभार व्यक्त किया। वहीं, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रवासियों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहना और आवश्यकता के समय उन्हें हर संभव सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता और संकल्प है। प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## 3 साल की मासूम से दुष्कर्म की झूठी खबर से हड़कंप

- दिल्ली में बैठी थी बच्ची, गांव में दौड़ी पुलिस

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित उखड़ा गांव में 3 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की झूठी सूचना से पुलिस महकमे और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। डायल 112 और एसपी कार्यालय को मिली इस संवेदनशील सूचना पर पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर आ गया। आनन-फानन में थाना प्रभारी भारी पुलिस बल और 108 एम्बुलेंस के साथ गांव पहुंचे, लेकिन गहन जांच के बाद मामला पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत निकला। जानकारी के अनुसार उखड़ा गांव निवासी युवक ने डायल 112 और पुलिस कप्तान कार्यालय में फोन कर सूचना दी थी कि उसकी तीन साल की बेटी के साथ रिश्ते के चाचा ने रेप किया है। मामला गंभीर होने के कारण एसपी के पीआरओ की ओर से तुरंत नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पीआरवी 112 और 108 एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। गांव में अचानक भारी पुलिस बल देखकर ग्रामीण भी भौचक्के रह गए। जब पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू की, तो हैरान कर देने वाला सच सामने आया। ग्रामीणों और जांच से पता चला कि कॉलर अपनी 3 वर्षीय पुत्री के साथ वर्तमान में दिल्ली में रह रहा है और बच्ची भी उसके साथ दिल्ली में ही है। वहीं, जिस व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था, वह गांव में ही मौजूद था। बच्ची के दिल्ली में होने और घटना के पूरी तरह झूठ साबित होने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। मामले की पुष्टि करते हुए नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि कॉलर ने पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को झूठी सूचना देकर गुमराह और परेशान किया है।

# राजेपुर मैराथन प्रतियोगिता में सदर विधायक ने बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह

समृद्धि न्यूज, उन्नाव।



विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र में चौरा पुल से राजेपुर तक अतुल सिंह द्वारा आयोजित राजेपुर मैराथन प्रतियोगिता-2026' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों द्वारा विधायक का पटका व माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

मैराथन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सदर विधायक ने सभी प्रतिभागियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और खेलों के प्रति निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि युवाओं में खेल भावना, स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाली मैराथन प्रतियोगिताएं समाज के लिए बेहद उपयोगी हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अतुल सिंह एवं पूरी आयोजन समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## 11 स्थानों पर सजाए गए गणपति पंडाल

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व को लेकर नगर में तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। सोमवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाएं श्रद्धा और भक्ति के साथ स्थापित की जाएंगी। नगर में करीब 11 स्थानों पर गणपति पंडाल सजाए गए हैं। नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित गणेश महोत्सव समिति के तत्वावधान में गणेश जी का 33 वां भव्य आयोजन सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा। जिसमें सर्वप्रथम गणेश जी का पूजन अर्चन एवं दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से 6 दिन गणेश जी का गुणगान होगा। रात्रि में 8 से साढ़े 10 बजे तक कथा होगी। 20 सितंबर को विशाल गणेश शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

# डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में हुआ भव्य पद अलंकरण समारोह



समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।

डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, आई.टी.आई. रोड में पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चयनित कक्षा मॉनिटर्स, हेड बॉय, हेड गर्ल, कैप्टन एवं हाउस कैप्टन को विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार पटेल एवं प्रधानाचार्या सीमा बाजपेयी द्वारा बैज पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें उनके दायित्व सौंपे गए। निदेशक संजीव कुमार पटेल ने कहा, नेतृत्व किसी पद या अधिकार का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा का भाव है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी अपने आचरण और कार्यों से विद्यालय के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। प्रधानाचार्या सीमा बाजपेयी ने कहा, आज इन विद्यार्थियों को केवल पद नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।

## खबरें एक नजर में

### गणेश महोत्सव का भव्य आगाज, रंग-बिरंगी रोशनी, भव्य पंडालों से सजा नवाबगंज

नवाबगंज। नगर में आज से शुरू होने वाले श्री गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं और आयोजन समितियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए नगर में तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भगवान श्री गणेश की दिव्य प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए आकर्षक और विशाल पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। मंदिर परिसरों और पूजा पंडालों को रंग-बिरंगी झालरों, सुंदर रोशनी और आधुनिक सजावटी सामान से सजाया जा रहा है। महोत्सव की गूंज पूरे नगर में पहुंचाने के लिए प्रमुख मार्गों और चौराहों पर लाउडस्पीकर भी लगाए गए हैं। नगर के मुख्य बाजार मार्ग स्थित थाने के सामने हनुमान मंदिर, चिकन वाली गली स्थित कमल मंदिर, मुख्य चौराहे पर पंचवटी मंदिर और मंझना मार्ग पर ब्रह्मदेव के पास समेत कई प्रमुख स्थलों पर भव्य गणेश प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारी है। पंडालों को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कमेटी के सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। रविवार को महोत्सव समितियों के पदाधिकारियों ने विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमेटी अध्यक्ष संतोष गुप्ता और पिंटू राठौर ने बताया कि गणेश महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम नियम-निष्ठा के साथ भगवान गणेश की आरती की जाएगी।

### ई-रिक्शा व स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल

नवाबगंज। ई-रिक्शा और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इनमें स्कूटी सवार श्याम लाल और पन्ना लाल राठौर शामिल हैं, जो आलू बेचकर घर लौट रहे थे। शनिवार शाम करीब 7:30 बजे करनपुर-फर्रुखाबाद मार्ग पर पहाड़पुर गांव के पास हुई। स्कूटी सवार फर्रुखाबाद से आलू बेचकर वापस बीसलपुर गांव लौट रहे थे। सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उनकी स्कूटी टकरा गई। ई-रिक्शा करनपुर निवासी आकाश चला रहा था, वह भी घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर एंबुलेंस पहुंची और घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सीएचसी में फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। श्याम लाल और आकाश की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक दीपक कुमार त्रिवेदी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली।

### बंदर के डर से किशोर छत से गिरकर घायल

कायमगंज। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कुबेरपुर में रविवार शाम सुहेल खान के 14 वर्षीय पुत्र साहिल अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। उसी दौरान अचानक वहां बंदरों का झुंड आ गया और एक बंदर उसकी तरफदौड़ा। बंदर को देखकर साहिल घबरा गया और संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे लगे टीनशेड के ऊपर गिर गया। कांच टूटने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

### दबंगों ने पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा

नवाबगंज। थाना क्षेत्र के बबना गांव में सड़क पर पड़ी खाली बोतल हटाने जैसी मामूली सी बात को लेकर दबंगों ने पिता-पुत्र की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। पिता और पुत्र दोनों घायल हो गए हैं। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बबना निवासी रामसिंह का बेटा अर्जुन गांव के बाहर सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में कुछ खाली बोतलें पड़ी थीं, जिन्हें अर्जुन ने पैर से हटाकर एक तरफकर दिया। इसी बात से नाराज होकर गांव के ही एक युवक और उसके साथियों ने अर्जुन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अर्जुन ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। घटना के बाद अर्जुन ने घर पहुंचकर अपने पिता रामसिंह को पूरे मामले की जानकारी दी।

## बन्दरों के आतंक से क्षेत्रवासी भयभीत

समृद्धि न्यूज, असोहा। ब्लॉक क्षेत्र के पाठकपुर, सेमरी, गोसाई खेड़ा, केवनी, असोहा, कन्दरपुर, रैनापुर, पहाड़पुर, चन्दनखेड़ा, काथा सहित क्षेत्र के दो दर्जन गांवों में बन्दरो का आतंक जारी आज रविवार दोपहर 2 बजे पाठकपुर निवासी शिक्षक सुधीर रावत को बन्दर ने बुरी तरह काट लिया गाँव के समाजसेवी राजेश अग्निहोत्री, सुभाष रावत, मंगल प्रजापति, ने साथियों के साथ सुधीर रावत को असोहा सीएससी पहुँचाया।

जहाँ सुधीर रावत का इलाज कराकर घर लौटे तो घर पर देखने वालों की लगी भीड़ है प्रशासन से गाँव वालों की मांग है कि इन बन्दरो को पकड़वाकर गाँव के बाहर किया जाय कल थाना दिवस में गाँव वालों ने शिकायती पत्र दिया था।

# जिला सहकारी बैंक की शाखा के नवीन भवन का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।





उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बांगरमऊ नगर में जिला सहकारी बैंक की शाखा के नवीन भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया। तत्पश्चात उन्होंने एक जनसभा में सहकारिता क्षेत्र की योजनाओं और किसानों के लिए बैंकिंग सुविधाओं को विस्तार देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और इनके माध्यम से किसानों को बेहतर बैंकिंग एवं ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उक्त सभा को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सहकारिता केवल सरकारी योजनाओं का माध्यम नहीं, बल्कि गांव, किसान,युवा और आम आदमी को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रभावी रास्ता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सहकारिता व्यवस्था ऐसे लोगों के हाथों में चली गई थी, जिनका उद्देश्य केवल व्यवस्था का दोहन करना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री व सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता को पारदर्शी, जवाबदेह और आधुनिक स्वरूप देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सामने बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती है और इसका स्थायी समाधान सहकारिता के विस्तार में छिपा है। जब गांव- गांव सहकारी समितियां मजबूत होंगी, युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे तथा किसानों को उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के बाद इस क्षेत्र को नई दिशा और नए आयाम दिए हैं।

# गुगौली में चोरों का तांडव, 30 खंभों से लाखों के बिजली के तार किये पार, 3 पोल तोड़े

समृद्धि न्यूज, चौडगरा, फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौडगरा स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बिन्दकी रोड द्वितीय से जुड़ी लाइनों पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये के बिजली के तार चोरी कर लिए। चोरों ने रात के अंधेरे में करीब 30 पोलों से 33 केवी और 11 केवी लाइन के लगभग 6 किलोमीटर लंबे तार काटकर पार कर दिए, जिससे विद्युत विभाग को भारी चपत लगी है। अवर अभियंता सुंदरम यादव द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 132 केवी पारेषण उपकेंद्र मलवां से आई 33 केवी लाइन रेलवे ट्रैक के पास केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण ब्रेकडाउन में बंद पड़ी थी। इसी के समानांतर ग्राम गुगौली के बाहर ग्रामीण फीडर के लिए 11 केवी की नई लाइन का निर्माण कार्य चल रहा था। रविवार सुबह लाइनमैन रामबाबू और राम कुमार ने दूरभाष पर घटना की जानकारी दी। चोरों ने महरहा-बिन्दकी मार्ग से गुगौली जाने वाले रास्ते पर 33 केवी लाइन 13 पोलों से 960 मीटर (कुल लगभग 2800 मीटर) डॉग कंडक्टर तार चोरी किया और 3 पोलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। 11 केवी निर्माणाधीन लाइन 17 पोलों से करीब 1 किलोमीटर लगभग 3300 मीटर वीजल तार काटकर उड़ा दिया। मामले में अवर अभियंता ने कल्याणपुर थाना में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज करने और सामग्री बरामदगी की मांग की है। थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर जांच कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# कारोबारी की हत्या के बाद परिजनों से मिले विधायक अमिताभ बाजपेई



समृद्धि न्यूज, कानपुर।

आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई ने काकादेव स्थित मृतक व्यापारी अमित कुमार गुप्ता के आवास पर पहुँचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी मृतक के घर पर मातम छाया है। जघन्य अपराधियों ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि पांडुनगर चौकी से मात्र 300 मीटर दूर बीच सड़क पर एक कारोबारी को 30 मिनट तक पीटा जाता रहा और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इससे भी ज्यादा शर्म की बात यह है कि "जघन्य अपराधी वारदात के बाद बेखौफ होकर वीडियो जारी कर रहे हैं, उन्हें पुलिस का कोई डर नहीं है। ऐसा लगता है जैसे पुलिस का उन पर हाथ है।यह घटना बताती है कि कानपुर में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। विधायक ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए मांग की कि सभी जघन्य अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। ने घर का सहारा छीन लिया है। मृतक के छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों ने बताया कि घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस का कोई बड़ा अधिकारी जांच करने या सांत्वना देने तक उनके घर नहीं पहुंचा है, जिससे परिवार में भारी आक्रोश है।विधायक

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण

समृद्धि न्यूज, कानपुर।



राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन त्रिलोक त्यागी व प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह तथा कार्यकारी अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने लखनऊ से कानपुर देहात जाते हुए रास्ते में रामादेवी चौराहे पर किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया त्यागी जी ने प्रेस से वार्ता करते हुए कहा कि बागपत से बलिया तक सोनभद्र से सहारनपुर तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के जहां-जहां प्रत्याशी लड़ेंगे वहां वहां तन मन धन से पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर उसे जीतने का काम करेंगे चौधरी जयंत सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल ने पूरे प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को निर्देशित दिया है कि जो जो कार्यकर्ता जिलों में लाभार्थियों से मिलकर और महिलाओं के बीच में जाकर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में वृहद रूप से बताएं त्यागी जी ने एनडीए गठबंधन ही ऐसा गठबंधन है पूरे प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा एनडीए गठबंधन आर्थिक विकास बुनियादी ढांचा सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं के लिए जाना जाता है राष्ट्रवाद और सुरक्षा इसका मुख्य उद्देश्य है।

गठबंधन और समन्वय किसानों का हित सर्वोपरि है कानपुर में घाटमपुर में चीनी मिल के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री सुरेश गुप्ता को कहा गया है कि उक्त चीनी मिल की रिपोर्ट बनाकर अविलंब दिल्ली भेजें जिससे कि इसके संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से बात कर इसको सुचारू से प्रारंभ करने का काम किया जाए प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर राज सिंह ने कहा कि गांधीवाद चौधरी चरण सिंह के दर्शन पर काम करना होगा।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का हुआ संगठन विस्तार

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम का आयोजन हीरालाज कलेक्टरगंज में सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने सर्व सम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारी मनोनीत किए गए। सभी पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर द्वारा माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर स्वागत किया। मनोनीत पदाधिकारी क्रमशः अमित सिंह परिहार जिलाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), राकेश सिंह भदौरिया (जिला उपाध्यक्ष), महेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, मयंक सिंह जिला उपाध्यक्ष, डॉ० सत्यम सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ), सचिन सिंह गौतम जिला उपाध्यक्षः (चिकित्सा प्रकोष्ठ), राकेश सिंह गौतम जिला उपाध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ),आदर्श सिंह जिला मंत्री(युवा प्रकोष्ठ), प्रेम बहादुर सिंह तहसील अध्यक्ष (सदर), अविनाश प्रताप सिंह नगर उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए, कहा कि संगठन की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ मिल जुलकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। गरीब, असहाय लोगों की मदद की जाएगी। प्रत्येक रविवार को लगातार नगर, जिला, एवं ब्लॉकों के कार्यकारिणी विस्तार का कार्यक्रम चलता रहेगा। इसमें सभी पदाधिकारी आज से ही लोगों को संगठन से जोड़ने का काम शुरू होगा। संगठन का लक्ष्य है एक लाख सदस्य बनाने का है उसे बहुत जल्द पूरा किया जाएगा।

# अगस्त की बारिश ने भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी : अर्पित त्रिवेदी

समृद्धि न्यूज, कानपुर।



समाजवादी युवजन सभा, कानपुर महानगर द्वारा नवीन मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी ने की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे,साथ ही विकास वर्मा को नगर उपाध्यक्ष,मोहम्मद अली को नगर सचिव,ओम गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य,राहुल यादव को किदवई नगर विधानसभा उपाध्यक्ष और आदित्य सिंह,पारस प्रजापति को किदवई नगर विधानसभा सचिव मनोनीत किया गया।अर्पित त्रिवेदी ने घोषणा की कि समाजवादी युवजन सभा जल्द ही 'वोट बढ़ाओ कैंपेन' शुरू करेगी, जिसके माध्यम से युवाओं और नए मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने तथा मतदाता सूची में पात्र युवाओं के नाम जुड़वाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए अर्पित त्रिवेदी ने कहा कि अगस्त महीने की बारिश ने भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और विकास के दावों की पोल खोलकर रख दी है। शहर की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और ऐसा लग रहा है जैसे सड़कों पर भ्रष्टाचार का फव्वारा फूट पड़ा हो।अर्पित त्रिवेदी ने कहा कि कानपुर दक्षिण में बना 100 बेड का अस्पताल, नौबस्ता अभी तक जनता को समर्पित नहीं हो पाया है। वहीं नौबस्ता से घंटाघर तक प्रस्तावित मेट्रो भी अभी तक शुरू नहीं हो सकी है।

आज कानपुर दक्षिण की सबसे बड़ी समस्याओं में ट्रैफिक जाम प्रमुख है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता सड़क, स्वास्थ्य, रोजगार और यातायात जैसी मूलभूत समस्याओं से परेशान है।बैठक में विनोद यादव,रामा यादव,अनुराग पांडेय, अभिजीत गुप्ता,केशव यादव, अजय प्रजापति, बृजेश कुमार, विकास वर्मा, मोहम्मद अली, मुकेश गुप्ता, संगीता देवी, रोहित दीक्षित, धीरू पटेल, पवन कनौजिया, मनीष यादव, आदित्य सिंह,जय कुमार, सुकांत शर्मा, प्रीतम बख्शी, राहुल यादव,पारस प्रजापति, हर्ष मिश्रा, संदीप पांडेय ,सिद्धार्थ यादव,आलोक सिंह, ओम गुप्ता, रोहित निगम, शैलेन्द्र यादव,सनी सागर, आशीष तिवारी,रोहित राजपूत, अरविंद, संदीप निषाद,फिरोज अली, दिलीप मिश्रा,र घवेंद्र सिंह यादव, अशोक कुमार, पंकज कुमार,जितेंद्र कुमार आदि रहे।

# वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति: केशव

- उप मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में दीप प्रज्वलन कर किया शुभारम्भ

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने अपने भ्रमण के दौरान विन्ध्याचल स्थित होटल विन्ध्य रेजीडेंसी में आयोजित त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वैदिक सम्मेलन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में प्रख्यात विद्वानों, संतों, वैदिक परम्परा से जुड़े विद्वतजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजक पंडित अगस्त्य द्विवेदी ने उप मुख्यमंत्री सहित विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर सरोज, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केसरी व अन्य विद्वतजनों को मां विन्ध्यवासिनी देवी का चित्र व अंग वस्त्रम भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं है अपितु यह जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति भी है। आज के युवा पीढ़ी को अपनी सनातन जड़ों से जोड़ने के लिए इस प्रकार के वैदिक सम्मेलनों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय





संस्कृति का ही ज्ञान आज पूरे विश्व में दर्शन करा रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के संयोजक पंडित अगस्त्य द्विवेदी जी ने प्रयागराज के वेद विद्यालय से, महर्षि भारद्वाज वेद विद्यालय से शिक्षा दीक्षा प्राप्त की है। आज यहां पर इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजन हो रहा है और यह तीन दिन तक कार्यक्रम चलेगा। मैंने कहा कि 3 दिन तक रहना मुश्किल होगा लेकिन पहले दिन उद्घाटन के तौर पर मैं उपस्थित रहूंगा। विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य, विद्यालय बटुकों सभी का अभिवादन किया। आज मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बाल स्वयंसेवक, संघ की शाखा में गीत की दो लाइन मैं आप सबके सामने कहूंगा - वेदों का यह देश हमारा, सुंदर स्वर्ग समान है, इसकी नदियों में अमृत है, कण-कण में भगवान है। गंगा के पावन तट पर जैसा कि बताया जाता है कि यह विश्व का केंद्र बिंदु है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर विरुपाक्ष वि. जड्डीपाल जो सचिव के रूप में देश भर के अलग-अलग स्थानों पर वेद विद्यालय चला रहे हैं, उन्हें बढ़ाने की चिंता करने में बहुत बड़े उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हैं। विन्ध्याचल मां की धरती में उनका स्वागत अभिनंदन करता हूं। कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन लोगों का अभिवादन किया।

## प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने जनपद के भ्रमण के दौरान मां विन्ध्यवासिनी देवी का किया दर्शन पूजन

**मिर्जापुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने पुलिस लाइन पहुंचे। हेलीपैड पहुंचने के पश्चात कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले श्री आशीष पटेल, उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिला अध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर सरोज, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, विधायक चुनार अनुराग सिंह, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केसरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह एवं भाजपा नेता उत्तम कुमार मौर्य, गौरव उमर, नितिन विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारीगण के द्वारा उप मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। उप मुख्यमंत्री ने हेलीपैड से सड़क मार्ग से सीधे विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन किया। विधायक नगर रत्नाकर मिश्र व पुरोहित धीरज मिश्र ने उप मुख्यमंत्री जी को विधि विधान के साथ दर्शन पूजन कराया। दर्शनोपरान्त नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह ने उप मुख्यमंत्री जी को देवी चित्र व चुनरी भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया।

## खेत में खाद छींटते समय सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी 67 वर्षीय सुरेश पांडेय पुत्र स्व. रामदर्शन पांडेय की सर्पदंश से शनिवार की देर शाम मौत हो गई।मृतक के पुत्र पीयूष पांडेय ने थाना हलिया में दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार को समय लगभग 1 बजे दोपहर उसके पिता घर के सामने धान के खेत में खाद छींट रहे थे, तभी अचानक सांप ने उनके पैर में काट लिया।सांप काटने पर परिजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर विवेक खरे ने जिला मंडलीय चिकित्सालय मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ही पिता की मौत हो गई।मंडलीय चिकित्सालय पहुंचने पर डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।रविवार को पुत्र ने थाने में सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने व सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर ज़ोर

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर की जिला पदाधिकारियों की मासिक संगठनात्मक बैठक रविवार को कुशीनगर के एक होटल में हुई। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन का पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन ने कहा कि संगठन भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम,



अनुशासन और समर्पण से पार्टी जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत व सक्रिय बनाने पर जोर दिया। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ को मजबूत करने के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने मण्डल में पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं की सहभागिता बढ़ाने तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने की रणनीति पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ करने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ प्रेमचंद मिश्र, लल्लन मिश्र, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने भी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत और सक्रिय बनाने पर अपने विचार साझा किए। संचालन जिला महामंत्री रामगोपाल गुप्ता ने किया।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले में 231 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हलिया, मतवार व मुड़पेली, बरौधा, ड्रमण्डगंज स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को'मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला' का आयोजन किया गया। इलाज के बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने मरीजों को आवश्यक सलाह दी।मेले में तैनात चिकित्सकों की टीम ने मौसमी बीमारियां, त्वचा रोग, पेट दर्द, बुखार, रक्तचाप व शुगर से पीड़ित मरीजों की जांच कर उपचार किया। वहीं केंद्र पर मौजूद लैब कर्मियों द्वारा शुगर, हीमोग्लोबिन व मलेरिया की जांच की गई हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. विवेक खरे ने 51 मरीजों का उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाएं दीं। मतवार स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. कामेश्वर तिवारी ने 43मरीजों का इलाज किया गया। इसी प्रकार मुड़पेली में 41 , बरौधा में डॉक्टर शालिनी सिंह ने 47 ड्रमण्डगंज में बालकृष्ण मिश्रा ने 49मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं।साथ ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 231मरीजों का इलाज किया गया व दवाएं दी गयी है। लोगों से बरसात में सुद्ध पानी उबाल कर पीने की सलाह दी।

# रास्ते की मांग को लेकर राजगढ़ क्षेत्र के दुबेपुर गांव में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मिर्जापुर)।**

विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के दुबेपुर गांव में रास्ते की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी गांव में आवागमन के लिए समुचित रास्ते की सुविधा नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव को दूसरे गांवों से जोड़ने के लिए रास्ता तो प्रस्तावित है, लेकिन मीरजापुर-सोनभद्र हाईवे से सटा होने के बावजूद दुबेपुर गांव विकास की मुख्यधारा से कई कोस दूर नजर आता है। रास्ते की बदहाल स्थिति के कारण स्कूली बच्चों समेत ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है



कि समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। राजगढ़ क्षेत्र में धरना दे रहे गांव के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर सामने आई जब रास्ते से गुजरते समय केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने गाड़ी को रुकवाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और मौके पर जाकर रास्ता न होने पर समस्या को दिखा ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर अपनी परेशानी उनके सामने रखी अनुप्रिया पटेल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अंदर पास का निर्माण कराया जाएगा इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस की और ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब वर्षों से चली आ रही रास्ते की समस्या का समाधान होगा और आवागमन सुगम होगा ।

# आगामी त्योहारों को लेकर नौतनवा थाने में पीस कमेटी की बैठक

- सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट से बचने की हिदायत
- अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की रहेगी नजर

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को थाना नौतनवा परिसर में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नौतनवा बसंत सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं डिजिटल वॉलिंटियर्स ने भाग लेकर आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर चर्चा की। बैठक में क्षेत्राधिकारी नौतनवा ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहारों को मनाएं। उन्होंने सभी समुदायों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। क्षेत्राधिकारी ने सोशल मीडिया को लेकर भी लोगों को सतर्क किया। उन्होंने भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा समाज में तनाव पैदा करने वाली पोस्ट को शेयर या प्रसारित न करने की सख्त हिदायत दी। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा आपत्तिजनक सामग्री सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की कि त्योहारों के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।बैठक के अंत में उपस्थित संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं डिजिटल वॉलिंटियर्स ने पुलिस-प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने का आश्वासन दिया।

## सड़क पर बढ़ते कटान से आवागमन ठप होने का खतरा बढ़ा



**महाराजगंज।** विकासखंड सदर के ग्राम पंचायत दुबौली सीमा अंतर्गत दुबौली राजवाहा नहर पटरी पर बनी पिच सड़क का कटान जारी है। कटान स्थल पर अनजान वाहन चालकों का गिरकर घायल होना जारी है। वही बढ़ते कटान से बाहनों का गमनागमन ठप होने की स्थिति बढ़ती जा रही है। क्षेत्र वासियों के अनुसार सड़क की कटान को नियंत्रित नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।और कटान बढने से क्षेत्र वासियों का उसे मार्ग से बाहन से आना-जाना ठप पड़ सकता है।उल्लेखनीय है कि दुबौली रजवाहा नहर पटरी पर बने पिच का बरसाती पानी से कटान खतरनाक बन गया है।स्थानीय जनों के अनुसार सिल्ट की बनी पटरी बरसात के पानी से बह गई है और सड़क तेजी से कटती जा रही है। दूर दराज के अनजान यात्री दो पहिया वाहन लेकर कटान स्थल पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। और विभागीय जिम्मेदारो द्वारा कटान की कोई सुधि नहीं ली जा रही है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। यात्रियों के अनुसार सडक का कटान इसी तरह बढ़ता रहा तो चार पहिया वाहनों का आवागमन कुछ दिनों में ठप हो जाएगा।

# पांच साल बाद जिंदा मिली इशरावती

- गलत शिनाख्त से हुआ था अंतिम संस्कार, पुलिस ने किया मामले का खुलासा

**महराजगंज।** सोशल मीडिया पर वायरल खबर जिस महिला को मृत मानकर कराया गया था अंतिम संस्कार, वही 5 साल बाद जिंदा लौटी का संज्ञान लेते हुए महराजगंज पुलिस ने पूरे मामले की जांच की। जांच में सामने आया कि वर्ष 2021 में बरामद अज्ञात महिला के शव की परिजनों ने कपड़े, हुलिए और चप्पलों के आधार पर इशरावती के रूप में पहचान कर ली थी। पोस्टमार्टम में महिला की मौत का कारण सेप्टीसीमिया/शॉक बताया गया था और शव करीब पांच से सात दिन पुराना बताया गया था। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। पुलिस के अनुसार, इशरावती मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और अक्सर भटकती रहती थीं। वर्ष 2021 में वह अपने परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई थीं। उनकी गुमशुदगी की कोई लिखित सूचना थाने में दर्ज नहीं कराई गई थी। दूसरी ओर, पुलिस को लबदहा गांव के खेत में करीब 42 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला था। पहचान के लिए पुलिस ने समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया था, जिसके बाद परिजनों ने शव की पहचान इशरावती के रूप में की थी।पांच साल बाद रक्षाबंधन पर पूरा मामला खुला है । मानसिक रूप से अस्वस्थ इशरावती भटकते हुए कोलकाता पहुंच गई थीं, जहां एक सामाजिक संस्था ने उन्हें आश्रय दिया। 28 अगस्त 2026 को संस्था की टीम उन्हें सुरक्षित उनके पैतृक गांव बरगदही लेकर पहुंची और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि वर्ष 2021 में बरामद शव अत्यधिक पुराना होने के कारण गलत पहचान का शिकार हुआ था। पंचायतनामा, पोस्टमार्टम, प्रचार-प्रसार और शव सुपुर्दगी की कार्रवाई तत्कालीन समय में नियमानुसार की गई थी तथा जांच में किसी आपराधिक कृत्य, रंजिश या साजिश के साक्ष्य नहीं मिले थे। वर्तमान में इशरावती सकुशल अपने परिजनों के साथ रह रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### अवैध नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार



**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ठूठीबारी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से झोले में रखी 25 शीशी (प्रत्येक 300एमएल, कुल 7.5 लीटर) किस-किस सौंफ ब्रांड की अवैध नेपाली शराब बरामद की गई है। इस संबंध में थाना ठूठीबारी पर धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ मेंगिरफ्तार अभियुक्त का नाम राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व. रामवृक्ष, निवासी पिपरा, थाना ठूठीबारी, जनपद महाराजगंज ज्ञात हुआ है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि बब्बन प्रसाद वर्मा, कां. राहुल यादव व अवनीश यादव शामिल रहे।

## पीड़ित के घर पहुंच नगर पालिका अध्यक्ष ने उपलब्ध करायी खाद्य सामग्री

**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना नगर पालिका क्षेत्र के परसौनी कला हरिजन बस्ती में एक परिवार के घर में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाते समय अचानक लगी भीषण आग में घर में रखा लगभग पूरा सामान जलकर राख हो गया। परिवार के सामने रहने, खाने, पहनने और छोटे बच्चों के पालन-पोषण तक का गंभीर संकट खड़ा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल ने मौके पर पहुंच पीड़ित परिवार का हालचाल जाना और ढांढस बंधाया। परिवार की स्थिति को देखते हुए राहत सामग्री में राशन, आटा, चावल, दाल, तेल, साबुन, गैस सिलेंडर, चूल्हा, चौकी, गद्दा, तकिया, रजाई, तिरपाल, कपड़े तथा छोटे बच्चों के लिए आवश्यक वस्तुओं सहित घर की दैनिक जरूरत की लगभग सभी आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कराई। मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि परिवार को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए वो हर प्रकार की मदद करने को तैयार हैं। साथ ही परिवार को भरोसा दिलाया कि उनके पुनर्वास और स्थायी सहायता के लिए भी हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवास की व्यवस्था हेतु बात करने का आश्वासन दिया और कहा कि पात्रता के अनुसार जल्द से जल्द परिवार को आवास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि भविष्य में यदि परिवार को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे हर समय उनके साथ खड़े रहेंगे।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना सोहगीबरवा क्षेत्र के शिकारपुर में और थाना कोठीभार के बड़हरा महंत में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मिशन शक्ति टीम के सदस्य कांस्टेबल दिनेश प्रजापति एवं महिला कांस्टेबल रूपाली पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 18 महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया। वही बडहरा महंथ में महिला उप



निरीक्षक नेहा कुमारी और महिला कांस्टेबल प्रियंका शाह ने लगभग 35 महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। और महिला संबंधी अपराधों (जैसे छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या, बलात्कार आदि) से निपटने और आवाज उठाने के बारे में जानकारी दी गई। आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमन पावर लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) तथा साइबर हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सहित महिलाओं व बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।साथ ही अल्पवयस्क बालिकाओं के घर से जाने/भागने (एलोपमेंट) से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, समस्याओं और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उनमें सुरक्षा, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की भावना जागी है तथा पुलिस व अन्य विभागों के समक्ष अपनी बात खुलकर रखने का आत्मविश्वास मिला है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख 24 हजार 842 मामले निस्तारित

**गाजीपुर।** जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश जे.पी. यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर मामलो का निस्तारण किया जाता है। जब मन में किसी प्रकार का कोई विद्वेष न रह जाये तभी सुलह समझौता संभव है। लोक अदालत से जहाँ एक ओर समय की बचत होती है, वहीं लम्बे समय से लम्बित मामलों के त्वरित निस्तारण का यह अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत शक्ति सिंह अपर जिला जज द्वारा लोक अदालत के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे छोटे प्रकरण जिसमें अनावश्यक रुप से मुकदमेबाजी के कारण पक्षकारों के मध्य वैमनस्यता विद्यमान रहती है, को समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में लोक अदालत द्वारा अपनी सक्रिय भूमिका निभायी जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत में वृद्धा, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन हेतु एक शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर बिजली बिल, गृहकर एवं जल कर सहित अन्य सामाजिक योजनाओं से सम्बंधित पाण्डाल भी लगाये गये। वहीं जनपद न्यायाधीश द्वारा दिव्यांगजनों को व्हील चेयर/बैसाखी आदि का भी वितरण किया गया। नीरज गोंड, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 01 लाख 24 हजार 842 मामले निस्तारित कये गये। बैंक द्वारा कुल 7 करोड़ 20 लाख 92 हजार 801 रुपये के एन.पी.ए. मामले निस्तारित किये गये।

## वॉकिंग पर निकली देवरानी-जेठानी की वाहन की चपेट में आने से मौत

**गाजीपुर।** सैदपुर कोतवाली क्षेत्र के इस्माईलपुर कोटिशा गांव में रविवार सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से टहलने निकली दो महिलाओं की मौत हो गई। ये दोनों रिश्ते में देवरानी-जेठानी थीं। इस हादसे से परिवार में दुख का माहौल है। गांव निवासी खुशबू कश्यप (35) पत्नी प्रमोद कश्यप अपनी जेठानी कीर्ति कश्यप (40) पत्नी विनोद कश्यप के साथ रविवार सुबह करीब चार बजे रोज की तरह टहलने निकली थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# पाक्सो एक्ट के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भांवरकोल/गाजीपुर।** पुलिस ने सलारपुर चट्टी के पास से पाक्सो एक्ट के आरोपित बलिया जनपद के नरहीं थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी सुधीर राजभर को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने सुधीर राजभर के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना



की पुष्टि होने के बाद मच्छटी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक श्याम सिंह पुलिस टीम के साथ सलारपुर चट्टी पहुंचे। वहां घेराबंदी कर आरोपित सुधीर राजभर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,21,108 वादों का निस्तारण, 9.63 करोड़ की टोकन मनी वसूली

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

- 28 मोटर दुर्घटना वादों में 1.56 करोड़ का मुआवजा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायमूर्ति, जजशिप कुशीनगर जितेन्द्र कुमार सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता सिन्हा तथा जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार त्यागी एवं उनकी धर्मपत्नी शालिनी त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों एवं विभागों द्वारा आपसी सुलह-समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत के अंतर्गत 09, 10 एवं 11 सितंबर को 155 लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया, जबकि 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,20,953 वादों का निस्तारण हुआ। इस प्रकार कुल 1,21,108 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी के कुल 7,057 वादों का निस्तारण करते हुए जुर्माने के रूप में 1,18,235 रुपये की धनराशि वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराई गई। मोटर दुर्घटना से संबंधित 28 क्लेम वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को कुल 1.56 करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाया गया। पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 102 वादों का निस्तारण किया गया। बैंकों द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक ऋण से संबंधित 2,048 वादों का निस्तारण किया गया।